आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 02:28 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 12 जून 2025
वर्ष 6, अंक 202, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार


www.amritvichar.com



न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर 12

स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है भारतीय संविधान 14

## हर-हर महादेव...



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा कर वार्षिक यात्रा की औपचारिक शुरुआत की, गुफा में मौजूद बाबा बर्फानी के 3 जुलाई से लोग दर्शन कर सकेंगे। (खबर पेज-12) ● एजेंसी

## 15 से बंद हो जाएंगे दुधवा और पीटीआर

**पीलीभीत/लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क 15 जून से सैलानियों के लिए बंद हो जाएंगे। टाइगर रिजर्व प्रशासन को आदेश भी प्राप्त हो गया है। हालांकि पिछला पर्यटन सत्र 25 जून तक चला था।

इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र बंद होने में तीन दिन बचे हैं। अंतिम दिनों में सैलानियों की भारी भीड़ यहां पहुंच रही है। सैलानियों की बढ़ती संख्या के आगे सफारी वाहन भी कम पड़ते नजर आ रहे हैं। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 15 जून को पर्यटन सत्र बंद कर दिया जाएगा।

# ये पड़ोसियों में संघर्ष नहीं, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई

- भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव पर बोले विदेश मंत्री जयशंकर
- बोले-आतंकवाद सिर्फ दो देशों का मुद्दा नहीं, इससे पश्चिम भी परेशान होगा

ब्रसेल्स, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव महज दो पड़ोसियों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी जो अंततः पश्चिमी देशों को भी परेशान करेगा।

जयशंकर ने बुधवार को यूरोपीय समाचार वेबसाइट 'यूरैक्टिव' के साथ एक साक्षात्कार में यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार की भी वकालत की तथा इस बात पर बल दिया कि 1.4 अरब की आबादी वाला भारत, चीन की तुलना में कुशल श्रम और अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है।



यूरोपीय व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस के साथ विदेश मंत्री जयशंकर। ● एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के लगभग एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने कहा कि मैं आपको एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन नाम का एक आदमी था। वह पाकिस्तान के एक सैन्य छावनी वाले शहर में वर्षों तक सुरक्षित क्यों महसूस करता था? वह भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए चार दिवसीय संघर्ष पर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' को परमाणु हथियार वाले दो पड़ोसियों के बीच प्रतिशोध के रूप में पेश करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि दुनिया समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद के बारे में है, और यही आतंकवाद अंततः आपको (पश्चिमी देशों) परेशान करेगा। जब उनसे पूछा गया कि रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में भारत शामिल क्यों नहीं हुआ, तो जयशंकर ने कहा कि मतभेदों को युद्ध के जरिए नहीं सुलझाया जा सकता। उन्होंने कहा कि हम नहीं मानते कि मतभेदों को युद्ध के जरिए सुलझाया जा सकता है, हम नहीं मानते कि युद्ध के मैदान से कोई समाधान निकलेगा।

### पश्चिमी देश करें विचार

जयशंकर ने कहा कि भारत की सबसे पुरानी शिकायत है कि स्वतंत्रता के कुछ ही महीनों बाद हमारी सीमाओं का उल्लंघन किया गया, जब पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठियों को भेजा। और कौन से देश इसका सबसे अधिक समर्थन करते थे? पश्चिमी देश। कहा कि यदि वही देश – जो उस समय टालमटोल कर रहे थे या चुप थे – अब कहते हैं कि आइए अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों के बारे में सार्थक चर्चा करें, तो मुझे लगता है कि उनसे अपने अतीत पर विचार करने के लिए कहना उचित है।

# भीषण गर्मी में गहराया बिजली संकट


## स्थानीय खराबियों के कारण घंटों के लिए ठप हो रही बिजली की आपूर्ति | ऊर्जा मंत्री के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे बिजली अभियंता-कर्मचारी

- प्रदेश में बिजली की मांग बढ़कर पहुंची 31,218 मेगावाट पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। स्थानीय खराबियों के कारण घंटों के लिए बिजली आपूर्ति ठप हो रही है। ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बाद समय पर बिजली व्यवधान दूर नहीं किए जा रहे हैं। हाल यह है कि ऊर्जा निगमों की उपभोक्ता शिकायत सेवा 1912 भी कारगर साबित नहीं हो रही है। प्रदेश में आज अधिकतम बिजली मांग 31,218 मेगावाट दर्ज की गई। भीषण गर्मी में राजधानी समेत प्रदेश भर में लोग परेशान रहे।

बुधवार को भीषण गर्मी का कहर जारी रहा। आगरा में सबसे ज्यादा तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लखनऊ का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में लगातार बढ़ी रही बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से अतिरिक्त बिजली आयात की जा रही है। मांग के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, पर सिस्टम पर ज्यादा लोड पड़ने के कारण बिजली लाइनों में खराबियां आ रही हैं। ट्रांसफार्मर भी फुंक रहे हैं। तकनीकी खराबियों के कारण बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद दोबारा बहाल करने में घंटो लग रहे हैं। रात में राजधानी समेत प्रदेश के खासे इलाके अंधेरे में डूब जा रहे हैं। समय पर बिजली आपूर्ति चालू न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पिछले दिनों उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों को प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने व खराबियों को समय पर दूर करने के निर्देश दिये, साथ ही, 1912 उपभोक्ता सेवा पर शिकायतें प्राथमिकता से दर्ज करने व इसका निस्तारण के निर्देश दिये, इसके बाद भी शिकायतें समय पर निस्तारित नहीं की जा रही हैं। 1912 उपभोक्ता सेवा पर लगातार व्यस्त टोन सुनाई पड़ रही है।



### ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति का बुरा हाल

राजधानी समेत पूरे प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। केबिल फाल्ट समेत अन्य खराबियों के कारण बिजली घंटों के लिए ठप हो रही है। लखनऊ में नादरगंज क्षेत्र में बीते दिन अपरान्ह चार बजे गुल हुई बिजली बुधवार की सुबह सवा सात बजे चालू हो सकी। इसी तरह, बंथरा इलाके में तकनीकी खराबी से 13 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही है। इसी तरह, सरोजनीनगर समेत आस-पास के इलाके बिजली संकट की चपेट में बने रहे। यही हाल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी रहा।

### बरेली में भीषण कटौती

**बरेली।** बरेली में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के साथ ही बिजली संकट गहरा गया है। शहर के कई क्षेत्रों में 12 से 15 घंटे तक कटौती से हाहाकार मचा है। शहर के जसोली, कुंवरपुर, मलूकपुर नाला में मंगलवार की रात 10 बजे तारों में आग लगने के बाद आपूर्ति बाधित हो गई। बुधवार को दिन में 11 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हुई। नवादा शेखान में ट्रांसफार्मर में खराबी से मंगलवार को पूरी रात संकट रहा। पवन विहार, कृष्णानगर फेस टू कॉलोनी, ग्रीन पार्क आदि जगह पर भी आधी रात से संकट रहा। काबेरी कॉलोनी में तीन दिन में मुश्किल से 30 घंटे बिजली मिली।

### लू की चपेट में आकर चार की मृत्यु

**लखनऊ।** प्रदेश में 45 .4 डिग्री सेल्सियस के साथ आगरा सबसे गर्म रहा, जबकि 25 जिलों में तापमान 40 से 45 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। इस बीच लू की चपेट में आकर बांदा में दो जबकि अलीगढ़ और हाथरस में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। वहीं, झांसी में दिन में उमस भरी गर्मी के बाद कई इलाकों में रिमझिम बारिश हुई।

### 20-28 डिग्री के बीच रहेगा एसी का तापमान

**नई दिल्ली।** देश में ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए एयर कंडीशनर (एसी) के डिफॉल्ट तापमान को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच मानकीकृत करने के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) रूपरेखा तैयार कर रहा है। विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला बीईई ऊर्जा-कुशल प्रक्रियाओं, उपकरणों व प्रणालियों के इस्तेमाल को बढ़ावा देता है। एक अधिकारी ने बताया कि इस विषय पर चर्चा जारी है, लेकिन तापमान की सटीक निर्धारित सीमा या समय-सीमा पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

# संतों ने दिखाई वो राह, जो कैराना कांधला जैसी घटना नहीं होने देती

## मुजफ्फरनगर में संत समागम में बोले मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मुजफ्फरनगर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मुजफ्फरनगर में एक संत समागम और सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज की 65वीं पुण्यतिथि एवं सतगुरु समनदास महाराज की स्मृति में आयोजित किया गया था। यहां योगी ने कहा कि संतों ने समाज को एकता और जोड़ने की राह दिखाई। वह राह, जो कैराना व कांधला की घटना नहीं होने देती। यह वही राह है, जो हमें सुरक्षा व संरक्षण की गारंटी देती है और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है और संतों का मार्गदर्शन मिलता है तो अच्छा ही अच्छा होता है। अच्छा करने के लिए सोच होनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को संविधान दिया, लेकिन जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए था, पिछली सरकारों ने वह नहीं दिया। पहली बार बाबा साहेब के नाम पर पीएम मोदी ने पंचतीर्थों का निर्माण किया। सरकारें बहुत आईं, लेकिन बाबा साहेब के गौरव और गरिमा के अनुरूप उनके सांस्कृतिक केंद्र व उनकी स्मृतियों को बढ़ाने का कार्य केवल डबल इंजन सरकार ने किया। 26 नवंबर 1949 से 2015 तक किसी सरकार ने बाबा साहेब के नाम पर समारोह नहीं किया, लेकिन पीएम मोदी ने 26 नवंबर को बाबा साहेब की स्मृति में संविधान दिवस मनाने का कार्य किया।




श्रीसतगुरु समनदास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

### श्रद्धालुओं को मुहैया कराएंगे सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने 65वीं पुण्यतिथि पर स्वामी भिक्षुकदास महाराज व समनदास महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि अगली बार समनदास आश्रम के सामने सतगुरु रविदास व संत समनदास महाराज की स्मृति में घाट का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, पार्किंग, सुंदरीकरण और सत्संग सभागार की स्थापना करेंगे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

# मुरादाबाद और बरेली में कोरोना ने दी दस्तक, 5 मरीज संक्रमित मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/बरेली

- मुरादाबाद में 4 और बरेली में मिला एक संक्रमित

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के साथ ही बरेली जिले में कोरोना ने दस्तक दे दी है। मुरादाबाद में बुधवार को एक और महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद कोरोना संक्रमितों की संख्या चार हो गई है। जबकि बरेली में एक मरीज में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

मुरादाबाद में मानसरोवर कॉलोनी निवासी 31 वर्षीय महिला दिल्ली के निजी अस्पताल में डॉक्टर हैं। तबीयत खराब होने पर उन्होंने दिल्ली में ही जांच कराई थी, जिसमें कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। पिछले दिनों जांच में तीन मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई थी। सिविल लाइंस निवासी लखनऊ के केजीएमयू में महिला चिकित्सक मुरादाबाद आई थीं। तबीयत खराब होने पर जांच में वह संक्रमित निकलीं। बुधवार को उनकी मां सहित सात लोगों की जांच कराई गई जिसमें सभी निगेटिव आए। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि भगतपुर टांडा निवासी 34 वर्षीय एक युवक भी संक्रमित मिला। वह गुरुग्राम में नौकरी करता है। गाजियाबाद में माता-पिता के साथ रहने वाला एक वर्षीय बालक भी संक्रमित पाया गया। दिल्ली, गुरुग्राम और गाजियाबाद के चिकित्साधिकारियों को इनकी डिटेल भेज दी गई है।

वहीं, बरेली जिले में डेढ़ साल बाद कोविड ने फिर दस्तक दी है। लंबे समय से पंजाब में काम करने गया युवक कोरोना संक्रमित मिला है। स्टेट आईडीएसपी से बुधवार सुबह सूचना मिली कि बरेली जिले का युवक कोरोना संक्रमित मिला है। मरीज के आधार कार्ड पर शहर के एजाज नगर गौटिया का पता दर्ज था, टीम ने मरीज के नंबर पर कॉल किया तो बताया कि वह पीलीभीत जिले के पूरनपुर में है।

## जवानों को दी जर्जर डिब्बों वाली ट्रेन, 4 रेल अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के दौरान तैनाती के लिए त्रिपुरा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को लाने के लिए जर्जर और गंदे डिब्बों वाली ट्रेन उपलब्ध कराए जाने के विवाद के बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया और जांच के आदेश दिए हैं।

रेल मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों की गरिमा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन द्वारा एक्स पर एक पोस्ट में आरोपों को खारिज करने के एक दिन बाद की गई, जहां लोगों ने ट्रेन के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए डिब्बों की स्थिति को लेकर रेलवे की आलोचना की थी। बीएसएफ की 13 कंपनियों से लगभग 1,200 जवानों को छह जून को त्रिपुरा के उदयपुर से जम्मू तवी के लिए एक विशेष ट्रेन में सवार होना था। ट्रेन का बीच में कुछ स्थानों पर ठहराव था एवं त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में चार स्थानों से जवान सवार होने वाले थे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की गई जान

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

- सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** सहसवान कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक ने इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। तीनों एक ही गांव के थे।

हदसा बुधवार शाम कोतवाली सहसवान क्षेत्र में बिसौली मार्ग स्थित सुल्तानपुर के पास हुआ। गांव खितौरा की ओर से आए तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। युवकों के चेहरे बुरी तरह से कुचल गए। हादसे में बाइक सवार दो युवकों ने मौके पर दम तोड़ दिया और तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों को सहसवान सीएचसी ले जाया गया। तब तक तीसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। युवकों की जेब से मिले आधार कार्ड से उनकी पहचान सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव सुकर्रा निवासी नीरज (22), उमेश (25), लोकेश (24) के रूप में हुई।

बताया जा रहा है कि तीनों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। सहसवान कोतवाल राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हुई थी। बाइक को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## एक्सिओम-04 का प्रक्षेपण फिर टला

**बेंगलुरु।** बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-04 मिशन के प्रक्षेपण की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। तकनीकि विसंगतियों का पता चलने के बाद 11 जून को प्रस्तावित प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को बताया कि प्रक्षेपण से पहले लॉन्च पैड पर फाल्कन 9 प्रक्षेपण वाहन के बूस्टर चरण का सात सेकंड का हॉट टेस्ट किया गया। इस दौरान इंजीनियरों ने रॉकेट के प्रोपल्शन में लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव का पता लगाया। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि विमर्श के आधार पर रिसाव ठीक करने का निर्णय लिया गया है।

# परिवार ने सोनम से सारे रिश्ते तोड़े, भाई बोला फांसी मिले

## इंदौर में राजा रघुवंशी के घर पहुंचे गोविंद, कहा-मैं सच के साथ हूं

इंदौर, एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड की प्रमुख आरोपी और उनकी पत्नी सोनम के भाई गोविंद रघुवंशी ने बुधवार को कहा कि वह मृतक के परिवार के साथ हैं और अगर उनकी बहन इस मामले में दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

उन्होंने यह घोषणा भी की कि उनके परिवार ने सोनम से सारे संबंध तोड़ लिए हैं और उसे सजा दिलाने के लिए राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से वह खुद कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। अचानक राजा रघुवंशी के इंदौर स्थित घर पहुंचे गोविंद, राजा की मां उमा से लिपटकर फूट-फूट कर रोए। यह पूछे जाने पर कि क्या दोषी पाए जाने पर सोनम को फांसी की सजा होनी चाहिए, गोविंद ने कहा कि सोनम दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मैं खुद अदालत में राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से पैरवी के लिए वकील नियुक्त करूंगा। कहा कि मैं सच के साथ हूं। राजा रघुवंशी के परिवार ने एक बेटा खोया है। मैंने परिवार से माफी मांग ली है।



राजा रघुवंशी की मां को ढांढस बंधाते गोविंद।

### सोनम और राज कुशवाह के बीच प्रेम संबंधों को नकारा

बहरहाल, सोनम और मामले के एक अन्य प्रमुख आरोपी राज कुशवाह के प्रेम संबंधों को उन्होंने नकार दिया। गोविंद ने कहा कि राज, सोनम को हमेशा दीदी बोलता था। सोनम ने मेरे घर में मुझे और राज को एक साथ बिठाकर राखी बांधी है। उन्होंने कहा, राज हमारा कर्मचारी मात्र था। वह हमारे दफ्तर में दो-तीन साल से काम कर रहा था। वह दफ्तर का प्रबंधन और ग्राहक संभालता था।

### सोनम व उसके साथियों को 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय में हनीमून के दौरान पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार सोनम रघुवंशी और उसके चार अन्य साथियों को शिलांग की एक अदालत ने बुधवार को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सायम ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों की 10 दिन की रिमांड मांगी थी लेकिन अदालत ने आठ दिन की पुलिस हिरासत मंजूर की।

# अब आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे तत्काल टिकट

- 1 जुलाई से आईआरसीटीसी एप वेबसाइट से बुकिंग में बदलाव
- 15 जुलाई से आधार-आधारित ओटीपी भी अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

रेल मंत्रालय ने कहा है कि 1 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत वह उपयोगकर्ता ही टिकट बुक कर सकेंगे जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो।

मंत्रालय ने 10 जून 2025 के एक परिपत्र में सभी जोन को सूचित किया कि निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम उपयोगकर्ताओं को मिले। मंत्रालय ने कहा कि 01 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट/इसके एप से केवल वह उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो। 15 जुलाई से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। परिपत्र में कहा गया है कि तत्काल टिकट यात्री आरक्षण प्रणाली/अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुकिंग के लिए तभी उपलब्ध होंगे, जब सिस्टम द्वारा उत्पन्न ओटीपी का सत्यापन होगा, जो बुकिंग के समय उपयोगकर्ताओं द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा।

### दो रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों से होकर गुजरने वाली दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई।

## महिलाओं पर हो रहे अत्याचार में उत्तर प्रदेश नंबर एक पर:अर्चना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पश्चिम महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देश पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि व महानगर अध्यक्ष सीमा गौतम के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता हथौड़ा चौराहा से नारेबाजी करते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचकर डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माला चढ़ाकर नमन किया।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचार उत्तर प्रदेश में नंबर एक पर है। हर दिन कोई ना कोई घटना घट रही है, प्रदेश में जंगलराज चल रहा है सरकार उनके खिलाफ शिकंजा कसने में नाकामयाब है। कहा सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में असफल रही है। कामकाजी महिलाओं में भय है। महिला कांग्रेस बड़ा प्रदर्शन करेगी इस मौके पर संजना, मोनी, साइना खातून, रानी ,शबनम, रूबी खान, रीना ,पूजा, खुशबू ,नेहा, सबीना ,निशा ,सायरा ,रामदेवी ,शगुफ्ता, तबस्सुम ,शारदा ,बेबी आदि मौजूद रहे।

# रोशन होंगे 20 हजार घर, सरकार देगी सब्सिडी

## सूर्य घर योजना: एक प्लांट पर मिलेगा 45 हजार का अनुदान, अब तक 1182 ने लगवाए कनेक्शन

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



महानगर की एक छत पर लगा प्लांट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पीएम सूर्य घर योजना से जिले के 20 हजार घर रोशन होंगे। नेडा को प्रदेश मुख्यालय से 20 हजार प्लांट लगवाने का लक्ष्य मिला है, जो साल 2027 तक पूरा किया जाना है। अब तक 1182 लोगों ने प्लांट लगवाए जा चुके हैं।

प्लांट लगाने के लिए सरकार की ओर से अनुदान दिया जा रहा है। एक किलोवाट के सोलर रूफटॉफ प्लांट पर 45,000 रुपये, दो किलोवाट पर 90,000 और तीन किलोवाट पर 1,08,000 तक की सब्सिडी दी जा रही है। सरकार का उद्देश्य लोगों को मुफ्त व अनिवार्य बिजली उपलब्ध कराना है। इसलिए अनुदान का प्रावधान किया गया है। माना जा रहा है कि साल 2027 तक जिले के 20 हजार घर सोलर रोशनी से जगमगा रहे होंगे।

बीते माह हुई बैठक में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति को लेकर निर्देश दिए थे। कहा था कि यूपी नेडा विभाग की ओर से वार्डों में शिविर लगाए जाएं। वार्ड पार्षद योजना में ज्यादा से ज्यादा लोगों के आवेदन कराएं ताकि सभी को योजना का लाभ मिल सके। डीएम ने बताया था कि शासन की योजना के तहत सोलर रूफटॉप प्लांट लगवाने पर अनुदान के साथ ही बिजली बिल से भी राहत मिलेगी। एक किलोवाट के सोलर रूफटॉफ पर 45,000 रुपये, दो किलोवाट पर 90,000 और तीन किलोवाट पर 1,08,000 तक की सब्सिडी सरकार दे रही है। परियोजना अधिकारी नेडा रामाधार ने बताया कि योजना के तहत प्लांट की अनुमानित लागत प्रति किलोवाट 65,000 रुपये है।

अधिकारियों के अनुसार सोलर पैनलों की कार्य क्षमता अवधि 25 वर्ष है। सोलर प्लांट कमीशनिंग के बाद सब्सिडी डीबीटी के जरिये सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाएगी। इस प्लांट को लगवाने के लिए मात्र सात प्रतिशत की ब्याज दर से बैंक ऋण दिया जा रहा है। तीन किलोवाट का प्लांट मात्र 1800 रुपये की ईएमआई पर लगवा सकते हैं। इस योजना के बारे में वेबसाइट पर आवेदन करा सकते हैं। योजना के तहत एक किलोवाट से 10 किलोवाट तक के संयंत्र लगाए जाते हैं। एक किलोवाट का रूफटॉप संयंत्र 65 हजार रुपये का लगता है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार और राज्य सरकार की ओर से 15 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाती है। इस तरह से कुल 45 हजार रुपये का अनुदान सरकार देती है। अनुदान मिलने के बाद एक किलो वाट का संयंत्र सिर्फ 20 हजार रुपये में पड़ता है। इसी प्रकार किलो वाट के आधार पर सब्सिडी तय की गई है।


- दो किलोवाट के प्लांट पर 90,000 अनुदान देती है सरकार
- तीन किलो वाट के प्लांट पर एक लाख आठ हजार है अनुदान

### ऑनलाइन किया जा सकता है आवेदन

पीएम सूर्य घर योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया जाता है। जिले में करीब 11 वेंडर इस योजना के तहत चयनित हैं। योजना के संबंध में किसी बाहरी व्यक्ति से संपर्क न करें। अगर किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो यूपी नेडा स्थित उनके कार्यालय पर आकर संपर्क कर सकते हैं। इस योजना के तहत पीएम सूर्य घर गवर्नमेंट डॉट इन पर आवेदन किया जाता है।

> पीएम सूर्य घर योजना के तहत अब तक 1182 लोगों ने प्लांट लगवाए हैं। साल 2027 तक 20 हजार घरों में प्लांट लगाए जाने का लक्ष्य है। उम्मीद है कि लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।
>
> – रामाधार, पीओ नेडा।

## पालिका बोर्ड की बैठक में 34 करोड़ 83 लाख का बजट पास



पालिका बोर्ड की बैठक में प्रतिभाग करते सभासद। ● अमृत विचार

**संवाददाता, तिलहर**

**अमृत विचार :** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में 34 करोड़ 83 लाख रुपए का बजट सर्वसम्मति से पास किया गया। सभासदों ने नगर के विकास कार्यों को लेकर अपने-अपने प्रस्ताव अध्यक्ष हाजरा बेगम को दिए।

बुधवार को अध्यक्ष हाजरा बेगम की अध्यक्षता में बजट बोर्ड बैठक का शुभारंभ हुआ। सबसे पहले ईओ कल्पना ने खर्च और बचत की जानकारी दी। इसके बाद कुछ मिनट में ही सर्वसम्मति से 34 करोड़ 83 लाख रुपए का बजट पास कर दिया गया। सभासद अभिषेक सिंह ने पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पुत्रों के लिए नगर पालिका के शादी हाल को निशुल्क करने का प्रस्ताव रखा। सभासद राजीव यादव एवं अमित लोधी ने कोतवाली के सामने तिराहे को वीरांगना अवंती बाई तिराहा नाम देने का प्रस्ताव रखा। सभासद अकरम पाल ने नगर में स्ट्रीट लाइट लगवाने का प्रस्ताव रखा। इस दौरान सुशांत कुमार, राजीव कुमार, अयूब इस्लाम अली, सभासद राजीव यादव, राधा रमन मिश्रा, राधा गुप्ता, सुशील सिंह आदि रहे।

# गर्मी में विवि परीक्षाएं स्थगित करें

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



युवाओं को संबोधित करते युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला युवा कांग्रेस ने भीषण गर्मी में हो रहीं विवि परीक्षाओं को स्थगित करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस समय आयोजित की जा रही परीक्षाएं छात्रों के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से अत्यंत कष्टकारी सिद्ध हो रही हैं। हाल ही में जिले में एक छात्र के परीक्षा के दौरान अत्यधिक गर्मी के कारण बेहोश होने की घटना इस स्थिति की गंभीरता को दर्शाती है।

इसके अलावा परीक्षा ड्यूटी के कारण शिक्षक और उनके परिवार जून माह के नीयत अवकाश से वंचित हो रहे हैं, जो न केवल अन्यायपूर्ण है जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी ने राज्यपाल इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली को परीक्षाओं की तिथि स्थगित करने के निर्देश देने की मांग की है। उनका मानना है कि परीक्षाएं ऐसी तिथियों पर आयोजित की जानी चाहिए, जब मौसम की स्थिति छात्रों और शिक्षकों के लिए अनुकूल हो, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित में छात्रों और शिक्षकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की जाए। इस दौरान इरफान हसन खान, शोभित मिश्रा प्रत्युष मिश्रा, सत्यम रस्तोगी, शिवओम मिश्रा, आलम, नितिन तिवारी, सुधांशु मिश्रा, पवन आदि लोग मौजूद रहे।

- राज्यपाल को युवा कांग्रेस ने लिखा पत्र

## बिजली समस्या को लेकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**संवाददाता, जलालाबाद**

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार मंडल के स्थानीय अध्यक्ष पीके पांडे के नेतृत्व में व्यापारी नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे और इसके बाद उन्होंने अपनी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन तहसीलदार पैगाम हैदर को दिया।

जिसमें उन्होंने बताया कि नगर के बाजार गंज में बिजली की जर्जर लाइन दुकानों के ऊपर से निकली हुई है। जिसके तार दुकानों व तिरपाल पर गिर जाते हैं जिससे आए दिन आग लगने की घटनाएं होती हैं। जिससे व्यापारियों को काफी हानि उठानी पड़ती है। उन्होंने बिजली के तारों को वहां से हटा कर सप्लाई देने की मांग उठाई। उन्होंने बताया नजर बेग पुत्र कमर बेग निवासी मोहल्ला गौसनगर की दुकान पर मंगलवार शाम विद्युत लाइन टूटकर दुकान पर गिर गई। जिससे आग लग गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया। तहसीलदार ने बिजली विभाग के अभियंता को समस्या दूर करने के निर्देश दिए



तहसीलदार पैगाम हैदर को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

**मकान व दुकानों पर अवैध कब्जे का आरोप :** मीरानपुर कटरा। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी ईश्वरवती ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उनके पिता का पुश्तैनी मकान में बनी दुकानें मोहल्ला बजरिया ( कहरान ) कस्बा कटरा में स्थित है। पीड़िता व उसकी बहन वृद्ध और अविवाहित हैं। वह मकान में रह रही हैं। कुछ लोग फर्जी बैनामा करवा कर संपत्ति हड़पना चाहते हैं।

# राज्यपाल को लखनऊ जाकर प्रगतिशील किसान ने भेंट की भिंडी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



राज्यपाल को भिंडी भेंट करने पहुंचे प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा ने राजभवन लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने कृषि फार्म पर पूरी तरह से जैविक विधियों से तैयार की गई लाल भिंडी (रेड ओक्रा) और काला प्याज भेंट किए। राज्यपाल ने प्रगतिशील किसान की जैविक खेती की सराहना की, बल्कि कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों पर भी गहराई से चर्चा की।

उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि प्रदेश के किसान छोटे-छोटे समूहों में संगठित होकर खेती करें, ताकि संसाधनों का समुचित उपयोग हो सके, लागत कम हो, और किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी हो। प्रगतिशील किसान ने राज्यपाल को अपने कृषि फार्म पर आने का आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मुकेश दीक्षित, नितेश अग्निहोत्री अनुज द्विवेदी रहे।

- राज्यपाल ने किसान के कृषि फार्म पर आने की बात कही

## एएसपी ने सिंधौली थाने का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण ने सिंधौली थाना का निरीक्षण किया और विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मैस कंप्यूटर कक्ष, थाना परिसर, कर्मचारी बैरक आदि का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। एएसपी ग्रामीण ने निर्देश दिए कि लावारिस वाहनों की नीलामी करायी जाए। पुलिस कर्मियों को शस्त्रों की हैंडलिंग का अभ्यास कराया। फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण किया जाए और विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया जाए। उन्होंने सफाई व्यवस्था और बेहतर होनी चाहिए। निरीक्षण के समय सीओ पुवायां और सिंधौली प्रभारी निरीक्षक आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# एडीएम ने भूलेख पटल का निरीक्षण कर खंगाले रिकॉर्ड



कलेक्ट्रेट में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने भूलेख पटल का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में सभी पटलों पर ससमय कार्य हो और जनता से जुड़े कामकाजों को प्राथमिकता पर रखा जाए।

किसी तरह की लापरवाही कार्मिकों द्वारा न बरती जाए, इसको लेकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा दिए दिशा निर्देश के क्रम में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने कलेक्ट्रेट स्थित भूलेख पटल पर दोपहर बाद औचक निरीक्षण कर एक एक फाइलों को खंगाला और पेंडिंग कामों को समय पर निस्तारण को दिशा निर्देश दिए।

इसके साथ ही एडीएम ने वहां की साफ सफाई देखते हुए अधीनस्थों को निर्देशित किया कि स्वच्छता में ध्यान रखे। एडीएम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान भूलेख रिकार्ड, फाइल, कार्मिक उपस्थित पंजिका, शिकायतों आदि का अवलोकन किया। सभी को निर्देशित किया गया है कि समय से आफिस आकर जनता से जुड़े कामकाजों को प्राथमिकता के आधार पर संपन्न करे। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शहीदों का बलिदान राष्ट्र और समाज को देगा प्रेरणा: डॉ. विपिन

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


**अमृत विचार :** रचनात्मक संस्था संकल्प के तत्वावधान में काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक अमर बलिदानी पं. रामप्रसाद बिस्मिल की 128वीं जयंती पर हवन, पुष्पांजलि व भावांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

नगर आयुक्त समेत अनेक लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र ने कहा कि शहीदों का बलिदान सदैव राष्ट्र व समाज के प्रति और बेहतर करने की प्रेरणा प्रदान करता है। अमर बलिदानियों ने सामाजिक समरसता का सन्देश दिया है। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर की सरज़मीं पूरे देश को कौमी एकता व सौहार्द का सन्देश देती है और ऐसे आयोजन पूरे समाज को सार्थक दिशा देने का कार्य करते हैं। खिरनी बाग स्थित बिस्मिल उद्यान में हुए आयोजन की शुरुआत आर्य समाज के विद्वतजन प्रेम प्रकाश आर्य, रामशंकर शास्त्री, रामवीर आर्य व नरेन्द्र गुप्ता, सर्वेश्वरानन्द आर्य, रामचन्द्र सिंह भदौरिया, पवन आर्य द्वारा हवन कर राष्ट्र कल्याण की कामना की गई।

अमर बलिदानियों पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, ठाकुर रोशन सिंह के चित्रों पर पुष्पार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम संयोजन में रजनी गुप्ता, रेनू सक्सेना का सहयोग रहा। कवि डा. इन्दु अजनबी के संचालन में हुए आयोजन में प्रमुख रूप से अध्यक्ष हिमांशु पाराशरी, गीता त्रिवेदी,गीता पाण्डेय, जीसी मिश्र, ज्योति गुप्ता, रामप्रकाश यादव, प्रवीण मिश्र, रचना चांदना, प्रमोद कुमार पाण्डेय, राकेश मिश्रा, अजय गुप्ता आदि रहे। आभार संस्थापक डा. अवधेश मणि त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

### बिस्मिल ने देश की खातिर हंसते-हंसते कुर्बान कर दिये अपने प्राण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वतंत्रता सेनानी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल जयंती पर खिरनी बाग स्थित बिस्मिल पार्क में कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता व युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।जिलाध्यक्ष ने कहा कि काकोरी कांड के नायक बिस्मिल ने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए देश की खातिर अपने प्राण कुर्बान कर दिए। लंबे समय तक आर्य समाज मंदिर में अशफाक उल्ला खां,ठाकुर रोशन सिंह के साथ मिलकर गोरों को चने चबाए। मुझे फख्र है कि मैं भी उनके गली मोहल्ला का निवासी हूं। युवा कांग्रेस अध्यक्ष एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन, फुरकान अहमद कुरैशी, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, लक्ष्मीकांत मिश्रा,नितिन तिवारी, शाहनवाज खान सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।




VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026
ADMISSIONS NOW!

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in




## एक नजर

### अब मनोचिकित्सक पर गिरी गाज, निलंबित

**शाहजहांपुर।** राजकीय बाल गृह में बच्चों की पिटाई का वीडियो वायरल होने के मामले में अब तत्कालीन अधीक्षक व मनोचिकित्सक नेमचंद पर गाज गिरी है। शासन ने उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने बताया कि जिले से गई रिपोर्ट के आधार पर यह कार्यवाही की गई है। बता दें कि बाल गृह का रविवार को एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें केयर टेकर बच्चों की बेरहमी से पिटाई करती दिख रही थी। सीडीओ की जांच के बाद केयर टेकर पूनम गंगवार की सेवा समाप्त कर दी गई थी। अब इसी मामले में तत्कालीन अधीक्षक नेम चंद को दोषी मनाते हुए सस्पेंड कर दिया गया है।

# वाटर पार्क में नहाते समय संदिग्ध हालत में मौत

## बिलसंडा का युवक खुटार के वाटर पार्क में दोस्तों के साथ आया था, पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर की जांच

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** खुटारा के वाटर पार्क में दोस्तों के साथ नहाने आया बिलसंडा का युवक की वाटर पार्क में ही डूबकर मौत हो गई।

पीलीभीत के थाना बिलसंडा निवासी हबीब का 26 वर्षीय बेटा शाहिद खां बुधवार को मोहल्ला इस्लामनगर में रहने वाले मुन्ना, आरिफ और एहसान के साथ खुटार के वाटर पार्क में नहाने के लिए आया था। दोपहर 1:30 बजे जब वह वाटर पार्क में नहा रहा था। तभी अचानक वाटर पार्क में बने स्विमिंग पूल में डूबने लगा। जिस पर उसके दोस्तों ने उसे बमुश्किल स्विमिंग पूल से बाहर निकाला और मामले की सूचना वाटर पार्क के स्वामी दिनेश वर्मा को दी।दिनेश ने मौके पर पहुंचकर मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। शाहिद को एंबुलेंस से गंभीर हालत में सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने शाहिद को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसके बाद एहसान, आरिफ और मुन्ना ने मामले की सूचना शाहिद के परिजन को दी तो वह भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी।प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत, दरोगा अशोक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।


रोते बिलखते मृतक के परिजन। • अमृत विचार


अस्पताल में मृतक के साथी से पूछताछ करती पुलिस। • अमृत विचार

- **सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा**


मृतक शाहिद खां

पुलिस की सूचना पर फील्ड यूनिट टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शाहिद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। शाहिद के परिजनों ने संदिग्ध मौत होने की आशंका जताई है। मृतक के पिता हबीब ने बताया कि शाहिद घर में पांच भाई व दो बहनों में सबसे छोटा था। पिता हबीब, मां असराना बेगम, भाई अजीज, बबलू, नईम खान, रवि खान जबकि बहन मीना व सोनी की शादी हो चुकी है।

> सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।
>
> **-आरके रावत**, इंस्पेक्टर खुटार

> मृतक शाहिद पार्क में नहा रहा था कि अचानक बेहोश हो जाने की सूचना उनके कर्मचारियों की ओर से उन्हें दी गई। जिस पर उन्होंने मौके पर 108 एंबुलेंस को मौके पर बुलाया और शाहिद को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने शाहिद को मृत घोषित कर दिया।
>
> **-दिनेश वर्मा**, वाटर पार्क स्वामी, खुटार

# युवती ने लगाया सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

- **कार में लिफ्ट देकर बैठाया,नशीली चीज पिलाई पुलिस कर रही जांच**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बरेली की एक युवती को कार में सवार लोगों ने नशीला पेयजल पिला दिया। पीड़िता का आरोप है कि बेहोश हो जाने पर कटरा क्षेत्र में सुनसान स्थान पर ले जाकर छह लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता तिलहर रिश्तेदारी में जा रही थी। आरोपी ने उसे धमकी दी कि रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार डालेंगे।

बरेली जिले के फरीदपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने कटरा थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार की शाम सात बजे तिलहर रिश्तेदारी में जा रही थी। उसकी जान पहचान खुदागंज के एक व्यक्ति से हो गयी थी। उसने पीड़िता को फोन करके पूछा कि कहां हो, उसने कहा कि रिश्तेदार के घर जा रही हूं। आरोपी युवक ने उससे कहा कि कटरा आ जाओ और तिलहर छोड़ दूंगा। आरोप है कि आरोपी ने उसे अपनी कार में बैठा लिया। उसने रास्ते में एक-एक करके पांच लोगों को कार में बैठा लिया। युवती को सुनसान स्थान पर एक जंगल में ले गया। आरोपी ने पीड़िता को शीतल पेयजल पिला दी। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गयी। युवती को रात में करीब 11 बजे होश आया। वह अर्धनग्न अवस्था में थी। पीड़िता ने उससे कहा कि कहां लेकर आए हो। आरोपी ने युवती से कहा कि किसी को बताया या थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी तो जान से मार डालेंगे। आरोपियों ने उसे कटरा सीमा में छोड़ दिया।

पीड़िता का आरोप है कि छह लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। उसने रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। मीरानपुर कटरा थाना प्रभारी जुगुल किशोर ने बताया कि तहरीर मिल गयी और जांच की जा रही है।

# बीच बाजार व्यापारियों में चले ईंट-पत्थर व डंडे, मची भगदड़

संवाददाता, खुटार

- **सूचना पर पहुंची पुलिस ने 7 लोगों को लिया हिरासत में,पूछताछ जारी**
- **चूड़ी वाली गली में व्यापारियों में पिलर लगाने को लेकर शुरू हुआ था विवाद**

**अमृत विचारः** खुटार कस्बे की चूड़ी वाली गली के पास अलग-अलग व्यापारियों में पिलर लगाने को लेकर कहासुनी हो गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों में गाली गलौज के बाद ईंट पत्थर व डंडे चलने लगे। बीच रोड पर ईट पत्थर व डंडे चलने से दोनों तरफ से आवागमन भी अवरुद्ध हो गया और पास पड़ोस दुकानदार व राहगीर इधर-उधर भागने लगे।

एक व्यापारी की दुकान का छज्जा जर्जर होने के कारण रोड पर गड्ढा खोदकर पिलर लगाने का कार्य शुरू किया था। जिस पर दूसरे पक्ष के व्यापारियों ने रोड पर पिलर का गड्ढा खोदने से मना किया।

जिस पर दोनों पक्षों में कहासुनी के साथ ही गाली गलौज शुरू हो गई। जिस पर दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे के ऊपर बीच रोड पर ही ईट पत्थर लेकर चलाने लगे व डंडे से भी वार करने लगे। जिस पर एक पक्ष की बेकरी की दुकान होने के कारण उसका शीशे का काउंटर, सीसीटीवी व अन्य सामान भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया व दुकान के सामने खड़ी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।


बीच सड़क पर ईंट डंडा चलाते व्यापारी। • अमृत विचार


मुख्य बाजार में बीच सड़क पर एक दूसरे पर ईंट और डंडा चलाते व्यापारी।


घटना की जांच करते थाना प्रभारी आरके रावत। • अमृत विचार

### राहगीर बचने को इधर उधर भागे

रोड से गुजर रहे राहगीर ईट पत्थर चलने से घबरा गए और इधर-उधर भागने लगे। जिससे आवागमन भी कुछ देर के लिए अवरुद्ध हो गया। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसआई अशोक कुमार ने झगड़ा कर रहे सात लोगों को हिरासत में लेकर थाने लाकर पूछताछ शुरू की। खबर लिखे जाने तक सभी से पूछताछ की जा रही थी।

# 60 वर्षीय बुजुर्ग पर लाठियां भांजते हुए वीडियो वायरल

**बंडा।** बुजुर्ग की लाठी से पिटाई का वीडियो वायरल होने और तहरीर देने के बाद भी बंडा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित बुजुर्ग के पुत्र ने दोबारा तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

बंडा के गांव मदारपुर वैवहा निवासी विक्की उर्फ रमाकांत ने बताया कि सात जून की शाम करीब साढ़े छह बजे घर के सदस्य एक वैवाहिक कार्यक्रम में गए थे। घर पर सिर्फ माता-पिता ही थे। तभी उसके पड़ोसी व कुछ अन्य लोग लाठी डंडा लेकर आए और गालियां देने लगे। बुजुर्ग पिता ने विरोध किया तो उन्हें लाठी डंडों से मारापीटा। बचाने आई मां रेखा देवी को भी मारापीटा। उक्त मामले में उसी दिन बंडा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। चार दिन बीत जाने के बाद उसने बंडा पुलिस को दोबारा तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

रामकांत ने बताया कि उसकी गांव में पुश्तैनी जमीन पड़ी है जिस पर उसका कब्जा और दखल है जि उक्त लोग आए दिन उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। इसी मामले में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक वीडियो में एक वृद्ध अपने गमछे को उठाने के लिए जाता हुआ दिखाई देता है और सामने से कुछ युवक हाथों में लाठी लिए उस पर लाठियों से वार कर रहे हैं। पुलिस को घटना की वीडियो और तहरीर देने के बाबजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जबकि उसके पिता की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।




# पिकअप और बाइक की टक्कर, युवक की मौत

संवाददाता, कलान

**अमृत विचारः** पिकअप व मोटरसाइकिल की टक्कर में एक किशोर की मौत हो गई। जबकि दूसरा किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।

बुधवार को कलान थाना क्षेत्र की चौकी बाराकलां अंतर्गत ग्राम दारानगर अरथरी निवासी संकित (16) पुत्र राम जयपाल व गांव का ही सौरभ (13)पुत्र गिरीश मोटरसाइकिल पर सवार होकर गेहूं बेचने बाराकलां बाजार जा रहे थे। दोनों बाइक सवार जैसे ही मुरादाबाद फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर बाराकलां पहुंचे ही थे कि सामने से जा रही तेज रफ्तार पिकअप संख्या-यूपी 24 एटी 5759 ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल बदायूं ले जाया गया।उपचार के लिए जाते समय उसावां में एक घायल सौरभ पुत्र गिरीश की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सौरभ के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दूसरे गंभीर घायल संकित का बदायूं के जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक सौरभ पांच भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। उसकी मां रेनू की मौत करीब 3 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली पिकअप गाड़ी को कब्जे में ले लिया है।

### ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर महिला की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्हागंज क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी, जिससे महिला घायल हो गयी। घायल महिला को सीएचसी पर लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव साहबगंज निवासी रामवीर की पत्नी 32 वर्षीय ऊषा बुधवार को दिन में साढ़े दस बजे खेत पर जा रही थी। रास्ते में ट्रैक्टर-ट्राली ने महिला को टक्कर मार दी, जिससे महिला घायल हो गयी। घायल महिला को सीएचसी पर लाया गया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के तीन बेटियां है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। मृतक के पति रामवीर ने थाना पर सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी हाजिरी दिखाकर किया जा रहा लाखों का घोटाला

**संवाददाता, बंडा, अमृत विचार :** फर्जी हाजिरी लगाकर मनरेगा में रोजाना लाखों का घोटाला किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। मनरेगा में रोजाना मजदूरों की अतिरिक्त संख्या दिखाकर उनके द्वारा कार्य दिखाए जा रहे हैं। बंडा के गांव मोहिउद्दीनपुर में लगातार पिछले कुछ दिनों से एक ही फोटो को वेबसाइट पर अपलोड करके कार्य दिखाए जा रहे हैं। इसके साथ ही 30 प्रतिशत में आरक्षित महिलाओं के नाम तो वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं लेकिन फोटो और कार्यस्थल पर कहीं भी महिलाएं दिखाई नहीं दे रही हैं । गांव में करीब 15 दिन पूर्व जब खेतों में पराली खड़ी थी तब नरेगा कार्य कराया गया था लेकिन तब से अब तक लगातार एक हो फोटो को वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत लुहिची में भी फोटो से फोटो अपलोड करके मनरेगा में मजदूरों की संख्या दर्शाई जा रही है। वहीं गांव भौरखेड़ा जिगनिया में भी मनरेगा महज आठ मजदूर ही कार्य कर रहे हैं जबकि यहां रोजाना 40 मजदूर मनरेगा कार्य में दर्शाए जा रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी मनरेगा में घोटाले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि विकासखंड बंडा के कर्मचारियों के द्वारा करीब 15 से 20 प्रतिशत की कमीशन लेकर कर्मचारियों के द्वारा मनरेगा में घोटाले करवाए जा रहे हैं। इस संबंध में डीसी मनरेगा यशोवर्धन ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याददाश्त कम होना, डिमेंशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लिनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# गर्मी के साथ बढ़ रहे त्वचा रोग के मरीज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गर्मी के कारण राजकीय मेडिकल कालेज में त्वचा रोगियों की संख्या तीन गुनी हो गयी है। दाद, खाज, खुजली और एलर्जी के मरीज पहुंच रहे है। साथ ही पसीने से फंगल इंफेक्शन के मरीज भी बढ़ गए है।

राजकीय मेडिकल कालेज में रोजाना करीब 1600 पर्चे बनते है। पर्चा काउंटर, दवा काउंटर और डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ लगी रहती है। बुखार, पेट दर्द, डायरिया के अलावा त्वचा रोग के करीब 300 मरीज आ रहे है। त्वचा रोग कक्ष के बाहर मरीजों की लाइन लगी रहती है। गर्मी के कारण दाद-खाज, खुजली, एलर्जी और फंगल के मरीज भी पहुंच रहे है।

धात्री महिलाओं में खुजली तथा स्किन चटकने की समस्या होने पर शिशु में फंगल फैलने का खतरा बना रहता है। स्किन विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. ऊषा चन्द्रा ने बताया कि त्वचा रोग गर्मी आने पर बढ़ जाता है। पहले की अपेक्षा अधिक मरीज आ रहे है। दोपहर को धूप से बचने की जरूरत है। नहाने के बाद शरीर को अच्छे से पोछना चाहिए। हर दिन मोजे बदलें या फिर खुले मुंह वाली चप्पलें पहनें ताकि पैरों में होने वाले फंगल इंफेक्शन से बचा जा सके।

# चुकाने की क्षमता है तो कर्ज लेना गलत नहीं: खन्ना

## वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने की पत्रकारों से वार्ता, कहा पहले होती थी भ्रष्टाचार की चर्चा, अब विकास पर ध्यान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर राजभवन पर पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले भ्रष्टाचार की चर्चा होती थी, लेकिन विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के लिए कर्ज लेना आवश्यक है। एक्सप्रेस-वे जैसी परियोजनाएं कर्ज के बिना संभव नहीं हैं। खन्ना ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। उत्तर प्रदेश में एक लाख 12 हजार करोड़ रुपये का पूंजी निवेश है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश ने अब तक लिए गए सभी कर्ज समय पर चुका दिए हैं। बेनिफिट ट्रांसफर से सीधे लोगों के खातों में पैसा पहुंच रहा है। वित्त मंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भ्रष्टाचार और घोटालों की चर्चा होती थी। सरकारी योजनाओं का लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से सीधे लोगों के खातों में पहुंच रहा है। खन्ना ने आयुष्मान भारत योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि अब लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। उन्होंने मेक इन इंडिया की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि भारत अब आयात पर निर्भर नहीं है, बल्कि निर्यात में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीसीबी बैंक के अध्यक्ष डीपी एस राठौर, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, कार्यक्रम संयोजक वैभव खन्ना, श्याम बाबू दीक्षित, आनंद प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, प्रियांशु रघुवंशी, मुकेश राठौर, पुनीत मिश्रा, विनायक कपूर, आकाश वर्मा, अनीत त्रिवेदी, गौरव शुक्ला, सुआलाल आदि उपस्थित रहे।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ोदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। • अमृत विचार

## वित्त मंत्री ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

• **विकसित भारत 2047 के सपने को बताया साकार होता विज़न**

**शाहजहांपुर।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिला सहकारी बैंक में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित एक भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी सेवा, सुशासन, ग़रीब कल्याण और सशक्त भारत की थीम पर केंद्रित है और इसे भाजपा शाहजहांपुर महानगर की ओर से आयोजित किया गया है।

इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं और नीतियों को प्रदर्शित किया गया है, जिनमें डिजिटल इंडिया, जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत, और आयुष्मान भारत जैसी ऐतिहासिक पहलू शामिल हैं। इन योजनाओं ने पिछले 11 वर्षों में आम जनता के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है। वित्त मंत्री ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक निर्णायक यात्रा पूरी की है। इन 11 वर्षों में जो आधारशिला रखी गई है, वही भारत को 2047 तक एक 'विकसित राष्ट्र' बनाने की दिशा में मार्गदर्शन कर रही है। यह प्रदर्शनी उसी बदलाव की कहानी कहती है।


खुटार ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे, जश्न मनाया

• **खुटार ब्लॉक सभागार में हुआ कार्यक्रम**

**शाहजहांपुर।** भाजपा की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रोफेशनल मीट सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक सभागार खुटार में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बृज क्षेत्र हर्षवर्धन आर्य और दातागंज विधायक राजीव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि हर्षवर्धन आर्य ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर हमें गर्व है। इस दौरान सरकार ने गरीब कल्याण, सुशासन और विकास के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार की नीतियों ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार ने किसानों के लिए भी बहुत बेहतर काम किए हैं किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सरकार की योजनाओं से करोड़ों लोगों को फायदा हुआ है।

दातागंज विधायक राजीव सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर हमें गर्व है। सरकार ने गरीब कल्याण, सुशासन और विकास के लिए कई कदम उठाए हैं। मोदी सरकार ने देश को डिजिटल बनाया है, जिससे आम पब्लिक को बहुत बड़ा फायदा हुआ है।

### 27 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए

वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में इंदिरा से लेकर मनमोहन सिंह तक सिर्फ गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते थे। अब आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार में 27 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, पीएम जनधन योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान निधि समेत अनेक योजनाओं के माध्यम से गरीबों को लाभ दिया जा रहा है। सरकार ने लोगों को बिजली के कनेक्शन देकर अंधेरा दूर किया। आयुष्मान भारत योजना में अस्पतालों को निशुल्क इलाज की सुविधा दी है। 70 साल से ऊपर के लोगों को लाभ मिला है। मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आतंकियों को पालने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। सरकार ने सेना को खुली छूट दी। सेना ने उन्हीं इलाकों को निशाना बनाया, जहां आतंकवाद पनप रहा था। ऑपरेशन के दौरान सौ से ज्यादा आतंकी मारे गए।

## बिना ओटीपी के अब नहीं बनेगा तत्काल टिकट, दलालों पर अंकुश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

• **फार्म पर मोबाइल नंबर डालना होगा, ओटीपी नंबर बताना होगा**

**अमृत विचारः** रेल मंत्रालय ने तत्काल टिकट पर संशोधन करने जा रही है। बिना ओटीपी नंबर के तत्काल टिकट का रिजर्वेशन नहीं होगा। रिजर्वेशन कराने वाले व्यक्ति को फार्म पर अपना मोबाइल नंबर डालना होगा। मोबाइल नंबर पर ओटीपी नंबर आएगा। इसे रिजर्वेशन बाबू को बताने के बाद ही तत्काल टिकट बनेगा। इस प्रक्रिया से दलालों पर अंकुश लगेगा।

सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि रेलवे बोर्ड तत्काल टिकट पर संशोधन करने जा रही है। 15 जुलाई से तत्काल बुकिंग के लिए आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकर अनिवार्य कर दिया जाएगा। तत्काल टिकट पीआरएस काउंटरों एवं अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुकिंग के लिए तभी उपलब्ध होगी, जब सिस्टम द्वारा ओटीपी प्रमाणीकरण होगा, बुकिंग के समय उपयोगकर्ता द्वारा दिए मोबाइल नंबर पर सिस्टम के माध्यम से 15 जुलाई से लागू कर दिया जाएगा। तत्काल टिकट का फार्म पर मोबाइल नंबर लिखना होगा। फार्म कंप्यूटर में फीड होने पर मोबाइल पर ओटीपी नंबर आएगा। ओटीपी नंबर नहीं बताया तो तत्काल टिकट आपरेट नहीं होगा। एसी तत्काल टिकट 10 बजे से साढ़े 10 बजे और स्लीपर 11 बजे से साढ़े 11 बजे तक समय रहेगा। उन्होंने बताया कि रेलवे के एजेंटों को तत्काल बुकिंग खुलने के पहले तीस मिनट के दौरान टिकट बुक करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वे 30 मिनट बाद तत्काल टिकट रिजर्वेशन कर सकते है।

## चोरी के गेहूं के साथ दो चोर गिरफ्तार

**पुवायां।** पुलिस ने फ़ास्ट पुलिसिंग दिखाते हुए चौबीस घंटे के भीतर चोरी गए गेहूं के साथ दो चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र के गांव अगौना निवासी कमलेश्वरी देवी पत्नी धर्मेंद्र कुमार ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर बताया था कि वह मंगलवार को बाहर गई, इसी दौरान गांव के ही रवि पुत्र नरेश, सुनील पुत्र नन्हें व अवनीश पुत्र जयजय राम ने घर मे घुसकर बर्तन, गेहूं व चावल आदि चोरी कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर फ़ास्ट पुलिसिंग दिखाते हुए 24 घण्टे के भीतर दो चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों चोर रवि और अवनीश के पास से पुलिस को 115 किलो गेहूं बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

## भाजपा पार्षद के बेटे पर छेड़छाड़ का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

• **पीड़िता दुकान सामान लेने गई थी, लाठी-डंडे का वीडियो वायरल**

**अमृत विचारः** भाजपा पार्षद के बेटे की दुकान पर बच्चों के साथ आइसक्रीम दिलाने आई महिला ने पार्षद बेटे पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। इस दौरान दोनों पक्षों के लोग लाठी लेकर निकल आए। इसका वीडियो वायरल है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती ने बताया कि मंगलवार की शाम चार बजे पड़ोस में ही भाजपा पार्षद की दुकान पर बच्चे को आइसक्रीम दिलाने के लिए गयी। दुकान पर भाजपा पार्षद का बेटा बैठा हुआ था। पार्षद के बेटे ने कहा कि बच्चों को आइसक्रीम फ्री दे दूंगा और मुझको क्या दोगी। उसने आरोपी पार्षद के बेटे से कहा कि किस तरह की बाते कर रहे हो। पीड़िता ने आरोपी से कहा कि पैसे ले लो और आइसक्रीम दे दो।

आरोपी ने उससे कहा कि और कुछ चाहिए है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके गले में हाथ डाल दिया और दुकान के अंदर खींचने लगा। आरोपी कहने लगा कि आज नहीं छोडूगा। आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिए। युवती ने शोर मचाया तो दोनों पक्ष के लोग बाहर निकल आए। दोनों पक्षों में विवाद हो गया और जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। पीड़िता का आरोप है कि विपक्षियों ने उसे और उसके परिवार वालों को मारा पीटा है। पीड़िता ने थाना पर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## वाहन ने मारी टक्कर, किशोर की मौत

तिलहर। थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग बरेली लखनऊ पर कपसेडा गांव के समीप गांव बंथरा निवासी 14 वर्षीय सुमित साइकिल से पेट्रोल पंप तेल लेने आ रहा था। यहां सड़क पार करते समय उसे किसी अज्ञात वाहन से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वाहन चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए भिजवाया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी ने बताया तहरीर मिलने पर ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बालक की मौत

**रौसरकोठी।** हांडा कॉलोनी में चोरों ने एक शिक्षिका के बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, हांडा कॉलोनी निवासी शिक्षिका रचना गुप्ता बीते 3 जून को अपने मायके कांट गई थीं। घर में ताला बंद था। रचना के रिश्तेदार प्रवीण गुप्ता प्रतिदिन घर आकर पौधों को पानी देते थे। मंगलवार शाम जब प्रवीण रोज की तरह घर पहुंचे, तो उन्होंने मुख्य गेट का ताला टूटा पाया। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी। इससे पहले घर में चोरी की सूचना मिलने पर पहुंची रचना को घर में सारा सामान बिखरा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया और पड़ोसियों से पूछताछ की। रचना गुप्ता ने बताया कि चोर घर से करीब 20 हजार रुपये नकद, एक अंगूठी और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ मोहल्ले में आने-जाने वालों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा जल्द किया जाएगा।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर सिपाही ने छात्रा को छत से फेंका

**लखनऊ, अमृत विचारः** बीबीडी इलाके में छेड़छाड़ का विरोध करने पर डॉयल-112 पर तैनात सिपाही ने पत्नी और साले के साथ मिलकर छात्रा को पीटा और मकान की दूसरी मंजिल से धक्का दे दिया।

आरोप है कि फर्जी मामले में जेल भेजने की धमकी भी दी। लोहिया अस्पताल में भर्ती छात्रा के रीढ़ की हड्डी में चोट बताई गई है। पीड़िता की मां की तहरीर पर बीबीडी थाने में सिपाही, उसकी पत्नी और साले के खिलाफ जानलेवा हमले, छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सिपाही की पत्नी ने भी छात्रा और उसके परिवार के खिलाफ तहरीर दी है। जिस पर पुलिस जांच कर रही है।

## युवक का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** घर से बिना बताए निकले युवक का शव दूसरे दिन एक होटल की दीवार के पास संदिग्ध अवस्था में मिला है। मौके पर कुछ खून पड़ा था। पुलिस ने शव की शिनाख्त करायी तो अतुल उर्फ सोनी का शव था।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव परवेजपुर निवासी 32 वर्षीय अतुल कुमार उर्फ सोनी मंगलवार की शाम छह बजे घर से निकला था। वह घर पर कुछ बताकर नहीं गया था। वह रात दस बजे तक घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने उसकी गांव मुं तलाश की। उसका गांव में पता नहीं चला। बुधवार की सुबह सात नगरिया मोड़ पर स्थित एक होटल की दीवार के पास मृतक अवस्था में पड़ा था। काफी संख्या लोगों की भीड़ लग गयी। इधर सूचना मिलने पर मृतक के परिवार वाले मौके पर पहुंच गए। विश्वनाथ ने चचेरे भाई अतुल उर्फ सोनी के शव मिलने की सूचना थाना पर दी।

• **मंगलवार को घर से निकला था, पत्नी बच्चों को लेकर मायके में रह रही है**

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार और नगरिया चौकी प्रभारी विशेष कुमार सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और होटल पर काम करने वाले कर्मचारियों से जानकारी की। मृतक के चचेरे भाई विश्वनाथ ने बताया कि अतुल मंगवालार की शाम को बिना बताए घर से निकला था और रात में उसकी तलाश की। उसका पता नहीं चला। मृतक अतुल की शादी 10 साल पहले मोनी निवासी सरोवर नगर थाना तिलहर के साथ हुई थी। उसकी पत्नी का विवाद हो जाने पर पुत्री माला, पुत्र आलोक व एक पुत्री को लेकर मायके चली गयी थी। तब से अतुल डिप्रेशन में था। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गर्रा नदी पुल के नीचे अज्ञात युवक का शव मिला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ककरा गर्रा नदी पुल के नीचे नदी में उतराता हुआ एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। चौक कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला। शव की शिनाख्त नहीं पाई है। ककरा गर्रा नदी पुल के नीचे बुधवार की सुबह साढ़े नौ बजे कुछ लोग मछली मारने के लिए गए। लोगों ने पानी में जलकुंभी में एक युवक का शव पड़ा देखा, पुल पर लोगों की भीड़ लग गयी। कुछ लोगों ने चौक कोतवाली को शव मिलने की सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अशवनी कुमार सिंह सिपाहियों के साथ गर्रा पुल के नीचे गए। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया। उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## मोबाइल चोरी किया मांगने पर पीटा

**सेहरामऊ दक्षिणी।** गांव रौरा निवासी व्यक्ति ने पड़ोसी का मोबाइल चोरी कर लिया। मोबाइल स्वामी को पता चलने पर उसने मांगा तो आरोपी ने अपने भाई और भतीजों के साथ मिलकर लाठी डंडे से पीटना शुरू कर दिया। पीड़ितों ने थाने पर सूचना दी है।

रौरा निवासी छोटे लाल की पत्नी राम किशोरी का एंड्रॉयड मोबाइल पांच दिन पहले घर से चोरी हो गया था। जिसे तलाश करने में परिजनों के साथ लगी महिला ने पड़ोसी के पास मोबाइल पकड़ लिया। बुधवार की सुबह राम किशोरी ने अपना मोबाइल वापस मांगा। इसी बात पर नाराज होकर आरोपी ने अपने भाई और तीन बेटों के साथ मिलकर लाठी डंडे से पीटना शुरू कर दिया। महिला के शोर मचाने पर बचाने दौड़े जेठ के लड़के ओमवीर को भी पीटकर घायल कर दिया।

# ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात किए मजिस्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भोर से ही गंगा घाटों पर श्रद्धालु ने किया स्नान, किया दान पुण्य

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर कछला गंगा घाट सहित अन्य घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने दान पुण्य किया गया और मां गंगा से परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। कछला गंगा घाट पर श्रद्धालु गहरे पानी में न जाएं इसके लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई। साथ ही गोताखोरों की भी ड्यूटी लगाई गई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत भारी संख्या पुलिस भी बल तैनात रहा।

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर कछला गंगा घाट आस्था से सराबोर रहा। सुबह से गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। कछला गंगा घाट पर कासगंज, बरेली, पीलीभीत, राजस्थान सहित अन्य जनपदों के लोगों ने गंगा स्नान किया। घाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला भोर से शुरू हो गया था। 10 बजे तक खासी भीड़ हो गई। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान करने के बाद सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। पूजा अर्चना की। साथ ही गंगा मैया से परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। श्रद्धालुओं के द्वारा गंगा घाट पर भंडारे का आयोजन किया गया था। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कछला गंगा घाट पर श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए पानी के अंदर बैरिकेडिंग की गई थी। साथ ही गोताखोरों की ड्यूटी लगाई गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। भारी संख्या में पुलिस भी तैनात रहा।


अटेना गंगा घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


अटेना गंगा घाट पर तैनात पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

### अटेना घाट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

**उसहैत, अमृत विचार :** ज्येष्ठ पूर्णिमा पर अटेना गंगा घाट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। गंगा में स्नान करने के बाद दान पुण्य किया। सुबह से लेकर दोपहर तक गंगा स्नान करने के लिए पहुंचते रहे। सुरक्षा के लिहाज से गंगा घाट पर पुलिस बल तैनात रहा। वहीं जेष्ठ पूर्णिमा पर लोगों ने गंगा स्नान करने के बाद कालसेन बाबा मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना की। बाबा काल सेन के दर्शन करने के बाद परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। इसके बाद उनके द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया।

## चार नवजातों की मौत मामले में साधा निशाना

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में बने एसएनसीयू वार्ड में नवजातों की मौत का सिलसिला नहीं थम रहा है। वेंटीलेटर और सीपैप मशीनों कबाड़ होने की वजह से सात जून को एक ही दिन में चार नवजातों की मौत हो गई थीं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इसपर टिप्पणी की है। उन्होंने अपने एक्स के एकाउंट पर लिखा है कि इधर-उधर की राजनीति छोड़कर अपने मंत्रालय पर ध्यान दें। और कुछ नहीं कहना, समाचार खुद ही सब कह रहा है।

महिला अस्पताल की ओर से शासन से कई बार पत्राचार करके नवजातों के लिए वेंटीलेटर और स्टाफ की मांग की गई थी लेकिन बताया जा रहा है कि मानक के अनुरूप न होने की वजह से शासन से वेंटीलेटर नहीं मिले। महकमा के पास बच्चों के लिए उपयोगी सीपैप मशीनें हैं लेकिन स्टाफ के प्रशिक्षित न होने की वजह से उनका प्रयोग नहीं हो रहा है। मशीनें धूल फांक रही हैं। एक ही दिन में चार नवजातों की मौत का मामला शासन तक पहुंचा। लखनऊ से आई टीम ने जिला अस्पताल में निरीक्षण किया। चिकित्सकों से बात करके रिपोर्ट तैयार की है। अब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मामले को उछाला है।

# अंतर्जनपदीय स्थानांतरण का लाभ शिक्षकों को नहीं मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले के शिक्षकों का नहीं हो सकेगा स्थानांतरण, शुरू हो चुकी है प्रक्रिया
- दूसरे जिलों से आएंगे 1085 से शिक्षक, स्कूलों में रिक्त हैं शिक्षकों के पद

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन इसका लाभ जिले के शिक्षकों को नहीं मिलेगा। शिक्षकों की कमी होने की वजह से उनका स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। जिले के स्कूलों में 1085 सहायक और 130 प्रधानाध्यापक पद रिक्त हैं। इन पदों को दूसरे जनपदों से आने शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों से भरा जाएगा।

जिले के अंदर और गैर जनपद के लिए परस्पर स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब अंतर्जनपदीय ट्रांसफर प्रक्रिया बेसिक शिक्षा विभाग में शुरू हो चुकी है। लेकिन इसका लाभ जिले के स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को नहीं मिलेगा, जबकि करीब एक हजार से अधिक ऐसे शिक्षक कार्यरत हैं। जो पिछले तैनाती के बाद से कार्य कर रहे हैं और वह अपने गृह जनपद जाना चाहते हैं। स्थानांतरण पाने की इच्छा रखने वाले ऐसे शिक्षकों के हाथ मायूसी लगी है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मानें तो जिले में शिक्षकों की भारी कमी है। कई स्कूल शिक्षामित्रों के सहारे चल रहे और कई स्कूल ऐसे भी हैं जिनमें मात्र एक ही शिक्षक कार्यरत है। ऐसे में अगर शिक्षकों का स्थानांतरण कर दिया गया तो स्कूल शिक्षक विहीन हो जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि जिन जिलों में शिक्षकों की कमी है वहां के शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं होगा। ऐसे में दूसरे जनपदों में कार्यरत शिक्षक आ सकते हैं, लेकिन यहां से जा नहीं सकते। जिले में 1085 सहायक अध्यापक और 130 प्रधानाध्यापक के पद खाली हैं। जिसकी सूची शासन की ओर से जारी कर दी गई है।

> अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। लेकिन इसका लाभ जिले में कार्यरत शिक्षकों को नहीं मिलेगा। जिले से किसी भी शिक्षकों का ट्रांसफर दूसरे जनपद के लिए नहीं किया जाएगा। यहां अन्य जनपदों के शिक्षक आ सकेंगे।
> – **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

### अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।

ईमेल :budaun@amritvichar.com

### शहर में आज

- मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यालय पर कार्यक्रम दोपहर 3 बजे।

### एक नजर

#### मंदिर के स्थापना दिवसपर किया अखंड रामायण का पाठ

**बिल्सी, अमृत विचार :** बंबा चौराहे के निकट स्थित श्री बद्री नारायण महाराज मंदिर का 23वें स्थापना दिवस पर गया। स्थापना दिवस पर मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इसका समापन होने पर बुधवार को भंडारा कराया गया जिसमें सैकड़ों ने प्रसाद को ग्रहण किया। मंदिर के महंत रंजन पंडित ने कहा कि रामायण का पाठ सुनने से मनुष्य को समस्त पापों से मुक्ति मिल जाती है। उन्होंने बताया कि पिछले 23 वर्षों से लगातार मंदिर के स्थापना दिवस पर धार्मिक कार्यों का आयोजन किया जा रहा है। बाद में आरती कर भंडारा कराया गया। यहां सबसे पहले मंदिर में कन्याओं को सहभोज कराया गया। उसके बाद सभी लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद पाने के लिए मंदिर के बाहर भीड़ लग गई। इसको सफल बनाने में दिनेश दीक्षित, राजन शर्मा, अतुल वाष्र्णेय, मनोज कुमार, गौतम माहेश्वरी, पीनू माहेश्वरी, विनीत असावा, राजू वर्मा आदि का सहयोग रहा।

#### व्यापारियों ने राहगीरों में बांटा शरबत

**बिल्सी, अमृत विचार :** जेष्ठ माह की पूर्णिमा पर बुधवार को नगर के महाराणा प्रताप राजकीय डिग्री कालेज के गेट पर व्यापारियों ने शिविर लगाकर राहगीरों को शरबत वितरित कर पुण्य कमाने का काम किया। भीषण गर्मी में मीठा शरबत पीकर लोगों ने राहत महसूस की। एसएस बिजनेस प्वाइंट के संचालक सचिन कुमार सक्सेना उर्फ कल्लू ने बताया कि ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर राहगीरों को ठंडा पानी और शरबत वितरण करने से लोगों को पुण्य की प्राप्ति होती है। वह कई वर्षो से यहां पूर्णिमा पर शरबत का वितरण करते चले आ रहे है। उन्होंने राहगीरों को रोक-रोक शरबत पिलाया पुण्य लाभ कमाया। इस मौके पर अमित वाष्र्णेय, अर्पित शर्मा, निखिल सक्सेना, मनोज कुमार, हर्षित सोमानी, ललित गिरि, सचिन सक्सेना आदि का सहयोग रहा।

#### लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारियां दी

**मुजरिया, अमृत विचार :** मुजरिया चौराहा स्थित कैंप कार्यालय पर बैठक का आयोजन हुआ। इसमें केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा पदाधिकारियों ने लोगों को योजनाओं से अवगत कराया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष के पी सिंह लोधी ने कहा कि केंद्र ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न योजनाओं को लागू किया है। जिसका लाभ गरीब और वंचित परिवारों को मिल रहा है। बैठक में ठाकुर राजेश कुमार सिंह तोमर, उपदेश चौहान, डालचंद मिश्रा, गोविंद सोलंकी सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 21 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बदायूं, अमृत विचार:** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस बार योग दिवस योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर मनाया जाएगा। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए 15 जून से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके निर्देश डीएम ने अधिकारियों को दिए हैं।

बुधवार को कलेक्ट्रेट आयोजित बैठक में डीएम अवनीश राय ने कहा कि योग प्रत्येक मनुष्य के मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं। अधिकारियों से आमजन को योग की महत्वता से अवगत कराते हुए योग सप्ताह व 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप मनाया जाएगा। सभी तहसीलों उप जिलाधिकारी के स्तर से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, नगर मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल सहित अन्य अधिकारी व योग गुरु मौजूद रहे।

# किसानों को जैविक खेती और बीज शोधन की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ब्लॉक सलारपुर के ग्राम रजलामई में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम रजलामई में किया गया। आयोजन का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती, उन्नत पशुपालन, मृदा स्वास्थ्य और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देना था।

ब्लॉक सलारपुर के ग्राम रजलामई में कार्यक्रम भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली, कृषि विज्ञान केंद्र दातागंज, बदायूं द्वितीय, इफको विभाग, सलारपुर, एवं स्थानीय सोसाइटी के सहयोग से आयोजित किया। इसमें बड़ी संख्या में किसान, महिला कृषक, ग्रामीण और युवा शामिल हुए। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को जैविक खेती, बीज शोधन, समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन, पशुपालन में संतुलित आहार, मृदा परीक्षण, फसल विविधीकरण जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही मौसम आधारित खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. अनिल कुमार ने उर्वरक प्रबंधन और इफको की योजनाओं पर प्रकाश डाला। अमित सक्सेना ने सोसाइटी के माध्यम से किसानों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी। बीएमटी ज्ञानेंद्र कुमार ने ब्लॉक स्तरीय योजनाओं और तकनीकी सहायता के लिए विभागीय संसाधनों का लाभ उठाने के लिए किसानों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि यंत्र अनुदान योजना जैसे कई सरकारी लाभकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। आयोजन का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती, उन्नत पशुपालन, मृदा स्वास्थ्य और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देना था।

## आज प्रभारी मंत्री गुलाब देवी करेंगी मेधावियों का सम्मान

**बदायूं, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषदीय मेधावियों को सम्मानित कर रहा है। हाईस्कूल इंटरमीडिएट की टॉप टेन सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा। इसमें प्रभारी मंत्री गुलाब देवी उपस्थित रहेंगी। वह मेधावियों को सम्मानित करेंगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक विभाग द्वारा सम्मानित किए जाने वाले छात्रों की सूची तैयार कर ली है। यूपी बोर्ड की ओर से 24 अप्रैल को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम जारी किया गया। परीक्षा में 20 विद्यार्थियों ने टॉप टेन सूची में जगह बनाई है। हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा के मेधावियों को माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिले टॉपर रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के तहत 21-21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया जाएगा। मेधावियों के सम्मान के लिए सम्मान समारोह गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा।

# हवन-पूजन के बाद नेता झुकसा मेला शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला पंचायत ने शुरू कराया चार दिवसीय मेला
- एएमए ने फीता काट कर मेले का किया शुभारंभ

**अमृत विचार :** हर साल ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर लगने वाले मेला नेता झुकसा का बुधवार को हवन पूजन के बाद जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। यह मेला चार दिनों तक चलता है जिससे पूरी व्यवस्था जिला पंचायत की होती है।

विकास क्षेत्र समरेर के ग्राम नेता झुकसा में प्रति वर्ष ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर मेला लगता है। यह मेला जिला पंचायत द्वारा आयोजित किया जाता है। मेले की सभी व्यवस्थाएं जिला पंचायत प्रशासन के अधीन होती हैं। इस बार पांच दिन पूर्व से ही जिला पंचायत ने मेला स्थल पर डेरा तंबू लगा दिए। इसमें अधिकारी लोग विश्राम करेंगे। इस मेले की भव्यता बरेली मंडल में अपनी अलग जगह रखती है। पूरी शान ओ शौकत के साथ लगने वाले मेला नेता झुकसा में जनपद शाहजहांपुर, बरेली और फर्रुखाबाद जिले के दुकानदार बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

बुधवार को जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मंडल में इस मेले का अपना अलग महत्व है। नेता झुकसा के मेले में आने को दुकानदार साल भर इंतजार करते हैं। व्यापारी, लोग यहां बड़ी संख्या में आते हैं जो कपड़ा और फर्नीचर की दुकान लगाते हैं। बदायूं सहित चारों जिलों के लोग इस मेले में खरीदारी करने पहुंचते हैं। मेला चार दिन तक चलेगा। वैसे यह मेला करीब दो सप्ताह तक चलता है। लेकिन जिला पंचायत चार दिन तक मेले की व्यवस्थाएं देखता है। मेले की सुरक्षा को यहां पर कोतवाली बनायी गई है। ब्लॉक और जनपद स्तर के अधिकारियों को अलग अलग डेरा तंबू लगाए गए हैं। शौच और स्नान की जिला पंचायत की ओर से व्यवस्था की गई है।


फीता काटकर मेले का शुभारंभ करते एएमए दिनेश प्रताप सिंह।

### रात में होता है नौटंकी का आयोजन

नेता झुकसा के मेले में खेल तमाशे, सर्कस, झूला, सिनेमा, सहित अनेक मनोरंजन के संसाधन मौजूद रहते हैं। इस मेले में सदियों पुरानी परंपरा के तहत नौटंकी आती है जो रात को लाखों लोगों को मनोरंजन कराती है। नौटंकी के नाम से दूसरे जिलों के लोग रात को पहुंचते हैं। नौटंकी के चलते यहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाती है।

# प्रधान और सचिव ने कर दिया लाखों रुपये का खेल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कागजों में करा दिए विकास कार्य प्रधान ने देवर के खाते में भेजी धनराशि
- गांव में खराब पड़े हैंड पंप, डीएम ने लेखा परीक्षा अधिकारी को सौंपी जांच

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये से विकास कार्य किए जाते हैं। संबंधित फर्म को भुगतान भी किया जाता है। इसका ऑडिट हर साल होता है। इसके बाद भी प्रधान और सचिव सरकारी धन का दुरुपयोग करने से नहीं चूकते। ब्लॉक जगत की ग्राम पंचायत रुपापुर में प्रधान और सचिव ने मिलकर लाखों रुपये का खेल कर दिया। कागजों में कार्य दिखाकर प्रधान ने अपने देवर के बैंक खाते में धनराशि भेज दी और आपस में बंदरबांट कर लिया। इसकी शिकायत होने पर डीएम ने ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा बरती गई वित्तीय अनियमितताओं की जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए डीएम ने महालेखा परीक्षक अधिकारी को नामित किया है।

गांव निवासी मुकेश, प्रकाश, संजीव, सत्यपाल आदि ने डीएम को शपथ पत्र के साथ सौंपे शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान और सचिव पर गांव में कराए गए विकास कार्य में बरती गई वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ग्राम प्रधान ने प्राथमिक स्कूल में शौचालय का निर्माण कराया था। इसका भुगतान देवर दीपक कुमार के नाम पर फर्म दिखाकर कर दिया। गांव में सफाई कार्य के नाम पर 14220 रुपये निकाले गए। इस धनराशि का भुगतान प्रधान ने अपने देवर के बैंक खाते में किया। इसके अलावा ग्राम और सचिव द्वारा विभिन्न स्थानों पर मिट्टी का भराव होना दर्शाया गया है। जिसका भुगतान उन्हें अपने दूसरे देवर अरुण कुमार के बैंक खाते में किया। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि प्रधान द्वारा सरकारी हैंडपंप की मरम्मत कराने के नाम पर हजारों रुपये का गबन किया गया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने महालेखा परीक्षक अधिकारी को जांच के आदेश दिए हैं।

### सचिव और प्रधान आपस में रिश्तेदार

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ग्राम प्रधान और गांव में तैनात सचिव आपस में रिश्तेदार हैं। जिस कारण किसी भी तरह का पेमेंट कराना आसान हो गया। दोनों ने मिलकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है।


> ग्राम पंचायत रुपापुर में वित्तीय अनियमितताएं बरते जाने की शिकायत हुई थी। इसकी जांच के आदेश डीएम स्तर से महालेखा परीक्षक अधिकारी को दिए हैं। – **यावर अब्बास**, डीपीआरओ

# नाला निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

संवाददाता, बिनावर

**अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर के गांव नदौलिया में पंचायत निधि से नाला निर्माण कराया जा रहा है। नाला निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए जांच कराने की मांग की है।

ग्राम नदौलिया के ग्रामीणों का आरोप है कि नाला निर्माण में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। घटिया सामग्री से निर्माण कराया जा रहा है। नाले में पीला ईंट लगाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व प्रधान द्वारा विकास कार्यों में भ्रष्टाचार कर सरकार की छवि धूमिल की जा रही है। घटिया कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। ग्रामीणों ने नाला निर्माण की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। नाला निर्माण में लगने वाली पीला ईंटों के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहें हैं। फिलहाल मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद ग्राम प्रधान ने पीला ईंटों को मौके से हटा दिया है।


नाला निर्माण में लगाई जा रही पीली ईंट।

# पेंशन का सत्यापन नहीं करा पाया विभाग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नगर क्षेत्र सहित कई ब्लॉकों में सत्यापन होना बाकी
- 25 मई तक कार्य पूरा कर रिपोर्ट भेजने के थे आदेश

**अमृत विचार:** निराश्रित, वृद्धावस्था और विकलांग पेंशन में हो रहे फर्जीवाड़े को लेकर शासन गंभीर है। पेंशन योजना में फर्जीवाड़ा होने पर शासन स्तर से सत्यापन करने के आदेश दिए गए थे। इसकी रिपोर्ट 25 मई तक मांगी थी, लेकिन जिला प्रोबेशन विभाग निराश्रित योजना के तहत पेंशन पाने वाले लाभार्थियों का सत्यापन अब तक नहीं करा पाया है। अभी दो ब्लॉक और नगर क्षेत्र में सत्यापन होना शेष है।

25 अप्रैल को शासन स्तर से समाज कल्याण विभाग और उससे संबंधित अन्य विभागों में पेंशन पाने लाभार्थियों का सत्यापन कराने के आदेश दिए गए थे। इसमें वृद्धावस्था पेंशन का लाभ ले रहे लाभार्थियों का सत्यापन समाज कल्याण विभाग, विकलांग पेंशन के लाभार्थियों का सत्यापन दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी और निराश्रित महिला पेंशन पाने वाले लाभार्थियों का सत्यापन जिला प्रोबेशन अधिकारी को कराना था। जिले में निराश्रित पेंशन का लाभ 57 हजार से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। इनका सत्यापन करने के लिए जिला प्रोवेशन विभाग द्वारा सीडीओ के माध्यम से ग्राम सचिव और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आदेश जारी किए गए थे। सचिव और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को पेंशन लाभार्थियों का सत्यापन 10 मई तक पूरा किया जाना था।

इसकी हस्ताक्षरित सूची जिला प्रोबेशन विभाग को 15 मई तक भेजनी थी। सत्यापन के बाद मिलने वाले अपात्र, मृतक लाभार्थियों की पेंशन बंद कर रिपोर्ट शासन में 25 मई तक भेजी जानी थी, लेकिन निर्धारित तिथि तक जिला प्रोबेशन विभाग निराश्रित पेंशन लाभार्थियों का सत्यापन नहीं करा पाया।

लापरवाही का आलम यह है कि भी दो ब्लॉक और नगर क्षेत्र में निराश्रित पेंशन का लाभ पाने वाले लाभार्थियों का सत्यापन होना शेष है। विभाग की इसी लापरवाही के कारण तमाम अपात्र और मृतकों के खातों में पेंशन की धनराशि पहुंच रही है। यह कर्मचारियों की लापरवाही उजागर करती है।

> निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों का सत्यापन शेष है। दो ब्लॉक और नगर क्षेत्र में सत्यापन होना शेष है। सत्यापन पूरा होने के बाद अपात्र और मृतक की पेंशन बंद कर रिपोर्ट शासन में भेजी जाएगी।
> – **अभय कुमार**, जिला प्रोबेशन अधिकारी

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
M.Ed.
B.Ed
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastructure
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

## ब्रेकर पर अनियंत्रित हुई बाइक, गिरकर बुजुर्ग महिला घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कछला-शाहबाद हाईवे स्थित गांव मिश्रीपुर मुकईया के पास एक बुजुर्ग महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई। जिससे आनन-फानन में बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां महिला का इलाज चल रहा है।

तहसील बिल्सी क्षेत्र के गांव उलैया निवासी अनेकपाल और उनकी पत्नी ब्रजवती बुधवार सुबह पूर्णिमा के उपलक्ष्य में करीब सात बजे बाइक से गंगा स्नान करने के लिए कछला जा रही थे। गांव मिश्रीपुर मुकईया के पास ब्रेकर पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई।

जिससे बाइक पर पीछे बैठीं ब्रजवती हाइवे पर जा गिरीं और घायल हो गई। इस दौरान राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। राहगीरों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।


# बिजली कटौती से उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

## सैकड़ों लोगों ने रात 3 बजे छह सड़का पर किया जमकर हंगामा, अधिकारियों के खिलाफ की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। रात को बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। शहर से लेकर देहात तक बिजली की आंख मिचौली से हाहाकार मचा हुआ है। उपभोक्ता रात को सड़कों पर उतर कर हंगामा कर रहे हैं। बिजली विभाग के खिलाफ बुधवार को कई जगह प्रदर्शन किए गए।

दो दिन से जिले भर में बिजली व्यवस्था ध्वस्त है। कहीं पर भी बिजली सप्लाई शेड्यूल के अनुसार नहीं मिल रही है। मंगलवार की रात को 10 बजे के बाद बिजली गुल हो गई। इससे शहर में अंधेरा छा गया। भीषण गर्मी में लोग घरों से बाहर निकल आए। कुछ देर बाद सप्लाई शुरू हो गई, लेकिन थोड़ी देर बाद फिर से बिजली गुल हो गई। रात दो बजे पूरे शहर की बिजली गुल हो गई। गर्मी में पंखा कूलर एसी बंद होने से उपभोक्ताओं के पसीने छूट गए। सैकड़ों लोगों ने रात तीन बजे छह सड़का पर


ट्रांसफार्मर की केबल जली हुई।

- सुबह सात बजे सप्लाई शुरू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली
- दोपहर को कबूलपुरा में ट्रांसफार्मर में आग लगने से फिर हो गई बिजली गुल

हंगामा किया। बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की, लेकिन सप्लाई शुरू नहीं हुई। इससे शहर के घंटाघर, पुराना बाजार, मुख्य बाजार, टिकट गंज, ब्राह्मपुर, गद्दी चौक, रजी चौक, शहवाजपुर, नई सराय, कल्यान नगर, मंडी समिति, आदर्श नगर, सिविल लाइन, डीएम रोड, कचहरी क्षेत्र, प्रोफेसर कॉलोनी, खेड़ा नवादा, आरिफपुर नवादा, मझिया रोड, टयूवबैल कॉलोनी, कबूलपुरा, सोथा मोहल्ला, नेकपुर, सहित पूरा शहर गर्मी में बिनी बिजली के परेशान रह। बुधवार को सुबह सात बजे जब सप्लाई शुरू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद दोपहर को कबूलपुरा में रखे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। फिर पूरे कबूलपुरा क्षेत्र की बिजली गुल हो गई, जो चार घंटे बाद शुरू हुई। बिजली कटौती और ट्रिपिंग से दो दिन से हाहाकार मचा हुआ है। विभागीय अधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं। उपभोक्ताओं को इससे और परेशानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र में भी मंगलवार की रात को बिजली गुल रही। दस दस मिनट बाद बिजली आती जाती रही। उसके बाद रात तीन बजे बिजली गुल हो गई। इससे सखानू क्षेत्र के गांव ईकरी, जगत, भसराला, इस्लामगंज, उनौला, नैथू, खिरिया, बीबीपुर, बूचेनगला, सहित करीब पचास गांवों के लोग रात को बिना बिजली के रहे। सखानू के लोगों ने फरूखाबाद रोड पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया।

### बिजली उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा, अधिशासी अभियंता का किया घेराव

आसफपुर, अमृत विचार : आसफपुर कस्बे में लगातार हो रहे बिजली फाल्ट और जर्जर केबलों से सप्लाई बाधित रहने से उपभोक्ताओं का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। वर्षों से विद्युत व्यवस्था से त्रस्त दर्जनों उपभोक्ताओं ने बिसौली स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। विद्युत उपभोक्ता संघ आसफपुर के बैनर तले एकजुट होकर पहुंचे उपभोक्ताओं ने एक्सईएन को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र में जर्जर केबल को तत्काल प्रभाव से बदलने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि सात दिन में समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में राघवेंद्र शर्मा, हर्षित मिश्रा, मयंक पाठक, सिद्धान्त राठौर, वैभव गुप्ता, अनुभव शर्मा, मोंटी सिद्दीकी, फराज अहमद समेत दर्जनों उपभोक्ता शामिल रहे।

### जनता में आक्रोश जानमाल का खतरा

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि कस्बे के कई इलाकों में दशकों पुरानी एल्यूमीनियम केबिल लटक रही हैं, जिनसे अक्सर चिंगारी निकलती है और फाल्ट के कारण घंटों बिजली गुल रहती है। कई बार इन तारों की वजह से जानलेवा हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन विभाग अनदेखी करता रहा है।

### बिना शट डाउन फाल्ट ठीक करने के निर्देश से रोष

शहर के पनबड़िया बिजली घर पर काम करने वाले संविदा कर्मियों ने बताया कि एसडीओ का कहना है कि लाइन में फाल्ट होने पर शट डाउन न लें। ऐसे ही लाइन को ठीक करें। एसडीओ द्वारा दिए गए उक्त निर्देशों को लेकर संविदा कर्मियों में भारी रोष है। कहा बिना शट डाउन लिए लाइन ठीक करना खतरे से खाली नहीं है। इस तरह तो दुर्घटना हो सकती है।

> इन दिनो गर्मी अधिक हो रही है। केवल जल रही है। जगह जगह केबल जलने की घटनाएं हो रही हैं। ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। उन्हें ठीक करने में दो से चार घंटे का समय लगता है। इससे उपभोक्ताओं को दिक्कत होती है। प्रयास किया जा है कि उपभोक्ताओं को समय से बिजली मिले। **– संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता प्रथम

## 10 दिन से नहीं आ रही बिजली ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार :** कादरचौक के गांव बेहटा डंबर नगर में 10 दिन से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। इससे गांव में बिजली नहीं आ रही है। परेशान ग्रामीणों ने बुधवार को फुंके ट्रांसफार्मर के पास एकत्र होकर प्रदर्शन किया और बिजली सप्लाई शुरू कराने की मांग की।

क्षेत्र के गांव बेहटा डंबर नगर में ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी हो रही है। घरों में बच्चों और महिलाओं को बेहद समस्या बनी हुई है। दस दिन से बिजली उपकरण बंद हैं। मोबाइल फोन चार्ज नहीं हो रहे हैं। पंखे और कूलर बंद हैं। दिन रात लोगों को भीषण गर्मी में गुजारने पड़ रहे हैं। अधिकारियों से शिकायत की गयी मगर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया जिससे परेशान


फुंके ट्रांसफार्मर के पास प्रदर्शन करते ग्रामीण।

उपभोक्ताओं ने बुधवार को फुंके ट्रांसफार्मर के पास एकत्र होकर प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन से मांग की कि ट्रांसफार्मर को जल्द ठीक कराया जाए।

### शराब की दो दुकानों से चोरी

बदायूं, अमृत विचार : चोरों ने वजीरगंज क्षेत्र के गांव वनकोटा और कंजुआ की देशी शराब की दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने दुकान का जाल उखाड़ लिया और भीतर घुस गए। वनकोटा की दुकान से शराब की तीन पेटियां और कंजुआ की दुकान से शराब की 30 पेटियां और 11 हजार 500 रुपये नगदी चोरी कर ली। चोरों ने दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे और डीबीआर उखाड़ दिए।

## एक भी पैथोलॉजी लैब के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब की जांच केलिए नामित किए गए जिला मलेरिया अधिकारी ने तीन माह में मात्र पांच लैब की जांच की, लेकिन किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। जिले में 500 से अधिक प्राइवेट पैथोलॉजी लैब हैं, जबकि रजिस्टर्ड लैब की संख्या मात्र 28 है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते अवैध तरीके से पैथोलॉजी लैब का संचालन करने वाले लोगों को लूट रहे है।

सीएमओ ने नोडल को मार्च में उन्हें लैब की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी। लेकिन तीन माह से अधिक का समय बीत चुका है अभी तक मात्र पांच पैथोलॉजी लैब की जांच की गयी है। इनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई इसकी जानकारी नहीं दी गई है। लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी से लेकर बारिश शुरू होने तक बुखार और मलेरिया, डायरिया, पीलिया, जैसी बीमारियां फैलती हैं। इन बीमारियों के शिकार मरीज

- तीन महीने में नोडल ने पांच स्थानों पर की छापेमारी
- निजी लैब संचालक धड़ल्ले से कर रहे जांच

अधिकांश प्राइवेट पैथोलॉजी लैब पर ब्लड की जांच कराते हैं। प्राइवेट पैथोलॉजी लैब से मिलने वाली ब्लड रिपोर्ट गलत होती है। अधिकांश मरीजों को डेंगू या मलेरिया की पुष्टि कर दी जाती है। महंगे दामों पर होने वाली जांच ठीक से न होने के कारण मरीजों को दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस धोखाधड़ी को रोकने के लिए लैब की जांच कराने को अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। तीन माह में पांच जगहों पर जांच होने की जानकारी मिली है। लेकिन कहां किसके खिलाफ कार्रवाई की गई इसकी जानकारी नहीं दी गयी है। सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि नोडल मलेरिया अधिकारी डॉ. योगेश सारस्वत ने क्या कार्रवाई की इसकी जानकारी की जाएगी। निर्देश दिए गए हैं कि बिना रजिस्ट्रेशन वाली पैथोलॉजी लैब नहीं चलने दी जाएगी।

## समाजसेवी की पुण्यतिथि पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम



**बदायूं, अमृत विचार :** बदायूं गौरव क्लब एवं बदायूं गौरव महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में बदायूं गौरव क्लब के संस्थापक एवं समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर 13 जून को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा नेता क्लब के मुख्य सचिव अमन मयंक शर्मा ने बताया कि सुबह आठ बजे से इंद्रा चौक पर गरीबों को वस्त्र वितरित किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे से कोठीवाला मंदिर टिकटगंज पर शरबत वितरण किया जाएगा। शाम 5 बजे सूर्यकुंड स्थित गुरुकुल् पर बच्चों को पाठय सामग्री वितरित की जाएंगी। बैठक में बदायूं गौरव क्लब के सहसचिव गौरव पाठक, महिला प्रकोष्ठ की सचिव गीता शर्मा, अंजलि मिश्रा, वैदिक पाठक, प्रज्ञा अमन मयंक पाठक, रितेश उपाध्याय, अचिन मासूम, नियति मिश्रा, काव्या पाठक, शैलेन्द्र शर्मा, रमेश गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## प्रकृति के नजदीक जाकर जीवन जीने की कला सीखी

कार्यालय संवाददाता बदायूं

**अमृत विचार :** भारत स्काउट और गाइड संस्था की ओर से प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र अल्मोड़ा के शीतलाखेत में चल रहे नेचर स्डटी कम ट्रेनिंक कैंप और एडवेंचर शिविर के दूसरे दिन घनें जंगलों, दुर्गम पहाड़ियों और कंदराओं से होते हुए स्काउट गाइड श्री श्री 1008 हैड़ाखान बाबा आश्रम पहुंचे। विभिन्न औषधीय पौधों की जानकारी दी गई। नेचर स्डटी कम ट्रेनिंक कैंप के लीडर आफ द कोर्स विष्णु विश्वकर्मा और एडवेंचर प्रोग्राम लीडर आफ द कोर्स अमित सैनी के नेतृत्व में बदायूं, बनारस, कुशीनगर और लखनऊ के स्काउट-गाइड और रोवर-रेंजर ने प्रकृति के नजदीक जाकर जीवन जीने की कला सीखी। प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत अल्मोड़ा के प्रभारी त्रिवेंद्र कुमार, इंस्टेक्टर मोहित कुमार, आनंद मालियान, मोहम्मद रहीस, गीता, रोहित गुप्ता, जीवन गोला, अभिषेक, दिलीप, रुस्तम, रत्नेश, आदित्य, पंकज, अंकिता, डॉली, तन्नु, संजना, दीपाली, शालिनी, खुशी, आयुषी, शैलेंद्र, उदय आदि मौजूद रहे।


शिविर के दौरान शीतलाखेत में मौजूद स्काउट-गाइड। ● अमृत विचार

## गन्ना में रेड रॉट बीमारी की एडवाइजरी जारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गन्ने की फसल को रेड रॉट बीमारी से बचाने के लिए गन्ना आयुक्त की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। गन्ना किसानों को हिदायत दी गई है कि यदि गन्ने के खेत में बीमारी दिखे तो दवा का छिड़काव करें। इससे गन्ने की कीट दूसरे खेतों तक न पहुंच सके।

गन्ने की फसल में हर साल जुलाई माह में बीमारी लगती है। इसमें मुख्य रूप से गन्ने में रेड रॉट बीमारी से गन्ने को भारी नुकसान होता है। गन्ने की फसल को बीमारी से बचाने को गन्ना किसानों को सुझाव दिया गया है कि कुछ क्षेत्रों में गन्ने की 0238 प्रजाति में गन्ने की पत्तियों में लाल सड़न रोग के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। लाल सड़न एक फफूंद जनित रोग है। जो पत्तियों के निचले भाग में शुरू होता है और फिर ऊपर की ओर बढ़ जाता है। इसका कीट लाल रंग का होता है जो रुद्राक्ष की माला के मोतियों की तरह दिखते हैं। माह, जुलाई और अगस्त से इस बीमारी से गन्ने की पत्तियां टूटना शुरू हो जाती हैं और फिर पूरा अगौला सूख जाता है। गन्ने का रंग भी लाल हो जाता है जिसका वजन कम होता है। गन्ना किसानों को सुझाव दिया गया है कि लाल सड़न रोग की रोकथाम के


खेत में खड़ी गन्ने की फसल। ● अमृत विचार

- कीट प्रभावित गन्ने पर करें दवाओं का छिड़काव
- गन्ना आयुक्त के आदेश को विभाग ने किया लागू

लिए कीट लगे पौधे को निकाल कर फेंक दें। थायोफेनेट मिथाइल 70 डब्लू पी व एजॉक्सीस्ट्रोबिन 18,2 डाई फेनोकोनाजोल 11,4 एस सी के घोल का छिड़काव करें। प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी प्रमोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि कंडुआ भी गन्ने का फफूंदी जनित रोग है। रोगी पौधे की पत्तियां छोटी नुकीली और पंखे की आकार जैसी हो जाती हैं। गन्ना लंबा व पतला हो जाता है। इस बीमारी से बचाव के लिए किसान बुवाई के समय गन्ने के टुकड़ों को प्रोपिकोनाजोल या कार्बेन्डाजिम 50 डब्लू पी के के 0,1 प्रतिशत घोल में बीज को दस मिनट तक उपचारित करें। इसके बाद गन्ने को बीमारियों से बचाव संभव है। जनपद में कुल गन्ना खेती का रकबा 18 हजार हेक्टेयर है। जबकि कुछ साल पहले तक 20 हजार हेक्टेयर से अधिक था। इन दिनों गन्ना खेती को सर्वेक्षण किया जा रहा है जो अब तक 90 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। शासन स्तर से निर्देशित किया गया है कि मानसून की पहली बारिश से पहले ही सर्वे पूरा कर लिया जाए।

> शासन की ओर से गन्ना किसानों को एडवाइजरी जारी की गई है कि गन्ने का रेड रॉट बीमारी या अन्य बीमारियों से बचाने के लिए रासायनिक दवाओं का छिड़काव किया जाए। समय से पानी दिया जाए खराब गन्ने को खेत से निकाल कर फेंक दें जिससे अन्य पौधे सुरक्षित रह सकें। गन्ना किसानों को उक्त एडवाइजरी से अवगत करा दिया गया है। **– अशर्फी लाल**, जिला गन्ना अधिकारी

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

### सार-संक्षेप

#### सदर विधायक ने राहगीरों को वितरित किया शरबत



**बदायूं, अमृत विचार :** हरि बोल सेवा समिति की ओर से हाफिज सिद्दीकी इस्लामियां इंटर कॉलेज के सामने शिविर लगाकर राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता राहगीरों को रोककर शरबत पिलाया। सदर विधायक ने कहा कि समाजसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। वर्तमान में भीषण गर्मी है। ऐसे मौसम में प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाने से बहुत ही पुण्य मिलता है। मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी भीमसेन सागर, समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, विश्वजीत गुप्ता, अंकित मौर्य, हिमांशु कठेरिया, शरद भारद्वाज, लाले गुप्ता, अनूप पटेल, गौरव सक्सेना, जितेंद्र गिरी, निखिल प्रजापति आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

#### परिषदीय स्कूल में समर कैंप का हुआ समापन




**विजय नगला, अमृत विचार :** सालारपुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंगरौरा में चल रहे समर कैंप का समापन हो गया। समापन पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समर कैंप में सत्रों में बच्चों द्वारा विभिन्न क्रिया कलापों, गतिविधियों, लोकनृत्य, डिजिटल ज्ञानवर्धक सत्र, योग आदि रोचक गतिविधियों के अनुभव साझा किए गए। अनुदेशक मोहित शर्मा व सुधाकर द्वारा अच्छे क्राफ्ट व योग प्रदर्शन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नन्हे सिंह, ग्राम प्रधान सपना, वीरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्नान के दौरान गंगा में लापता हुआ बुजुर्ग

**बदायूं, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ थी। दूर - दराज से श्रद्धालु गंगा स्नान करने आए थे। मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव रसूला निवासी थान सिंह (54) पुत्र कोमल भी गंगा स्नान करने कछला स्थित भागीरथी घाट आए थे। स्नान के दौरान वह गंगा में गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने शोर मचाया तो गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगाई। गंगा में बुजुर्ग को तलाश किया, लेकिन देर शाम तक कुछ पता नहीं चल सका।

### 20 जून तक फीड करें शत प्रतिशत डाटा

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल शिक्षा के महानिदेशक के निर्देश के अनुसार आरटीई पोर्टल पर नए शैक्षिक सत्र 2025-26 में नव प्रवेशित बच्चों का डाटा फीड किए जाने और नई मान्यता प्राप्त विद्यालयों की मैपिंग व रजिस्ट्रेशन, पोर्टल पर पहले से रजिस्टर्ड विद्यालयों के डाटा में संशोधन के लिए अनुरोध पर पोर्टल 20 जून तक के लिए खोला गया है। बीएसए ने प्रधानाध्यापकों को सत्र में नव प्रवेशित बच्चों का शतप्रतिशत डाटा निर्धारित तिथि तक फीड करने का निर्देश दिया है।

# पहले से थी भागने की तैयारी, आरडी की बजाय एफडी पर था ज्यादा फोकस

## हजारों निवेशकों के करोड़ों रुपये लेकर भाग चुकी अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं



अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी का बंद पड़ा कार्यालय। ● अमृत विचार

- कंपनी के एजेंटों को आरडी पर 5 और एफडी पर मिलता था 15 प्रतिशत कमीशन

**अमृत विचार :** अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी सैकड़ों लोगों के करोड़ों रुपये लेकर फरार हो चुकी है। कंपनी में निवेश करने वाले लोग परेशान हैं। प्रशासन की ओर उम्मीद लगाए बैठे हैं कि उन्हें रुपये वापस मिल जाएं। कंपनी मालिक और फर्जीवाड़ा करने वाले एजेंट के खिलाफर रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही हैं। वहीं कुछ छोटे एजेंटों का कहना है कि कंपनी मालिक ने कई महीने पहले से भागने की तैयारी कर ली थी। इसके चलते कंपनी मालिक उनपर आरडी (आवर्ती जमा) की बजाय ज्यादा से ज्यादा एफडी (सावधि जमा) खोलने पर दवाब डालते थे। इससे एक बार में इकट्ठे रुपये मिल सकें।

शहर के हर मोड़ पर कोई न कोई ऐसा व्यक्ति है जिसने ज्यादा ब्याज और सुविधा की वजह से अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी में खाते खोले। एजेंट उनके पास आते थे और रोज आरडी के रुपये ले जाते थे। मैच्योरिटी के समय रुपये वापस कर दिए जाते थे। कई साल से यही सिलसिला चलता आ रहा था, लेकिन कुछ महीनों से कंपनी के मालिक उनके रिश्तेदार कंपनी के कर्मचारी एजेंटों पर ज्यादा से ज्यादा एफडी लाने का दवाब बनाते थे। कंपनी के बड़े एजेंट छोटे एजेंट को संपर्क के लिए लोगों के पास भेजते थे। रोज 100 रुपये की आरडी पर एक साल बाद मैच्योरिटी पर 13वें महीने में निवेशक को छह प्रतिशत ब्याज के साथ 38200 रुपये मिलते थे। आरडी पर एजेंट को पांच प्रतिशत ब्याज मिलता था। भागने की तैयारी के बाद कंपनी के मालिकों ने एजेंटों से कहा था कि कंपनी का टाइअप एक बड़ी बैंक से कर रहे हैं। इसके लिए बैंक में दो करोड़ रुपये जमा करने हैं। इससे एजेंटों का भविष्य भी सुरक्षित हो जाएगा। इसके चलते छोटे एजेंटों ने और ज्यादा मेहनत की और लोगों की एफडी बनवाईं। जिसके एवज में उन्हें 15 प्रतिशत ब्याज मिला। जिससे कंपनी के पास करोड़ों रुपये पहुंच गए। अब कंपनी भाग गई तो छोटे एजेंट परेशान हैं और बड़े एजेंट फरार हैं। निवेशक उनसे रुपये मांग रहे हैं। वहीं रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने भी जांच तेज कर दी है। टीमों ने कई शहरों में छापामारी की है। एक टीम ने बरेली जाकर कंपनी के बैंक एकाउंट की जांच की है। टीम वापस लौट आई है। वहीं अन्य टीमें भी कंपनी के मालिकों और एजेंटों की तलाश कर रही है।

### बड़े एजेंट के नीचे काम करते थे छोटे एजेंट

कंपनी से जुड़े बड़े एजेंट अपने अंडर में छोटे-छोटे कई एजेंट रखते थे। छोटे एजेंट उन्हें रुपये लाकर देते थे। ऐसे में कई बड़े एजेंट ऐसे भी हैं जिन्होंने कंपनी में रुपये जमा ही नहीं किए। लोगों को फर्जी पासबुक थमा दी। जिससे छोटे एजेंट के सामने ज्यादा मुसीबत है। रोज डर के साये में जी रहे हैं। वहीं निवेशकों के सामने और ज्यादा परेशानी है कि उनके मेहनत की गाढ़ी कमाई कैसे वापस मिलेगी।

## अमर ज्योति के मालिकों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**बदायूं, अमृत विचार :** सैकड़ों लोगों के करोड़ों रुपये लेकर भागी फाइनेंस कंपनी अमर ज्योति के मामले में कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी करके लिए दबिश दे रही है।

पुलिस ने निवेशकों के करोड़ों रुपये लेकर भागने वाली अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के मालिकों पर लगाम लगाने की पूरी तैयारी कर ली है। पुलिस ने पहले ही तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है अब पुलिस की टीमें कंपनी के मालिकों की तलाश में कई जिलों में छापामारी कर रही हैं, लेकिन करोड़ों रुपये लिए बैठे दोनों मालिक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहे हैं। जिसके चलते पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पकड़ मजबूत करने के लिए कोर्ट में आवेदन किया था। अब कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी करके लिए दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# ठगी के आरोपी भाजपा नेता और उसके भाई के घर छापा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 800 करोड़ के घोटाले में सबूत खंगालने के लिए पहुंची टीम पुलिस टीम भी सक्रिय

**अमृत विचार :** हजारों निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने के मामले में फरार भाजपा नेता सूर्यकांत मौर्य और उसके भाई शशिकांत पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एसआईटी सक्रिय हो गई है। एसआईटी ने बुधवार को सिंधुनगर कालोनी स्थित दोनों भाइयों के घरों पर छापा मारा, लेकिन घरों पर ताला लटका मिला। इसके बाद टीम ने उनके पहचान के लोगों से घंटों पूछताछ की। पुलिस भी दोनों आरोपियों को तलाश रही है। सूर्यकांत को भाजपा के महानगर मंत्री पद से हटाया जा चुका है।

अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड में हजारों निवेशकों ने अपनी जमापूंजी जमा की है। करोड़ों रुपये के घोटाले में कंपनी के निदेशक शशिकांत मौर्य, उसके भाई सूर्यकांत, मैनेजर अमित सिंह, एजेंट सुनील बाबू मौर्य के खिलाफ बदायूं कोतवाली में 1 जून को असद अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बदायूं के थाना कोतवाली में दोनों आरोपियों के खिलाफ 400 से अधिक लोग तहरीर दे चुके हैं। घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद दोनों भाई फरार हैं। निवेशक उनके घरों के आसपास मंडरा रहे हैं। निवेशकों के साथ हुई ठगी के बाद से एसआईटी टीम गठित की गई। बदायूं के एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व टीम ने बुधवार को भी आरोपियों के आवास पर छापा मारा, लेकिन घरों पर ताला लटका मिला। इसके बाद एसआईटी ने वहां पर मौजूद उनके करीबियों से पूछताछ की। बदायूं के निवेशकों को जैसे ही पता चला कि एसआईटी टीम पहुंची है। वैसे ही वे भी पहुंच गए। एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है। एसआईटी घोटाले के तथ्य जुटा रही है।

**आरोपियों के आवास पर निवेशकों ने किया था हंगामा :** कुछ दिन पहले ठगी का खुलासा होने के बाद बदायूं से दर्जनों निवेशक बरेली पहुंचे और आरोपियों के सिंधुनगर कालोनी स्थित आवास पर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद उनके खिलाफ 1 जून को थाना कोतवाली बदायूं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

# दवा लेने जा रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में जान गई

संवाददाता, बिसौली/ओरछी

- फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के कस्बा आसफपुर के पास हुआ हादसा, जुटी राहगीरों की भीड़

**अमृत विचार :** दवा लेने बाइक से जा रहे युवक की बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव नौली हरनाथपुर निवासी विपिन (22) नौ जून को अपनी दवा लेने के लिए बाइक से जा रहे थे। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में कस्बा आसफपुर के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना देकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। यहां परिजन पहुंच गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने घायल को जिला अस्पताल रेफर किया था। यहां भी युवक की हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजनों ने उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां बुधवार को युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। सड़क हादसे के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस ने बताया कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसकी तलाश जारी है।

## साइबर ठगी : पुलिस ने वापस कराए 55,241 रुपये

**बदायूं, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने दो लोगों के साथ एक लाख 14 हजार 921 रुपये की ठगी की थी। दोनों पीड़ितों की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने उनके 55 हजार 241 रुपये वापस कराए। एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह ने आगे से सावधानी बरतने को कहा।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव जौनेरा निवासी शाहिद अली पुत्र अलीशेर खां ने साइबर थाना पुलिस से अपने साथ 84 हजार 680 रुपये और अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा ककराला निवासी मोहम्मद असलम खान पुत्र मोहम्मद मजहर खां ने अपने साथ 30 हजार 241 रुपये की साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर थाना प्रभारी विनोद कुमार वर्धन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों शिकायतकर्ताओं के बैंक में धनराशि होल्ड कराई। बुधवार को शाहिद अली के 25 हजार और मोहम्मद असलम खान की पूरी धनराशि उनके खातों में स्थानांतरित कराई।

# ओवरटेक के दौरान कार से छू गई बाइक, कैशियर को पीटा

संवाददाता, विजय नगला

- बिनावर क्षेत्र के गांव मोहम्मदी और किशोरपुर के बीच का मामला, सूचना पर पहुंची पुलिस

**अमृत विचार :** ड्यूटी करने जा रहे बैंक के कैशियर को कार को ओवरटेक करना महंगा पड़ गया। कार सवार युवकों ने कैशियर को रोककर उसके साथ मारपीट की। सूचना पर पुलिस पहुंची। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह ने बताया कि वह विकास क्षेत्र समरेर स्थित किसान ग्रामीण बैंक की शाखा में कैशियर के पद पर तैनात हैं। वह हर रोज बाइक से आते जातें हैं। बुधवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे बैंक जाने को घर से निकले थे। रास्ते में थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मोहम्मदी और किशोरपुर के बीच उन्होंने अपनी बाइक से आगे चल रही कार को ओवरटेक करने का प्रयास किया। उनकी बाइक कार से हल्की टच हो गई। इससे नाराज होकर कार सवारों ने कैशियर को पकड़ लिया और मारपीट करके घायल कर दिया। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान दौड़कर पहुंचे। कार सवार मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। घायल कैशियर को निजी अस्पताल भेजकर प्राथमिक उपचार कराया। फिर मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। ओवरटेक करने को लेकर दोनों पक्ष में कहासुनी हो गई। तहरीर प्राप्त हुई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फाइनेंस कंपनी के भागने पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


मालवीय आवास गृह पर प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी।

- भाकियू चढ़ूनी ने किया प्रदर्शन, रुपये न लौटाने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** निवेशकों के करोड़ों रुपये लेकर भागी अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के मालिकों के खिलाफ भाकियू चढ़ूनी ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन से निवेशकों का पैसा वापस कराए जाने की मांग की। रुपये न देने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर भाकियू चढ़ूनी ने प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी निवेशकों का करोड़ों रुपये लेकर भाग गई। अब निवेशक परेशान हो रहे हैं। जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते फाइनेंस कंपनी ने हजारों लोगों का पैसा हड़प लिया और रातों रात फरार हो गई। अब निवेशक इधर उधर भटक रहे हैं। जिला प्रशासन उनकी बात नहीं सुन रहा है। साहू ने कहा कि जिले में अन्य कई ज्वलंत समस्याएं हैं। बिजली कटौती से पूरा जनपद त्रस्त है। बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। गांव गांव और शहरों में दो दो दिन बिजली नहीं पहुंच रही है। इससे किसानों के ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। किसानों को गोवंश से परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर पहले भी धरना प्रदर्शन किए गए, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। अब भाकियू चढ़ूनी इस मामले को लेकर आंदोलन करेगी। इस मौके पर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा गया कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# 25 साल बाद जीएसटी कार्यालय को मिलेगा अपना सरकारी ठिकाना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला प्रशासन ने हथौड़ा बुजुर्ग में उपलब्ध कराई 25 वर्ग मीटर जमीन
- इससे अधिवक्ताओं, व्यापारियों के बैठने के लिए अलग से बनेगा चैंबर

**अमृत विचार:** पिछले 25-30 सालों से किराए पर चल रहा जीएसटी कार्यालय के लिए सरकारी भवन निर्माण की दिशा में कार्रवाई शुरू हो गई है, सब कुछ ठीक रहा तो इसी माह भवन निर्माण के लिए टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। भवन निर्माण के लिए हथौड़ा में जमीन चिन्हित कर ली गई है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मोहम्मदी रोड पर किराए के भवन में संचालित जीएसटी कार्यालय के लिए हथौड़ा बुजुर्ग में भवन निर्माण के लिए 25 वर्ग मीटर जमीन तहसील से उपलब्ध कराई है।

जीएसटी अफसरों व तहसील स्तरीय अधिकारियों ने जगह का स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है। जीएसटी का अपना कार्यालय बन जाने से विभाग को किराये के तौर पर प्रतिमाह खर्च की जाने वाली 55 हजार रुपये की बचत होगी। साथ ही भवन में वकीलों और व्यापारियों को बैठने के लिए पर्याप्त स्थान हो सकेगा। साथ ही सरकारी भवन होने से जीएसटी के रिकॉर्ड, भौतिक सत्यापन में भी अफसरों को सहूलियत मिलेगी। बता दें कि एसडीएम सदर ने कार्यालय निर्माण के लिए जगह उपलब्ध कराने के बाद फाइल एडीएम प्रशासन के पास भेज दी है। सब कुछ ठीक रहा तो जून में ही भवन निर्माण कार्य की रणनीति तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बता दें कि सबसे पहले जीएसटी भवन 1948 में टाउन हॉल शहीद द्वार के पास था, उसके बाद शहर में कई स्थानों पर किराए की बिल्डिंग में संचालित होता रहा। पिछले कुछ वर्षो से जीएसटी कार्यालय मोहम्मदी रोड ओवरब्रिज के पास संचालित हो रहा है।

> जीएसटी कार्यालय के भवन निर्माण के लिए हथौड़ा में जगह चिन्हित कर ली गई है। फाइल अप्रूवल के लिए एडीएम प्रशासन के यहां है। जल्द प्रक्रिया पूरी होते ही नक्शा, टेंडर वगैरह आदि शुरू हो जाएगी। नए भवन निर्माण दो मंजिला कराने को विभाग ने अपना प्लान बना लिया है। इससे वकील और व्यापारियों का बैठने के लिए उपयुक्त स्थान मिलेगा और विभाग को भी हजारों रुपये महीने किराया भाड़ा की बचत होगी। -प्रवेश तोमर, उपायुक्त राज्यकर, जीएसटी

## लू के गर्म थपेड़ों से लोगों का बुरा हाल

**बदायूं, अमृत विचार :** मई माह में लोगों को गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन जून माह में तपिश का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के साथ लू के थपेड़ों ने लोगों का बुरा हाल कर रखा है। आग उगल रहे सूरज व लू के थपेड़ों से बदन झुलस रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बुधवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप खिली। दस बजे तक तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दोपहर के समय सूरज आग उगलने लगा। लू के थपेड़ों ने लोगों को अधिक परेशान किया। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। शाम को थोड़ी चहल-पहल देखी गई। आने वाले दिनों में गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है।

## तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**पुवायां।** एचसीएफ यूनाइटेड फार्मासिस्ट एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडिया की शाहजहांपुर शाखा की ओर से मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

समिति के जिलाध्यक्ष सर्वेश कुमार ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन देकर बताया कि अवैध मेडिकल स्टोर्स, हॉस्पिटल फॉर्मेसी, क्लीनिक फॉर्मेसी पर फार्मासिस्ट की उपस्थिति का भौतिक निरीक्षण टीम गठित कर किए जाने, जो क्लीनिक फॉर्मेसी, हॉस्पिटल फॉर्मेसी, मेडिकल स्टोर्स मानकों के अनुरूप संचालित होते हुए नही पाए जाने पर उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निरस्त करें।

# जच्चा-बच्चा की मौत, लापरवाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने किया था बरेली रेफर
- ऑपरेशन के कुछ देर बाद ही शिशु की मौत हो गई, बाद में प्रसूतना ने भी तोड़ा दम

**अमृत विचार :** सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती गर्भवती महिला को बरेली को रेफर कर दिया गया। यहां ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया। प्रसव के बाद शिशु की मौत हो गई। प्रसूता की हालत बिगड़ने पर सैफई को रेफर किया गया। सैफई जाते समय रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में ले लिया है।

सहसवान के ग्राम धोवई निवासी उमेश ने मंगलवार को अपनी गर्भवती पत्नी नन्हीं को प्रसव पीड़ा होने पर सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। सीएचसी से डॉक्टर ने नन्ही को बरेली को रेफर कर दिया। रेफर करने के फौरन बाद ही परिजन किसी तरह नन्ही को बरेली ले गए। यहां सरकारी अस्पताल में नन्ही को भर्ती कराया गया। नन्ही का बुधवार को ऑपरेशन किया गया। जहां नन्हीं ने शिशु को जन्म दिया।

लेकिन प्रसव के कुछ देर बाद ही शिशु की मौत हो गई। शिशु की मौत के बाद प्रसूता नन्ही की भी हालत बिगड़ गई। डॉक्टरों ने उसे सैफई को रेफर कर दिया। परिजन प्रसूता को सैफई लेकर जा रहे थे। इसी बीच नन्ही ने दम तोड़ दिया।

उसकी मौत के बाद मायके वालों को सूचना दी गई। मायके वालों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सहसवान कोतवाली पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में ले लिया। जच्चा बच्चा की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

उधर, मायके वालों का आरोप है कि उसकी पुत्री की लापरवाही के चलते मौत हो गयी। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराएगी उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
हमकि मोहम्मद नसीम बेग पुत्र रहीस बेग व फूल बी पत्नी मोहम्मद नसीम बेग निवासी फरीदापुर चौधरी थाना इज्जत नगर बरेली के हैं हमने स्व. सलमान बेग व स्व. शायरा बेगम की पुत्री आईसा फातिमा को गोद ले लिया है।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कचहरी में मेरा एक थैला जिसमें संपत्ति के विक्रय पत्र एवं ड्राइविंग लाइसेंस रखा था वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। सतेंद्र पाल पुत्र राम गुलाम निवासी मो. ब्राह्मपुर निकट रामपाल की चक्की, बदायूं।

जे.एम.बी. इंस्टीट्यूट आफ लाइफ साइंसेज एन्ड हायर एजूकेशन
(सम्बद्ध एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय)
कैम्पस : 4 किमी., देवीपुरा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत
आवश्यकता है
निम्न विषयों में योग्य, ऊर्जावान स्टाफ की
विज्ञान संकाय : ● रसायन विज्ञान ● वनस्पति विज्ञान ● जन्तु विज्ञान ● फिजिक्स ● मैथ्स
वाणिज्य संकाय :- ● कामर्स
कला संकाय :- ● चित्रकला ● इतिहास ● अंग्रेजी
गृहविज्ञान संकाय :- ● गृहविज्ञान
योग्यता व वेतनमान : यू.जी.सी./विश्वविद्यालय के मानकानुसार (परास्नातक, पी.एच.डी./नेट)
इच्छुक अभ्यर्थी रंगीन फोटो युक्त बायोडाटा व शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की प्रति सहित महाविद्यालय में 15 दिवस की सीमा में दोपहर 12 बजे से 3 बजे के मध्य आवेदन करें अथवा डाक/ई-मेल द्वारा आवेदन करें।
सम्पर्क : 9758108900
ई-मेल : jmbinstitute@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह – माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है,
वह अपने जीवन को नरक–तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# नए सिरे से काम की जरूरत

भारी एवं मध्यम दुर्लभ खनिजों तथा इनसे जुड़े मैग्नेट के निर्यात पर पाबंदी लगाने की घोषणा से स्पष्ट है कि अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध का असर भारत पर भी पड़ रहा है। चीन से इन दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने पर भारतीय उद्योगों को दूसरे विकल्पों पर विचार करना होगा। ये खनिज वाहन, सोलर पैनल आदि के विनिर्माण में काफी महत्वपूर्ण हैं। साफ है कि चीन से तनातनी के बीच भी देश में खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सार्थक प्रयास नहीं किए गए। खनन में दीर्घकालीन योजना और प्रगतिशील सुधार की जरूरत को समझते हुए अब इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। खनिजों की दृष्टि से समृद्ध भारत में खनन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 2.4 प्रतिशत का योगदान करता है। विकास के उच्च स्तर के बावजूद भारत में खनन क्षेत्र अपनी पूर्ण संभावनाएं हासिल नहीं कर पाया है। भारत के विनिर्माण क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण 12 खनिजों में से 7 खनिजों के मामले में भारत शत प्रतिशत आयात पर निर्भर है। परंतु देश की खनिज संभावनाओं को खोलने के रास्ते में खोज-बीन को अभी ठीक ढंग से समझा नहीं गया है। खनिज मिशन की 'भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण गैर-ईंधन खनिज संसाधनः 2030 के लिए लक्ष्य' रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि आने वाले वर्षों में भारत 2030 में देश के विनिर्माण क्षेत्र की सहायता के लिए इन महत्वपूर्ण खनिजों की भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करने में वर्तमान वैश्विक प्रतिभागियों में शामिल हो जाएगा। जरूरत को देखते हुए, हम वैश्विक प्रतिभागियों की पहचान करने और उनके साथ सहयोग करने में सक्षम होंगे और साथ ही अपने अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को अधिक आसानी से आगे बढ़ा सकेंगे।

ब्रुकिंग्स की रिपोर्ट में इस बात का भी ज़िक्र है कि भारत में कई तकनीकी खनिज हैं लेकिन उनकी खोजबीन या तो की नहीं गई है या फिर संभावना से बहुत कम की गई है। इन खनिजों की भविष्य में बहुत ज्यादा मांग होने की संभावना है क्योंकि भारत की जमीन के नीचे सबसे उम्दा खनिजों की खोज-बीन की संभावना बहुत ज्यादा है। महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण की दिशा में भारत जब तक युद्ध स्तर पर आगे नहीं बढ़ेगा तब तक आयात पर उसकी निर्भरता बनी रहेगी। लीथियम, दुर्लभ खनिजों, ग्रेफाइट और कोबाल्ट सहित कई खनिजों के प्रसंस्करण में भारत को एकदम नए सिरे से काम करना होगा। अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए भारत को महत्वपूर्ण खनिजों की जरूरत होगी। इसलिए खनन क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती।

# भारत-चीन अमेरिका भू राजनैतिक हित और नेपाल


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो–पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली–भांति समझता है।

हाल के भारत पाकिस्तान संघर्ष के पश्चात बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों की पुनर्समीक्षा आवश्यक प्रतीत होती है, जिसमें भू राजनैतिक दृष्टिकोण से सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवस्थिति नेपाल की है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल दो महाशक्तियों चीन और भारत के बीच एक बफर स्टेट के रूप में काम करता है। हाल के दिनों में नेपाल में बढ़ते चीनी प्रभुत्व और सक्रियता के कारण नेपाल में भारत के प्रति वैमनस्य बढ़ा है, वह चिंता का विषय है।

दक्षिण एशिया के बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के साथ, नेपाल में चीनी हितों और उनकी नीतियों में भी बदलाव आया है। भारत चीन की विस्तारवादी नीति के दायरे में है और 1962 का युद्ध, अरुणाचल प्रदेश, डोकलाम, सिक्किम, उत्तराखंड में लगातार उसके द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप इसके उदाहरण हैं। उधर तिब्बत पर कब्जा कर लेने के बाद से चीन को लगता है कि नेपाल के रास्ते भारत या अन्य सामरिक शक्तियां जैसे अमेरिका उसमें घुसपैठ कर सकता है। इसके लिए वह नेपाल को सुरक्षित रखना चाहता है। इसके अतिरिक्त नेपाल में बसे लगभग लगभग बीस हजार तिब्बतियों की चीन विरोधी गतिविधियों पर नज़र रखने, नेपाल के साथ भारत के पारंपरिक संबंध को कमज़ोर करने और नेपाल में एक चीन समर्थक राजनीतिक वर्ग तैयार करने के उद्देश्य से चीन निरंतर नेपाल में अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। चीन नेपाल में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के समग्र प्रभाव को तिब्बत में स्थिरता के लिए चुनौती और बीजिंग की क्षेत्रीय शक्ति गतिशीलता पर खतरे के रूप में देखता है। तिब्बती क्षेत्र में चीन द्वारा किये जा रहे मानवाधिकार उल्लंघनों भारत और अमेरिका द्वारा निरंतर आलोचना की जाती रही है, यह चीन को मंजूर नहीं है। दूसरी तरफ भारत के लिए नेपाल जल, आंतरिक सुरक्षा, बाह्य सुरक्षा और व्यापारिक हितों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण देश है। हालांकि भारत-चीन के बीच हिमालय एक प्राकृतिक दीवार है परंतु चीन

राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया।

इसे लांघकर इस पार नेपाल में अपना एक आधार क्षेत्र बनाने की दिशा में अग्रसर है, जो भारत की सुरक्षा के लिए ख़तरा है। चीनी प्रभाव मे नेपाल में सक्रिय हो रहे भारत विरोधी गतिविधियों से भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत नेपाल के संबंधों में नेपाल के अनुसार वर्ष 1975,1983 और 2015 की व्यापारिक नाकेबंदी, कालापानी-लिपुलेख सीमा विवाद, बड़े भाई की भूमिका में समान अवसर न देना, असमान राजनयिक समझौते हैं, जिसकारण नेपाल को लगता है कि भारत अपने महाशक्ति होने का नाजायज़ फायदा उठा रहा है और इसलिए वह इसके प्रतिरोध में चीन की ओर झुक रहा है। पहले नेपाली नदियों पर जल विद्युत परियोजनाओं में भारतीय सहभागिता प्रमुख हुआ करती थी, परंतु हालिया समय मे भारत और नेपाल के बीच बढ़ते अविश्वास और उन पर चीनी कंपनियों की उपस्थिति ने स्थिति गंभीर बना दिया है।

चीन की "वन बेल्ट वन रोड" परियोजना भारतीय सामरिक दृष्टिकोण से चिंताजनक है और यह चीन की पहुंच भारतीय सीमा तक बनाती है। इससे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये ख़तरा उत्पन्न हो सकता है। नेपाल के रास्ते माओवादी गतिविधियां, ड्रग्स, अवैध हथियारों की आवागमन से पहले से ही भारत परेशान रहा है। इस परियोजना के बाद नेपाल के रास्ते चीन अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में अपनी सक्रियता बढ़ा सकता है। वस्तुत नेपाल के बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और व्यापार प्रवाह में चीन की बढ़ती पैठ और क्षेत्र की घरेलू राजनीति में उसकी हिस्सेदारी भारतीय चिंता का विषय है। नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव को काउंटर करने तथा चीन के पास अपनी स्थलीय उपस्थिति बनाने के दृष्टिगत संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नेपाल में सक्रियता बढ़ी है। वैश्विक गरीबी उन्मूलन, आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी की दिशा में काम करने वाली अमेरिकी विदेशी सहायता एजेंसी ने नेपाल के साथ 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मिलेनियम चैलेंज कारपोरेशन (एमसीसी) पर हस्ताक्षर किया है जिसका उद्देश्य "सड़क की गुणवत्ता बनाए रखना, बिजली की उपलब्धता और विश्वसनीयता बढ़ाना और नेपाल और भारत के बीच सीमा पार बिजली व्यापार को सुविधाजनक बनाना-निवेश को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास में तेजी लाने और गरीबी को कम करने में मदद करना" है। चीन इसे नेपाल में बीआरआई के विरोध के रूप में देखता है।

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली-भांति समझता है। हाल के वर्षों में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल और अधिकारियों का नेपाल दौरा बढ़ा है जिसमें भारत की मौन स्वीकृति शामिल हैं और यह "भारत प्लस वन" दृष्टिकोण का हिस्सा है। इसका उद्देश्य विभिन्न मोर्चों पर नेपाल की सहायता करना एवं चीन द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना है। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि भारत या अमेरिका नेपाल को विकास के लिए जो भी धनराशि दे रहा है वो विदेशी सहायता के रूप में है, लेकिन चीन का अधिकांश धन विदेशी कर्ज के रूप में है, इस तथ्य को नेपालियों को समझना होगा।

राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया। नेपाल में राजशाही के उन्मूलन के बाद, नेपाली राजनीतिक दलों ने अपने-अपने अनुसार भारत और चीन के संबंधो को निभाया है मसलन नेपाली कांग्रेस परंपरागत रुप से भारतीय सहयोग के साथ रहती है जबकि कम्युनिस्ट दल चीन के साथ। नेपाल सेना और चीन के बीच पहला संयुक्त अभ्यास, "सागरमाथा मैत्री" वर्ष 2017 में हुआ था। चीन ने अक्टूबर 2019 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पहली नेपाल यात्रा की। आजकल नेपाल में राजशाही की पुनर्स्थापना के लिए चल रहे आंदोलन के पीछे चीनी हाथ होना स्वाभाविक है क्योंकि राजा ज्ञानेन्द्र अभी चाहते हैं कि चीनी सहायता से वह वापस सत्ता में आ जाएं और चीन भी यही चाहता है। लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत और अमेरिका ऐसा नहीं चाहेगा।

प्रधानमंत्री बनने के पश्चात ओली ने नेपाली प्रधानमंत्रियों द्वारा पहले नई दिल्ली का दौरा करने की लंबे समय से चली आ रही परंपरा का अंत कर दिया। वर्ष 2017 में नेपाल के चीनी बीआरआई में शामिल होने के बाद तिब्बत से नेपाली सीमा तक रेल संपर्क बढ़ाने की चीन की कोशिश के जवाब में भारत ने सीमा पर नेपाल तक अपने रेल संपर्क बढ़ाने की योजना तैयार की है। शुरुआती चरण में चीनी सहायता नेपाल में बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी, ताकि इसके सहायता कार्यक्रम पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर इसकी आर्थिक निर्भरता कम हो सके। सितंबर 2015 के व्यापारिक नाकेबंदी के समय चीनी बंदरगाहों तक नेपाल को पहुंचने की बात की गई परंतु दस साल बाद भी नेपाल के लिए एक भी शिपमेंट चीनी बंदरगाहों से नहीं गुजरा है, लेकिन इससे नेपालियों में यह भावना जरुर उभरी कि चीन भारत के विरुद्ध उसका सहयोग करेगा। भू राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नेपाल अपनी अवस्थिति के कारण तीन महाशक्तियों अमेरिका-चीन-भारत के बीच फंस गया है। वस्तुत इनके नेपाल वर्चस्व की लड़ाई में फंसा है।

## प्रसंगवश

# रक्षा क्षेत्र में ऊंचाई पर पहुंचा भारत

पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। खासकर रक्षा क्षेत्र में जो ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं, वे देश की सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से ही पिछले कुछ सालों में भारत ने अपनी सेना और हथियारों को काफी मजबूत किया है। अब 65 प्रतिशत से ज्यादा रक्षा खरीद स्वदेशी है। इससे भारत की सैन्य ताकत और आत्मविश्वास दोनों बढ़े हैं। 11 साल में रक्षा बजट में लगातार वृद्धि के साथ-साथ बेहतर प्रबंधन भी मोदी सरकार की खास उपलब्धि है। 2014-15 में रक्षा बजट लगभग 2.29 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग 6.81 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस बजट का उपयोग नई तकनीकों के विकास, हथियारों की खरीद, सैनिकों के वेतन और कल्याण, और सीमा सुरक्षा को मजबूत करने में किया जा रहा है। पहले रक्षा खरीद प्रक्रिया लंबी और जटिल होती थी, जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी होती थी। मौजूदा सरकार ने इसे सरल, पारदर्शी और तेज बनाया है। 'मेक इन इंडिया' को प्राथमिकता दी गई है, जिससे घरेलू उद्योगों को बढ़ावा मिला है। डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन योजना, ई-प्रोक्योरमेंट और फास्ट ट्रैक खरीद जैसी नीतियों ने रक्षा खरीद प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है। इससे सेना को समय पर आवश्यक उपकरण और हथियार मिल रहे हैं।


डॉ . ओ .पी . त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

इसके साथ ही, भारत अब लगभग 80 से 100 देशों को सैन्य उपकरणों का निर्यात करता है। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1,941 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2024-25 में 23,662 करोड़ रुपये तक 1,100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। यह भारत की तकनीकी श्रेष्ठता और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे भारत वैश्विक हथियार बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

इस दौरान सरकार ने रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया, जिससे न केवल उत्पादन में तेजी आई बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए। रक्षा उत्पादन का लक्ष्य 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जो भारत को वैश्विक रक्षा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाएगा।

सरकार ने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। रक्षा क्षेत्र में अब 74 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है, जिससे विदेशी कंपनियां भारत में तकनीकी सहयोग और निवेश कर रही हैं। निजी कंपनियों को बड़े रक्षा परियोजनाओं में शामिल किया गया है, जैसे कि अडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, स्वदेशी पनडुब्बी निर्माण, और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली। इससे तकनीकी विकास में तेजी आई है और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है। भारत ने कई स्वदेशी हथियार प्रणालियों का सफल विकास किया है, जिनमें एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल सिस्टम, बराक-8 मिसाइल, आकाश मिसाइल, तेजस हल्का लड़ाकू विमान, और काउंटर-यूएवी तकनीक शामिल हैं। इन हथियार प्रणालियों ने भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजराइल, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कई अन्य देशों के साथ गहरी रक्षा साझेदारी स्थापित की है। इन साझेदारियों के तहत तकनीकी सहयोग, हथियारों की खरीद, संयुक्त सैन्य अभ्यास, और रणनीतिक संवाद बढ़े हैं। मोदी सरकार ने सेना में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, हाइपरसोनिक हथियारों, क्वांटम कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष तकनीक में तेजी से काम कर रहा है। रक्षा उपग्रहों की मदद से सेना की निगरानी और संचार प्रणाली को बेहतर बनाया गया है। गगनयान मिशन और स्वदेशी स्पेस स्टेशन विकसित करने की योजना से भारत की रक्षा प्रणाली और अधिक सक्षम बनेगी। यह भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में भारत को सक्षम बनाएगा।

# दुनिया में पर्यावरण शरणार्थियों की बढ़ती समस्या

दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं के कारण पिछले एक दशक 2015 से 2024 के दौरान आंतरिक विस्थापन के कारण पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या में बढ़ी वृद्धि दर्ज की गई है। इस कारण कुछ क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अनेक बार प्राकृतिक आपदा के तीव्र और व्यापक खतरे उत्पन्न हुए। परिणामस्वरूप 210 देशों में 26.48 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन झेलना पड़ा है। जो न केवल एक रिकॉर्ड के रूप में सर्वाधिक है, बल्कि 2.65 करोड़ के दशकीय औसत से कहीं अधिक है। इस मामले में पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावी क्षेत्र रहे। देशों के स्तर पर बीते एक दशक में चीन, फिलीपींस, भारत, बांग्लादेश और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे ज्यादा हैं। चीन में 4.69 और फिलीपींस में 4.61 करोड़ लोगों को अपने ही देश में विस्थापन का दर्द झेलना पड़ा है। इसी कालखंड में भारत में बाढ़, तूफान और भू-स्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के चलते 3.23 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन का संकट उठाना पड़ा है। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपींस के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर हैं। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की एक नई रपट में यह दावा किया गया है।


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है।

रपट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम रहा है। सबसे ज्यादा तूफान के कारण 12.09 करोड़ लोगों को विस्थापन की परेशानी उठानी पड़ी है। इसी अवधि में बाढ़ के कारण 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैष्विक स्तर पर समुद्री तूफान से हुए लोगों के विस्थापन में 'अंफान' सहित अन्य चक्रवातों की हिस्सेदारी 92 प्रतिशत रही। इस रिपोर्ट के अनुसार गरीब और निर्बल सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्हें बार-बार और लंबे समय तक पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है। सामाजिक असमानता और आर्थिक विसंगति के कारण इन लोगों को इन प्राकृतिक आपदाओं का भीषण संकट झेलना पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के कारण दुनियाभर में हर साल औसतन 3 करोड़ लोगों को समुद्र और नदी तटीय बाढ़, सूखा और चक्रवती तूफानों के चलते भविष्य में भी ऐसी आपदाओं से विस्थापन का संकट झेलना होगा। यानी पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या भविश्य में और विकराल रूप में पेश आएगी।

जलवायु विषेशज्ञों का मानना है कि इस विराट व भयानक संकट के चलते यूरोप, एशिया और अफ्रीका का एक बड़ा भूभाग इंसानों के लिए रहने लायक ही नहीं रह जाएगा। तब लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से जिस पैमाने पर विस्थापन या पलायन करना होगा, वह मानव इतिहास में अभूतपूर्व होगा। इस व्यापक परिवर्तन के चलते खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। अकेले एशिया में कृषि को बहाल करने के लिए हर साल पांच अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना होगा। बावजूद इसके दुनिया के करोड़ों लोगों को भूख का अभिशाप झेलना होगा। विज्ञान पत्रिका 'साइंस' में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि यदि वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो हिंदू कुश हिमालय के हिमखंडों की बर्फ इस सदी के अंत तक 75 प्रतिशत तक पिघल जाएगी। हिंदू कुश पर्वत के ये ग्लेशियर कई नदियों के उद्गम स्थल हैं और ये नदियां 2 अरब लोगों की आजीविका का साधन बनती हैं। यदि इस सदी के अंत तक दुनिया 2.60 डिग्री सेल्सियस गर्म होती है तो वैश्विक स्तर पर ग्लेशियर की बर्फ का केवल एक चौथाई हिस्सा ही बचेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन की मार मालदीव और प्रशांत महासागर क्षेत्र के कई द्वीपों के वजूद को पूरी तरह लील होगी। इन्हीं आशंकाओं के चलते मालदीव की सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए चर्चा के लिए समुद्र की गहराई में बैठकर औद्योगिक देशों का ध्यान अपनी ओर खींचा था ताकि ये देश कार्बन उत्सर्जन में जरूरी कटौती कर दुनिया को बचाने के लिए आगे आएं। इस व्यापक बदलाव का असर कृषि पर दिखाई देगा। खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। उभरते जलवायु संकट और बढ़ते पर्यावरण शरणार्थियों के चलते इतने शरणार्थियों को अनाज उत्पादन के लिए कृशि लायक भूमि उपलब्ध कराना असंभव होगा। अतएव पर्यावरण शरणार्थियों के इस संकट से निपटना तब और मुश्किल होगा, जब अमेरिका जैसे पूंजीपति देश राहत कोष घटाकर इन शरणार्थियों को भगवान भरोसे छोड़ देने का काम कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# भीड़ है लेकिन आदमी अकेला

व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है , भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है,एकता पर प्रहार करती है , और उसे विच्छिन्न करती है ।समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।

बाजारवाद का मतलब है-प्रकृति के शक्ति सिद्धान्त का न्याय, अर्थात् बड़ी मछली छोटी मछली को निगलेगी, जंगल का राजा शेर है। जिसके पास परमाणु बम अधिक होंगे, धरती पर उसी का राज होगा। बाजारवाद का अर्थ हैः राजसत्ता और अर्थसत्ता का गठजोड़। जिसके पास पैसा है, उसी की राजसत्ता है। विश्व बाजार विश्व की सरकारों का नियमन कर रहा है। बाजारवाद सिखाता है कि गरीब आदमी और प्रकृति कच्चा माल है और अमीर-आदमी उपभोक्ता है। भौतिक विकास को जीवन का परम सत्य माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है।


डॉ . राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है, भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है, एकता पर प्रहार करती है, और उसे विच्छिन्न करती है। समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।

बाजारवाद का मतलब है-पैसा और पैसा। मनुष्य का मनुष्य से कोई नाता है तो पैसे के कारण और प्रकृति से नाता है तो पैसे के लिए। सबल और धनवान का हित ही सर्वोपरि होता जा रहा है। गरीब और निर्बल की गर्दन पर सबल और धनवान का पंजा कसता चला जा रहा है! गरीब और निर्बल तिनका के सहारे हैं, विवश हैं! आज हम जो कुछ अपने चारों ओर देख-सुन रहे हैं, वह तृष्णा का हाहाकार है। बाजारवाद अनेक प्रकार के मिथ्या-सिद्धांतों का प्रचार करता है, खंडित दृष्टि से मनुष्य को और जीवन को देखता है। बाजारवाद स्वच्छंद-भोग का समर्थन करता है, तृष्णा के पक्ष में तर्क देता है।

–फेसबुक वॉल से

# समुद्र पर मंडराता प्लास्टिक छर्रों का खतरा

बीते 26 मई को कोच्चि के पास जलमग्न हो गए लाएबेरिया के जहाज से फिलहाल तेल के फैलाव और उसमें भरे रसायनों की पानी से क्रिया से उपजने वाले संभावित प्रदूषण का खतरा सामने नहीं आया है। लेकिन जहाज में लदे कुछ कंटेनर के टूटने के बाद उसमें भरे अनगिनत प्लास्टिक की छोटी-छोटी गेंद के आकार के छर्रे जिन्हें नर्डल्स भी कहा जाता है, का फैलाव अब कन्याकुमारी तक हो गया है और यह न केवल समुद्री त्यात पर बल्कि व्यापक रूप से जल-जीवन के लिए बड़ा संकट बन गया है। उल्लेखनीय है कि समुद्री कंटेनर में भारी सामान को सुरक्षित रखने के लिए इस तरह के छर्रे भरे जाते हैं।

तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के 42 तटीय गांवों में से 36 के समुद्र तटों पर यह सफेद जहरीले कंकड़ बढ़ते जा रहे हैं। इस प्रदूषण के चलते विशेष रूप से किलियूर तालुक के तटीय आवासीय क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं जहां के सभी 16 गांव प्रभावित हुए हैं। कलकुलम और अगस्तीस्वरम तालुकों में भी क्रमशः 13 तटीय बस्तियों में से 10-10 में नर्डल्स देखे गए हैं। प्लास्टिक के ये टुकड़े मंगलवार को कन्याकुमारी शहर के निकट मणाकुड़ी नामक तटीय गांव तक पहुंच चुके हैं। फिलहाल तो इस प्लास्टिक कचरे को बंदरगाहों में रखा गया है हालांकि ये छर्रे विषैले तो नहीं होते, लेकिन


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा।

इनसे उपजा प्रदूषण लंबे समय तक जहर से कम नहीं होता। इनके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभावों में आवासीय पर्यावरण का प्रदूषण, इनके माइक्रो और नैनो प्लास्टिक में टूटना और खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करना शामिल है। किनारे लग गए प्लास्टिक को तलाशना और उसे एकत्र करना हालांकि दूभर कार्य है लेकिन यह संभव तो है लेकिन जो प्लास्टिक कण समुद्र में ही रह गए। उनके दुष्प्रभावों से निजात का कोई तरीका ही नहीं हैं। समुद्र रातों-रात ठीक नहीं होता। विज्ञान, इतिहास और अनुभव हमें बताते हैं कि अरब सागर को फिर से सामान्य होने में कितना समय लग सकता है-और क्यों इस समय लंबी अवधि की सोच जरूरी है, न कि केवल तात्कालिक सफाई। मैंग्रोव, प्रवाल भित्तियां, और कीचड़ वाले तट जैसे तटीय पारिस्थितिकी तंत्र विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। प्लास्टिक के कण जड़ों को ढक सकता है और ऑक्सीजन के आदान-प्रदान को रोक सकता है, जिससे पारिस्थितिकविद "पारिस्थितिक मृत" क्षेत्र कहते हैं- ऐसे क्षेत्र जहां जीवन वापस आने के लिए संघर्ष करता है। समुद्री जीव जैसे व्हेल, मछलियां और कछुए प्लास्टिक के कचरे को अपना शिकार समझकर खा लेते हैं। पेट में प्लास्टिक भरे होने की वजह से वे अंदरूनी चोटों का शिकार होते हैं और उनके तैरने की क्षमता भी कम हो जाती है। प्लास्टिक एक ऐसी चीज़ है जो ख़त्म नहीं होती, प्लास्टिक का कचरा छोटे-छोटे हिस्सों में टूट जाता है जो माइक्रोप्लास्टिक कहलाता है और यह इतना महीन होता है कि हम इसे देख भी नहीं पाते। यह माइक्रोप्लास्टिक जलीय जीवों के अंदर जाता है और फिर जलीय जीवों के ज़रिए यह हमारी फूड चैन का हिस्सा भी बन जाता है। आर्ट जिस जीव के शरीर मे यह सूक्ष्म कण समय गए हैं, यदि उन्हे कोई इंसान खाएगा तो वही प्लास्टिक उसके अंगों में भी घर बना लेगी।

हाल में मुंबई के समुद्री तट, श्रीलंका को छूती हिन्द महासागर की सीमा पर प्लास्टिक नरडल्स का आतंक देखा जा चुका है और बहुत सी तकनीक इसके समुद्र में गहरे तक कुप्रभाव को रोक नहीं पाई। इस खतरे को देखते हुए केरल और तमिलनाडु सरकार ने कंटेन्ट के आसपास के इलाकों में मछली पालन पर रोक लगा दी है और यह एक बड़ा आर्थिक-सामाजिक तनाव का कारण बन रहा है। फिलहाल भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्य पालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इसमें से 77 प्रतिशत समुद्री क्षेत्र में 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा। विदित हो केरल में 2022-23 में कुल समुद्री उत्पादन 6.90 लाख टन था, जो 2023-24 में घटकर 5.8 लाख टन हो गया। इस कमी के बावजूद, केरल अभी भी समुद्री मछली पकड़ने में देश में दूसरे स्थान पर है। यह मछली प्रजनन का चरम काल है और इस समय प्लास्टिक का प्रदूषण इस पर बुरा असर डालता है। केरल के तट पर हुई इस दुर्घटना के बाद समय आ गया है कि भारत विश्व समुदाय के सामने समुद्री जहाज में इस जहरीले नरडल्स के परिवहन पर रोक और इसके विकल्प के बारे में स्वर उठाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## शहर में आज

- गंजडुंडवारा में मोहनपुर रोड कोल्ड स्टोरेज के समीप मेले का आयोजन किया जाएगा, शाम 8 बजे से
- बुद्ध कथा का आयोजन ग्राम नगला रोकरी में किया जाएगा, दोपहर 12 बजे से
- भाजपा के द्वारा एसबीआर इंटर कॉलेज पटियाली में मंडल स्तरीय बैठक होगी, सुबह 11 बजे
- राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी/कार्यकर्ता द्वारा विभिन्न मांगों के संबंध में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा, दोपहर 01 बजे से
- छठवें गुरु हरगोविंद के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा ठंडी सड़क पर शबद कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, 7 बजे

### रोजगार मेले में नौ कंपनियों ने किया प्रतिभाग

**तिलहर।** आईटीआई कॉलेज में जिला सेवायोजन कार्यालय के द्वारा रोजगार मेला लगाया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य श्यामलाल एवं आईटीआई के प्रबंधक दिशा गौतम ने बताया कि रोजगार मेले में अलग-अलग 9 कंपनियों के सैकड़ो पदों के सापेक्ष तमाम युवक एवं युवतियां मेले में आई और उन्होंने अपना साक्षात्कार दिया। उन्होंने बताया कि रोजगार के लिए 243 युवाओं को चयनित किया गया है। इस दौरान नवनीत शुक्ला, राकेश चंद्र, गोपाल सिंह, नीरु पाल, केशव सक्सेना, माया देवी, प्रियंका सक्सेना, फलक नूर आदि मौजूद रहे।

# कमरे में खून से लथपथ मिला सिपाही का शव

## पत्नी और बेटी गायब, सिर में एक जगह पर चोट का निशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- युवकों की जेब से मिले आधार कार्ड से हुई पहचान

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ में एक किराये के मकान में कमरे में सिपाही मुकेश कुमार त्यागी का शव खून से लथपथ शव मिला है। सिपाही के सिर में चोट लगी हुई थी। मौके से सिपाही की पत्नी और बेटी गायब हैं। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर जांच की। पुलिस जांच में आया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था।

सुभाषनगर इंस्पेक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार दोपहर 3:30 बजे सूचना मिली कि मढ़ीनाथ चौकी के पास वीरेंद्र पाठक के मकान में किराये पर रहे 38 वर्षीय सिपाही मुकेश कुमार त्यागी की मौत हो गई है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किए। जानकारी मिलने पर एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी मानुष पारीक, सीओ द्वितीय अजय कुमार और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्र किए। उन्होंने बताया कि मुकेश के सिर में चोट का एक गहरा घाव मिला है। संभवतः उसके कारण या अत्यधिक खून बहने के कारण सिपाही की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। पोस्टमार्टम गुरुवार को होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। सिपाही मुकेश कुमार के परिजनों को पुलिस ने सूचित कर दिया है। परिजन देर रात तब बरेली पहुंच जाएंगे।

**लापरवाही बरतने पर चल रहे थे निलंबित, गैरहाजिर भी थे :** 2011 बैच के सिपाही सिपाही मुकेश कुमार त्यागी मूलरूप से संभल जिले के चंदौसी कस्बे के मारवाड़ी कैंथल गेट के निवासी थे। पुलिस के अनुसार अत्यधिक शराब पीने और कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर उन्हें कुछ महीने पहले एसएसपी ने निलंबित किया था। वह पुलिस लाइन में ड्यूटी करते थे। यहां भी उनकी लापरवाही जारी रही। वह 4 जून से अनुपस्थित चल रहे थे। वह मढ़ीनाथ में पत्नी तरुणा त्यागी और बेटी परी के साथ रहते थे। मकान मालिक और आसपास के लोगों ने बताया कि सिपाही अत्यधिक शराब पीते थे, जिससे उनका पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था।

**पत्नी का नहीं उठा फोन :** घटना के बाद पुलिस ने जब सिपाही की पत्नी को फोन से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। वह घर पर भी मौजूद नहीं थीं। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि उनकी बेटी और पत्नी साथ रहती थी, लेकिन वे लोग पुलिस को नहीं मिले। जिस स्थान पर शव मिला है, उस स्थान पर आसपास भी खून के धब्बे मिले हैं। वहीं कोने पर भी खून लगा है। संभवतः उसी कोने से टकराने के कारण सिपाही का सिर फट गया होगा। ऐसा लग रहा है कि पति पत्नी के बीच विवाद हुआ होगा, जो धक्कामुक्की तक पहुंच गया होगा। धक्का लगने से सिपाही के दीवार या कोने से टकराने से चोट लगी होगी। कोने पर टाइल्स लगी है। वहां भी खून का धब्बा मिला है। फॉरेंसिक टीम ने खून का नमूना ले लिया है। यदि परिजन तहरीर देते हैं तो उसी आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

# मोदी के नेतृत्व में देश को मिली ऐतिहासिक उपलब्धि : लक्ष्मी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर बुधवार को शहर के कम्युनिटी हॉल में केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को लेकर प्रदर्शनी लगाई गई। एक प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम भी हुआ, इसमें शहर के चिकित्सक, एडवोकेट, व्यापारी, शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, प्रदेश मंत्री पूनम बजाज, पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य, जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के देश में 11 साल पूरे होना नए और बदलते भारत में मील का पत्थर साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि आज का भारत आतंकियों को उनकी करनी का सबक सिखाता है। प्रदेश मंत्री पूनम बजाज ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था जापान से भी आगे निकल रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि आत्मरक्षा, शिक्षा, देश व समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचा रही है। पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह व खुशी का माहौल है।

सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, निवर्तमान जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल पुंढीर, महिला आयोग की सदस्य रेनू गोड़, पिछड़ा आयोग के सदस्य महेंद्र सिंह राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, नगर पालिका चेयरमैन मीना माहेश्वरी, राजवीर सिंह भल्ला ने मंच की शोभा बढ़ाई। संचालन संजय सोलंकी ने किया।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण।

## सार-संक्षेप

### नई ट्यूबवेल विद्युत लाइन के पोल लगाने का शुभारंभ



**पुवायां।** ग्रामीण अंचलों में घरेलू विद्युत आपूर्ति व ट्यूबवेल कनेक्शन की लाइन अलग करने के आदेशों के बाद ग्राम जेवा में बिजली विभाग की कैपिटल कंपनी द्वारा नई केबल लाइन (ट्यूबवेल लाइन) बिछाने के लिए पोल लगाने का कार्य शुरू किया गया। जिसका भाजपा विधायक चेतराम ने पूजन कर नारियल फोड़ कर शुभारंभ कराया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विपिन शुक्ला, पूर्व ब्लाक प्रमुख, अनुराग सिंह, प्रणवीर सिंह, राजीव सिंह, अजय सिंह, अजय श्रीवास्तव, पुनीत शर्मा, संदीप सिंह, अवनीश शुक्ला, नीरज कुमार अवस्थी, मोहित अग्निहोत्री, राजीव त्रिवेदी, सतीश, मिंटू, अतुल, उपेंद्र चौहान आदि रहे।

### सैयद मुश्ताक मियां का तीन दिवसीय उर्स सम्पन्न



**शाहजहांपुर।** हज़रत हाजी सैयद मुश्ताक मियां रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय सालाना उर्स यहां मोहल्ला तारीन जलाल नगर में अकीदत व मोहब्बत से मनाया गया। कुल की महफ़िल में मुल्क की खुशहाली व तरक्की की दुआ की गई। बुधवार को मोहल्ला तारीन जलाल नगर में आरिफ़ सकलैनी के मकान पर सुबह दस बजे कुल शरीफ का आगाज़ तिलावत ए कुरआन से हुआ। हाफ़िज़ मोहम्मद राशिद रज़ा ने अपनी तकरीर में लोगों से नेकी और सच्चाई के रास्ते पर चलने पर ज़ोर दिया। इस दौरान आफ़रान अली खां, अब्दुल कादिर ने नात व मनकबत पेश की। कुरआन की आयात पढ़कर साहिबे उर्स को ईसाले सवाब करते हुए हाफ़िज़ मोहम्मद राशिद रज़ा ने कौम व मिल्लत की खुशहाली व सलामती की दुआ की। इस मौके पर फरमान, शीबू, नूरुद्दीन, मुईन उद्दीन, चांद, अफजाल, फुरकान, गुलफाम आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### हजरत हाफिज मियां का तीन दिवसीय सालाना उर्स 12 से



**शाहजहांपुर।** हजरत हाफिज अहमद हुसैन खां उर्फहाफिज मियां का 117 वां तीन दिवसीय सालाना उर्स 12 जून से मोहल्ला हाथीथान स्थित खानकाह में मनाया जाएगा। उर्स की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उर्स संयोजक सिराजुद्दीन अहमद खां ने बताया कि हजरत हाफिज अहमद हुसैन खां उर्फ हाफिज मियां का 117 वां सालाना उर्स 12 जून से मोहल्ला हाथीथान स्थित खानकाह में सज्जादानशीन वकार अहमद खां की सरपरस्ती में मनाया जाएगा। 12 जून को सुबह सात बजे कुरआन ख्वानी व फातिहा ख्वानी होगी। रात नौ बजे महफिल-ए-समा में कव्वालियां होंगी। 13 जून को सुबह 7 बजे कुरआन ख्वानी, दोपहर दो बजे से महफिल ए मीलाद व जियारत कदम रसूल होगी। रात नौ बजे से महफिल-ए-समा में कव्वालियां होंगी। 14 जून को सुबह 7 बजे कुरआन ख्वानी, सुबह 10 बजे कुल शरीफ होगा। इसके बाद जायरीन में लंगर बांटा जाएगा। रात नौ बजे से महफिल-ए-समा में कव्वालियां होंगी।

### समर कैंप में बच्चों ने सीखीं डांस की बारीकियां



**शाहजहांपुर।** प्रिंस डांस एकेडमी की ओर से डांस समर कैंप का आयोजन गदियाना चुंगी स्थित प्रीति स्टूडियो में किया गया। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने 50 बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान बच्चों ने डांस की बारीकियां सीखी और खूब मस्ती की। 20 दिन तक चले कैंप में बच्चों ने खुद को डांस में माहिर किया। एकेडमी के डायरेक्टर चंदन कुमार ने सहयोगी अमित गुप्ता व सौम्या मिश्रा के साथ बच्चों को डांस का प्रशिक्षण दिया। चंदन कुमार ने बताया कि एकेडमी का दूसरा समर कैंप प्रीति स्टूडियो में ही चल रहा है। जिसका शुभारंभ बुधवार से हुआ है और यह 26 जून तक चलेगा। समर कैंप में भाग लेने के इच्छुक बच्चों का पंजीकरण प्रीति स्टूडियो में ही किया जा रहा है। समर कैंप के बाद चुने गए बच्चों का डांस कंपटीशन गांधी भवन में जुलाई माह में कराया जाएगा। कंपटीशन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

### उत्तराखंड मुक्त विवि के पूर्व कुलसचिव का निधन

**पुवायां।** विभाग सामाजिक सद्भाव प्रमुख डॉ. राकेश मिश्रा के भाई डॉ. रमेश चंद्र मिश्रा का निधन हो गया। वह उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव, पूर्व रजिस्ट्रार रहे। डॉ. रमेश 64 वर्ष के थे, जो कई वर्षों से पत्नी के साथ हल्द्वानी में रहते थे। मंगलवार की शाम लगभग 5 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली, जिसके बाद उनके शव को पैतृक आवास पर पुवायां लाया गया। पालिकाध्यक्ष संजय गुप्ता, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुराग सिंह, डॉ. एसके वर्मा, ब्रजकिशोर कटियार, नरेंद्र शुक्ला, केके लील, सर्वेश त्रिवेदी उर्फ बंगाली, डॉ. राजीव पांडे, प्रदीप पांडे, पीयूष पांडे, पीके सिंह आदि ने आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग पर मोहित हुए भक्त

**पुवायां।** श्री सिद्ध बाबा महाराज का चतुर्थ वार्षिकोत्सव के मौके पर तमाम भक्त कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनकर मोहित हुए। सिद्ध बाबा स्थान पर आयोजित रामकथा में कथा व्यास हरिदास कौशल ने सीता विवाह प्रसंग सुनाकर माहौल को सुंदर और खुशनुमा बना दिया। इस दौरान सभी भक्त सीता विवाह की खुशियों में मगन हो गए। जिसके बाद रात में कथा व्यास मयंक शेखर व विजय दीक्षित ने कृष्ण कथा सुनाकर कृष्ण जन्मोत्सव की खुशियां मनाई। इस दौरान भक्तों ने पुष्प वर्षा कर भगवान कृष्ण का स्वागत किया। इस दौरान भक्त पवन कश्यप, सुधीर मिश्रा, गिरधर अग्रवाल, भन्नु गुप्ता, नरेश चौहान, कालीचरण, रामबहादुर, निरंकार गुप्ता समेत अन्य तमाम भक्त रहे।

### अवैध मिट्टी खनन करते दो ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

**जलालाबाद।** तहसील के गांव बिरिया कला में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। मंगलवार रात करीब 12 बजे एक मुखबिर से सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी दुर्गेश यादव ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने नायब तहसीलदार रोहित कटियार को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। टीम ने अवैध खनन में लगी दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा है। आरोपियों की तलाश जारी है। प्रशासन की टीम को देखते ही चालक मौके से फरार हो गए। जब्त की गई ट्रैक्टर-ट्रालियों को थाना गढ़िया रंगीन पुलिस को सौंप दिया गया है। उप जिलाधिकारी ने बुधवार को बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। प्रशासन इन शिकायतों पर निरंतर कार्रवाई कर रहा है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### परामर्श केंद्र पर एक दंपती का समझौता

**शाहजहांपुर।** पुलिस लाइन परिसर में महिला परामर्श केंद्र पर 12 पत्रावली की सुनवाई की गयी, जिसमें एक दंपती का समझौता हुआ। सिंधौली थाना क्षेत्र के एक दंपति जिनकी शादी एक साल पहले हुई थी। दोनों पति-पत्नी में कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों पक्षों को समझाकर आपस में वार्ता करायी गयी। दोनों पक्ष के एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों परामर्श केंद्र से विदा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मधु यादव, सिपाही मोनिका रोनी, करुणा आदि मौजूद रही।

### सहकार भारती ने मनाया शोक

**पुवायां।** सहकार भारती पदाधिकारियों ने संघ के विभाग सामाजिक सद्भाव प्रमुख के भाई के निधन पर शोक व्यक्त किया। सहकार भारती के जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिवेदी बंगाली की अध्यक्षता में महामंत्री कृष्ण मुरारी मिश्रा के आवास पर बैठक हुई। जिसमें संघ के विभाग सामाजिक सद्भाव प्रमुख डॉ. राकेश मिश्रा के भाई डॉ. रमेश मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस दौरान प्रदीप शर्मा, अनुराग पाठक, रोहित सिंह कठेरिया जेवाँ कोठी, रविकांत कनौजिया, बृजेश कुमार, महाराज सिंह राना, रामनरेश समेत अन्य पदाधिकारी व प्रधान मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की जान गई

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- गंजडुंडवारा के मोहनपुर फाटक के निकट हुआ रेल हादसा
- पटरी पर टहल रहा था युवक, पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**अमृत विचार :** कासगंज से फर्रुखाबाद जा रही सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहनपुर फाटक के पास हुआ।

ट्रेन संख्या 15040 सुबह निर्धारित समय से कासगंज रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। जैसे ही ट्रेन मोहनपुर फाटक के समीप पहुंची तभी पटरी पर टहल रहा युवक उसकी चपेट में आ गया। ट्रेन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। युवक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कासिम पुत्र मुन्ना अली, निवासी नई बस्ती, सहावर के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## मारपीट कर किया घायल, दी तहरीर

**अमांपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव महदवा निवासी बबली देवी पत्नी विजेंद्र का कहना है कि मंगलवार की रात लगभग 10 बजे गांव के ही गप्पू डाइवर, अरविंद्र और मोहर सिंह ने शराब के नशे में उसके घर पर आकर गाली-गलौज करने लगे। उसने विरोध करते हुए गाली-गलौज न करने के लिए कहा। इस पर आरोपियों ने उस की पिटाई करना शुरू कर दिया। चीख-पुकार की आवाज सुनकर उसे बचाने के लिए उसकी भाभी और भाई पहुंचे तो आरोपियों ने उनकी भी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। वही उसके सिर और चेहरे पर चोट आई हैं। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी सुमित त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# बारात के जश्न मे चलाए पटाखे, झोपड़ी में आग

संवाददाता,सोरोंजी

**अमृत विचार:** सोरोंजी क्षेत्र के ग्राम मंडावली में मंगलवार को गांव से बारात की खुशी में आतिशबाजी छुड़ाई गई। जिससे झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी में रखा सामान जल गया।

गांव मडावली निवासी करू पुत्र शफी की बारात जा रही थी। इसी दौरान जश्न में छोड़ा गया आसमानी पटाखा वकील अहमद के झोपड़ी पर आकर गिर गया। जिससे झोपड़ी में आग लग गई। लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया और सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।


पटाखे से लगी आग से जली झोपड़ी।

सूचना पर राजस्व विभाग को दी गई। कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया।

## कौशांबी रेप प्रकरण में न्याय की मांग

**शाहजहांपुर।** राजमाता अहिल्याबाई होलकर सेना की ओर से जिला अध्यक्ष राजीव कुमार पाल बैरागीजी के नेतृत्व में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कौशांबी रेप कांड मामले में राजनीतिक दबाव में पीड़िता के परिवार पर फर्जी मुकदमा दर्ज का जेल भेजने की निंदा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि प्रकरण में पीड़िता के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है। आरोपी को भी जमानत मिल चुकी है। इस प्रकरण में की गई ओछी और घिनौनी कार्रवाई का संगठन कड़ा विरोध करता है। कहा कि रेपिस्ट को खुले समाज में छोड़ना और पीड़ित पक्ष पर उल्टी कार्रवाई करना बेहद निंदनीय है। संगठन न्याय की मांग करता है और हम न्याय के लिए लड़ते रहेंगे। रेपिस्ट को सजा दिलाकर रहेंगे।

# हैंडपंप में आएं करंट से किशोरी झुलसी

कार्यालय संवाददाता ,कासगंज

**अमृत विचार :** सहावर क्षेत्र के गांव शेखपुर नरई में 16 वर्षीय नीतू पुत्री गजराज सिंह घर पर लगे हैंडपंप से पानी भरने गई। हैंडपंप में करंट होने के कारण वह झुलस गई। जब परिजन ने उसे देखा तो उसे बचाया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार : कासगंजः** थाना सहावर के गांव लालजीत निवासी जगन्नाथ न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसके खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंटी जारी हुआ। पुलिस ने उसे गांव के समीप से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी प्रवेश राणा ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।


जिला अस्पताल में भर्ती करंट से घायल किशोरी नीतू। ● अमृत विचार

### महिला को सर्प ने डसा, अस्पताल में भर्ती



**कासगंज।** सहावर क्षेत्र के गांव प्रतापपुर में गांव निवासी 26 वर्षीय नंदिनी पत्नी शीलेंद्र बुधवार की सुबह 9 बजे खेत पर मूंग तोड़ने जा रही थी। तभी सर्प ने उसके बाएं हाथ की उंगली में डस लिया। जिससे उसकी चीख निकल गई। परिजन उसे जिला अस्पताल पर लेकर पहुंचे। जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

# क्वार्टर में बंदी रक्षक मना रहे थे रंगरेलियां, पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- महिला बंदी के पति ने पकड़ा सोरों थाने में दी तहरीर

**अमृत विचार :** जिला कारागार में तैनात बंदी रक्षक क्वार्टर में रंगरेलियां मना रहे थे। इस दौरान सिविल पुलिस में तैनात महिला बंदी रक्षक का पति आ धमका और दोनों को पकड़ लिया। पकड़ने के बाद जेल में हलचल मच गई। क्वार्टरो में रह रहे पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। काफी देर तक विवाद हुआ। बाद में कांस्टेबल पति महिला बंदी रक्षक पत्नी को लेकर सोरों कोतवाली चला गया। यहां पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार की रात 11:55 पर अंकित नाम का बंदी रक्षक महिला बंदी रक्षक के क्वार्टर में पहुंच गया। क्योंकि दोनों के क्वार्टर पड़ोस में थे। इसी बीच महिला बंदी रक्षक का पति आ गया। काफी देर तक महिला बंदी रक्षक ने क्वार्टर का दरवाजा नहीं खोला तो उनका शक ओर गहरा गया। बंदी रक्षक का पति लखनऊ सिविल पुलिस में तैनात हैं। वह अपनी पत्नी को बिना बताए क्वार्टर पर आ गया। दोनों को अंदर देखकर बंदी रक्षक के पति ने हंगामा शुरू कर दिया। तमाम बंदी रक्षक और उनके अधिकारी मौके पर पहुंच गए, लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। पति अपनी बंदी रक्षक पत्नी को लेकर सोरों कोतवाली पहुंचे।

> मामला संज्ञान में आया है। पति-पत्नी ने सोरों कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर की जांच की जा रही है। विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> - जगदीश चंद्र, सोरों इंस्पेक्टर

## अभाविप नकल कराने वाले कॉलेजों के खिलाफ अभियान चलाएगी

**कासगंज, अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले की प्रमुख कार्यकर्ताओ की बैठक में नकल कराने वाले कॉलेज के खिलाफ अभियान चलाएं जाने की योजना बनाई गई।

विभाग संयोजक मृदुल तिवारी ने कहा कि कई डिग्री कॉलेज ऐसे हैं जिसमें साल भर कक्षाएं नहीं लगती। शिक्षकों की भी कमी है। परीक्षाओं के शुरू होने पर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में बुलाया जाता है उनसे प्रैक्टिकल एवं परीक्षा में नकल कराने के नाम पर भारी वसूली की जाती है। ऐसे महाविद्यालयों में शिक्षा का व्यवसायीकरण किया जा रहा है। जिला संयोजक यश मिश्रा ने कहा की ऐसे महाविद्यालय की सूची निकालकर विश्वविद्यालय को सौंपी जाएगी और कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

# अपने लक्ष्यों को समय से पूरा करें सभी विभाग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद देवेश शाक्य की अध्यक्षता में जिलाधिकारी मेधा रूपम की उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की गई। लक्ष्यों को पूरा करने के लिए निर्देश दिए गए।

बैठक में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और सभी से योजनाओं के लक्ष्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिये। एंटी रेबीज सीएचसी व पीएचसी पर उपलब्ध कराने, टूटी सड़को की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा शासन की मंशा के अनुरुप अतिंम व्यक्ति तक सभी योजनाओं का लाभ पहुचानें का प्रयास किया जाये। बैठक विधायक सदर देवेन्द्र सिंह राजपूत, विधायक अमांपुर हरिओम वर्मा, विधायक पटियाली नादिरा सुल्तान, जिला पंचायत अध्यक्षा रत्नेश कश्यप, प्रभारी वनाधिकारी सुंदरेशा, मुख्य विकास अधिकारी सचिन, अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।



बैठक में समीक्षा करते सांसद देवेश शाक्य व डीएम मेधारूपम।

- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की हुई बैठक

## चार पर दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज

**रोजा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मोहल्ला अहमदपुर निवासी कमर जहां ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले मोहम्मद शाहिद निवासी महमंद गढ़ी चौक कोतवाली में हुई थी।

शादी के बाद ससुराल कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि उसका पति शराबी और जुआरी है। आरोप है कि 5 दिसंबर 24 को ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया था। पांच मार्च को उसका पति घर पर आया और कहा कि मायके वाले फ्रिज आदि सामान नहीं देगे तो घर पर नहीं रखेंगे। आरोपी पति जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रंजिश में की हत्या के आरोपी को नहीं मिली जमानत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जिला एवं सत्र न्यायालय में जमानत अर्जी खारिज

**अमृत विचार :** मुकदमा की रंजिश से की गई हत्या के आरोपी को न्यायालय से जमानत नहीं मिली। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी।

ढोलना थाना क्षेत्र के ग्राम नगला घिनौना निवासी गिरीश चंद्र ने 23 जून 2024 को थाना ढोलना में तहरीर देकर कहा कि उसके व उसके पुत्र राहुल व अन्य के विरुद्ध राजेंद्र निवासी ग्राम नीवलपुर थाना पटियाली ने अपनी पुत्री पुष्पा के संबंध में हत्या का मुकदमा थाना पटियाली में लिखवाया था जो न्यायालय में विचाराधीन है। मुकदमा में फैसले की बातचीत करने के लिए 13 जून 2024 को शाम करीब 5 बजे राजेंद्र एटा निवासी अपने दामाद राहुल कुमार व संजय निवासी नीवलपुर थाना पटियाली तथा पुष्पेंद्र निवासी नगला केहर थाना ढ़ोलना को साथ लेकर ग्राम नगला घिनौना आयेऔर फैसले की बातचीत समीप ही ग्राम गढ़ी चौराहे पर करने की कहकर मेरे पुत्र राहुल को ले गए। अगले दिन राहुल का शव गांव से 1 किलोमीटर दूर बेरियों के बाग में पड़ा मिला। मामले में दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामेश्वर ने पुष्पेंद्र का प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# 100 से ज्यादा ईंट-भट्ठा व्यवसायी निशाने पर

## मंडल के सभी जिलों के कारोबारियों को किया गया चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मंडल के ईंट भट्ठा कारोबारी राज्यकर और रिटर्न जमा करने में लेटलतीफी कर रहे हैं। अप्रैल का रिटर्न और टैक्स नहीं जमा करने को लेकर जीएसटी अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। सौ से अधिक ईंट भट्ठों को चिन्हित करते हुए संचालकों को नोटिस जारी की गई है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि जल्द प्रक्रिया पूरी की जाए, नहीं तो भारी जुर्माना लगाने की कार्रवाई होगी।

राज्य सरकार का राजस्व वसूली पर ज्यादा से ज्यादा जोर है। जीएसटी को समय से जमा कराने के लिए लगातार सख्ती भी बरती जा रही है, मगर इसके बाद भी कारोबार करने वाले रिटर्न और टैक्स जमा करने में हीलाहवाली कर रहे हैं। ऐसे ही लोगों पर शिकंजा कसने के लिए जुलाई से जीएसटी के नियमों में बदलाव किए जा रहे हैं। मंडल के बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत में 108 ईंट भट्ठों के संचालकों ने अप्रैल का रिटर्न और टैक्स नहीं जमा किया है। इसमें स्टेट के 48 और सेंट्रल जीएसटी के 60 ईंट भट्ठे हैं।

अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड-1 ओपी तिवारी के आदेश पर इन ईंट भट्ठों को चिह्नित करने के साथ पिछले माह की अपेक्षा में कितना कारोबार हुआ, इसकी पूरी जानकारी जुटाई गई है। इसके बाद टैक्स बकायेदार ईंट भट्ठा संचालकों को नोटिस जारी करते हुए जल्द से जल्द रिटर्न और टैक्स जमा करने के आदेश दिए हैं। चेतावनी भी दी है कि जल्द ही मामले का निस्तारण नहीं कराया तो भारी जुर्माना लगाने की भी कार्रवाई होगी।

अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड-1 ओपी तिवारी ने बताया कि ईंट भट्ठा संचालकों ने अप्रैल का रिटर्न और टैक्स नहीं जमा किया है। राज्य और सेंट्रल जीएसटी में पंजीकृत ऐसे ईंट भट्ठों को अलग-अलग तारीखों में नोटिस जारी की गई है। इन सभी भट्ठों की व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी विभाग ने जुटा ली है।

# साल भर में एक भी दुर्घटना नहीं करने वाले रोडवेज बस चालक होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने सड़क सुरक्षा और सुरक्षित ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए साल में एक भी दुर्घटना नहीं करने वाले रोडवेज बसों के चालकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। शासन के आदेश पर आरएम ने बरेली रीजन के सभी सहायक प्रबंधकों को पत्र लिखकर दुर्घटना रहित बसें चलाने वाले चालकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बरेली रीजन के चार डिपो बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो में एक हजार से अधिक चालक तैनात हैं। इनमें पांच सौ से अधिक नियमित और अस्थाई ऐसे चालक हैं जो 10 साल से भी ज्यादा समय से बसों को चला रहे हैं। हालांकि इनमें से अब तक 50 चालक ही दुर्घटना रहित बस चलाने वाले मिले हैं। अन्य चालक छोटा-बड़ा हादसा कर चुके हैं। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि जनवरी से दिसंबर 2024 तक एक भी दुर्घटना नहीं करने वाले चालकों का आकलन करने के बाद सूची मांगी है। अब तक 48 चालकों की जानकारी लगी है। इनमें बरेली और रुहेलखंड डिपो के सर्वाधिक हैं, जिन्होंने वर्ष भर में एक भी हादसा नहीं किया है।

## पोल में दौड़ा करंट, चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** महानगर कॉलोनी के पास बिजली के पोल में आ रहे करंट की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी की, लेकिन परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। इज्जतनगर इंस्पेक्टर विजेन्द्र सिंह ने बताया कि महानगर के पास कूड़ा बीनते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया था। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान थाना भुता के कंजा चकरपुर निवासी मोहन लाल पुत्र दीन दयाल के रूप में हुई।

## भाई के साथ जा रही युवती से छेड़छाड़, विरोध पर की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि वह मंगलवार शाम 7 बजे अपनी बहन के साथ किराना की दुकान से सामान लेने के लिए जा रहा था, तभी गांव का उवैस, उसका भाई परवेज मिल गए। दोनों उसकी बहन से अश्लील बातें करने लगे और छेड़छाड़ की। जब उसने विरोध किया तो गालियां दीं। कुछ देर बाद आरोपियों ने अपने साथी अख्तर, जावेद, साजिद, बबुआ खां और अरवाज को बुला लिया। इसके बाद सभी ने मारपीट शुरू कर दी और जातिसूचक गालियां दीं।

## स्नातक की मिडटर्म और प्रैक्टिकल अब 25 तक होंगे

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि 25 जून तक बीए, बीएससी और बीकॉम द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर, बीएससी गृह विज्ञान द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर और बीबीए रिटेल एवं हेल्थ केयर द्वितीय सेमेस्टर) की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाएं कराकर अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड कर दें। इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जो महाविद्यालय अंक अपलोड नहीं करेंगे, उनका परीक्षाफल घोषित नहीं किया जाएगा। इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

## एमजेपी विश्वविद्यालय परिसर में भी प्रैक्टिकल की तिथि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों बीएड, बीटेक, बीफार्मा, एमसीए, एमए, एमएससी, एमटेक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाओं की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 जून कर दी गई है। सभी संकायों को निर्धारित तिथि में परीक्षाएं कराकर अंक अपलोड करने होंगे। इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने कहा कि जो संकाय समय पर अंक अपलोड नहीं करेंगे, उनके छात्रों के परीक्षाफल घोषित करने पर विचार नहीं किया जाएगा।

## फिरोजपुर से हरिद्वार के बीच 18 से चलेगी ट्रेन

**बरेली, अमृत विचार:** यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने 18 जून से फिरोजपुर कैंट और हरिद्वार के बीच साप्ताहिक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 14626 फिरोजपुर कैंट से हर बुधवार और 14625 हरिद्वार से हर गुरुवार को संचालित होगी। फिरोजपुर से ट्रेन रात 22:40 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 08:30 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। ट्रेन का फरीदकोट, बठिंडा, पटियाला, अंबाला कैंट, सहारनपुर और रुड़की समेत 13 स्टेशनों पर ठहराव होगा। वहीं हरिद्वार से ट्रेन दोपहर 14:45 बजे चलकर अगले दिन 00:35 बजे फिरोजपुर कैंट पहुंचेगी। यह साप्ताहिक ट्रेन सेवा खासकर उत्तर भारत के धार्मिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक यात्रियों के लिए उपयोगी होगी।

# नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 92 % अभ्यर्थी उपस्थित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के तत्वावधान में बुधवार को यूपी कॉमन नर्सिंग एंट्रेंस टेस्ट (सी-नेट) 2025 की परीक्षा बरेली में चार केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। पंजीकृत 2010 अभ्यर्थियों में से परीक्षा में 1852 उपस्थित और 158 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा बरेली कॉलेज के चार ब्लॉकों ए, बी, सी और डी में कराई गई। ब्लॉक ए में 500 अभ्यर्थियों में से 457 उपस्थित और 43 अनुपस्थित, ब्लॉक बी में 500 में से 453 उपस्थित, 47 अनुपस्थित, ब्लॉक सी में 510 में से 477 उपस्थित और 33 अनुपस्थित और ब्लॉक डी में 500 में से 465 उपस्थित और 35 अनुपस्थित रहे।

परीक्षा प्रभारी प्रो. राजेंद्र सिंह ने बताया की परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक एवं मेडिकल टीम की तैनाती रही। परीक्षा दो पालियों में हुई और कहीं से भी किसी तरह की अनुशासनहीनता या गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

## उर्स-ए-खालिद-ए-मिल्लत का पोस्टर जारी

**बरेली, अमृत विचार:** आला हजरत खानदान के मुफ्ती खालिद रजा खान के 19वें उर्स का पोस्टर बुधवार को जारी कर दिया गया है। 17 जून को कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। उर्स के पोस्टर अकीदतमंदों को भेजे जा रहे हैं।

उर्स-ए-खालिदी 16, 17 जून को दारूल उलूम मजहर-ए-इस्लाम मस्जिद बीबी जी में मनाया जाएगा। उर्स सज्जादानशीन अनस रजा कादरी की सरपरस्ती और हजरत सैफी मियां सदारत में मनाया जाएगा। उर्स के सभी कार्यक्रम सैयद शोएब मियां की निगरानी में होंगे। उर्स के पहले दिन 16 जून को दारूल उलूम मजहर-ए-इस्लाम मस्जिद बीबी जी में फजर की नमाज के बाद कुरान ख्वानी होगी। रात में नातों मनकबत महफिल उलमा की तकरीर के बाद हुजूर मुफ्ती-ए-आजम का कुल शरीफ होगा। 17 जून को सुबह 9 बजे प्रोग्राम शुरू होगा।उसके बाद खालिद-ए-मिल्लत का कुल शरीफ दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर होगा। इस बार भी उर्स खालिद-ए-मिल्लत में शिरकत करने वाले जायरीन में से कुछ जायरीन को उमराह का टिकट इनाम में दिया जाएगा। उर्स के इंतजाम में मुफ्ती सगीर अहमद, हाफिज जुबैर रजा खालिदी, सकलैन रजा खान, मौलाना तौसीफ नूरानी, मौलाना जाकिर रजा, मौलाना कमर रजा मौलाना इमरान रजा, अजीम रजा, हस्सान रजा, मुस्तफा खान, गुलाम मुहम्मद आदि लोग शामिल हैं।


### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०-1, ई-प्रापण निविदा संख्या** : उप मु०इं०-नि०-1-जीकेपी-पी एम एस-03-2025 दिनांकः 23.07.2025, **कार्य का नाम** – पूर्वोत्तर रेलवे के आनंद नगर – घुघुली नई बीजी रेलवे लाइन परियोजना के संबंध में घुघुली (छोड़कर) और महराजगंज (सहित) खंड (लंबाईः 24.500 किमी) की नई सिंगल ब्रॉड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यों, विद्युतीकरण कार्यों और सिग्नलिंग कार्यों के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी)।, अनुमानित निविदा मुल्य : 54278729.45, बयाना राशि (रू०) : 421400.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : –, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 48 महीने ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि– दिनांक 09.07.2025 ● उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि – दिनांक 23.07.2025 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि – दिनांक 23.07.2025 15.30 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इंजीनियर/ निर्माण-1/ गोरखपुर**

मुजाधि/डब्ल्यू – 107

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



### कार्यालय नगर निगम, शाहजहांपुर

पत्रांक: 93/क.वि./न.नि.शाह./2025-26 दिनांक: 11.06.2025

**सार्वजनिक सूचना**

उ.प्र. शासन के आदेश सं.- 925/नौ-9-2025-ई.-1853096 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 09.05.2024 एवं नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 543 के तहत नगर निगम, शाहजहांपुर कर निर्धारण सूची में होने वाले दाखिल खारिज के सम्बन्ध में वर्तमान प्रचलित दरों के स्थान पर शासनादेश में उल्लेखित निम्नलिखित दरों को प्रभावी किया जाना प्रस्तावित है।

क) किसी विधिक उत्ताधिकारी या रजिस्ट्रीकृत वसीयत के मामले में प्रभार की दरें निम्नवत् होंगी:-

| क्र. सं. | सम्पत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | प्रभार की धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 1000 तक | 1000/- |
| 2 | 1001-2000 तक | 2000/- |
| 3 | 2001-3000 तक | 3000/- |
| 4 | 3000 से अधिक | 5000/- |

ख) अन्य सभी मामलों में प्रभारों की दर जिलाधिकारी द्वारा नियत सर्किल रेट या पंजीकरण विलेख में अंकित धनराशि, जो भी अधिक हो, के आधार पर निम्नवत् होगी:-

| क्र. सं. | सम्पत्ति का मूल्य | प्रभार की धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1. | रू. 5 लाख तक | 1000/- |
| 2. | रू. 5 लाख से रू. 10 लाख तक | 2000/- |
| 3. | रू. 0:10 लाख से रू. 15 लाख तक | 3000/- |
| 4. | रू. 15 लाख से रू. 50 लाख तक | 5000/- |
| 5. | रू. 50 लाख से ऊपर | 10000/- |

अत: उपरोक्त दरों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति/सुझाव हो तो विज्ञापन के प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के भीतर नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित रूप में दर्ज करा दें। समय वाद किसी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। उपविधि का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम, शाहजहांपुर में स्थापित एकल खिड़की पर भी किया जा सकता है।

**नगर आयुक्त**
**नगर निगम, शाहजहांपुर**



### किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी

**ई-निविदा सूचना**

मिल समिति में वर्ष 2025-26 में विभिन्न जॉब कार्यों से सम्बन्धित ई-बिड निविदायें दिनांक 17.06.2025 से दिनांक 14.07.2025 को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदायें **www.etender.up.nic.in** एवं **www.upsugarfed.org** पर देखी जा सकती है।

**प्रधान प्रबन्धक**



### सूचना

**मेरा एक प्लाट नं0 13 ए रकबा 1050 वर्गफिट स्थित मो0 रोशननगर निकट सुन्दरपुरम शहर व तहसील लखीमपुर जिला-खीरी जिसका बैनामा दिनांक 08.02.1989 को उप निबन्धक कार्यालय लखीमपुर जिला खीरी में हुआ था। बैनामें में मेरा नाम कुमारी अदीबा जैदी नाबालिग उम्र 7 साल पुत्री नजरूल हसन वलिया श्रीमती अनीसा बेगम पत्नी नजरूल हसन ग्राम व पोस्ट मितौली तहसील मोहम्मदी जिला खीरी गलत दर्ज है। मेरा वास्तविक नाम अदीबा नजमुल व पिता का नाम नजमुल हसन है जोकि मेरे आधारकार्ड व हाईस्कूल के अंकपत्र के अनुसार सही है। बैनामें में अदीबा जैदी के स्थान पर सही नाम अदीबा नजमुल व पिता का नजरूल हसन के स्थान पर सही नाम नजमुल हसन व अनीसा बेगम पत्नी नजरूल हसन के स्थान पर पति का सही नाम नजमुल हसन सरकारी अभिलेखों में पढ़ा लिखा दर्ज समझा जाये। अदीबा नजमुल पुत्री नजमुल हसन पत्नी सलमान हुसैन निवासिनी मो0 बरखेरवा शहर व तहसील लखीमपुर-खीरी**



### कार्यालय ग्राम पंचायत आमखेड़ा विकास खंड बहेड़ी, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2025-26 की कार्य योजनानुसार 15 वें केन्द्रीय वित्त, पंचम राज्य वित्त आयोग, ग्राम स्वच्छता व मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में पंचायत घर में इन्टरलॉकिंग, बाजार हाट में इन्टरलॉकिंग, समूह सैड में इन्टरलॉकिंग, ग्राम पंचायत में प्रवेश द्वार / मुख्य द्वार सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण एवं मरम्मत, खडंजा निर्माण मरम्मत, मिट्टी कार्य, स्ट्रीट लाइट, हैण्डपम्प रिबोर, एल.ई.डी. लाइट, ह्यूम पाइप, पुलिया निर्माण, पंचायत घर व सामुदायिक शौचालय मरम्मत, दिव्यांग शौचालय, हेल्थ सेन्टर की मरम्मत, पशु शेड निर्माण, पंचायत घर में इंटरलॉकिंग, अंत्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूलों का कायाकल्प, पानी टंकी निर्माण, रसोईघर निर्माण, ओ.डी.एफ. प्लस के अन्तर्ग ई-रिक्शा, हैण्ड रिक्शा, खाद के पक्के गड्ढ़े, शोक्ता गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य अनुरक्षक कार्य कराये जाने हेतु उक्त कार्यो के लिए सामग्री जिसमें ईट प्रथम, इंटरलॉकिंग ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, सफाई कार्य हेतु ठेली, स्प्रे मशीन एवं ध्वनि विस्तारक यन्त्र आदि सामग्री की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 14.06.2025 को प्रात: 10:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 14.06.2025 को अपराहन 02:00 बजे खोली जायेगी।

**जसविन्दर सिंह - ग्राम प्रधान** **अमित प्रकाश - सचिव**



### कार्यालय ग्राम पंचायत दईयाबोझ विकास खंड बहेड़ी, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2025-26 की कार्य योजनानुसार 15 वें केन्द्रीय वित्त, पंचम राज्य वित्त आयोग, ग्राम स्वच्छता व मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में पंचायत घर में इन्टरलॉकिंग, बाजार हाट में इन्टरलॉकिंग, समूह सैड में इन्टरलॉकिंग, ग्राम पंचायत में प्रवेश द्वार / मुख्य द्वार सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण एवं मरम्मत, खडंजा निर्माण मरम्मत, मिट्टी कार्य, स्ट्रीट लाइट, हैण्डपम्प रिबोर, एल.ई.डी. लाइट, ह्यूम पाइप, पुलिया निर्माण, पंचायत घर व सामुदायिक शौचालय मरम्मत, दिव्यांग शौचालय, हेल्थ सेन्टर की मरम्मत, पशु शेड निर्माण, पंचायत घर में इंटरलॉकिंग, अंत्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूलों का कायाकल्प, पानी टंकी निर्माण, रसोईघर निर्माण, ओ.डी.एफ. प्लस के अन्तर्ग ई-रिक्शा, हैण्ड रिक्शा, खाद के पक्के गड्ढ़े, शोक्ता गड्ढ़ों का निर्माण एवं अन्य अनुरक्षक कार्य कराये जाने हेतु उक्त कार्यो के लिए सामग्री जिसमें ईट प्रथम, इंटरलॉकिंग ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, सफाई कार्य हेतु ठेली, स्प्रे मशीन एवं ध्वनि विस्तारक यन्त्र आदि सामग्री की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 14.06.2025 को प्रात: 10:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 14.06.2025 को अपराहन् 02:00 बजे खोली जायेगी।

**सर्वेश कुमारी- ग्राम प्रधान** **अमित प्रकाश - सचिव**



### कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं उ.प्र.- 243601

विज्ञप्ति सं.- 481/रा.मे.कॉ.ब./2025 दिनांक: 10.06.2025

**सेवायोजन विज्ञप्ति**

राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं उ.प्र. में नान पी.जी.जे.आर. हॉस्पिटल एडमिस्ट्रेशन (Hospital Administration) के 03 पदों (01 पद अनारक्षित, 01 पद अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 01 पद अनुसूचित जाति) पर इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता एम.बी.बी.एस./बी.डी.एस. एवं किसी भी चिकित्सकीय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी.जी. डिग्री मास्टर्स इन हॉस्पिटल हास्पिटल एडमिस्ट्रेशन (Hospital Administration) है। वेतनमान रू.- 15600-39100 ग्रेड पे 5400 एवं अन्य अर्हता एन.एम.सी. के मानकानुसार है। इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति व्यक्तिगत उपस्थित होकर जमा करना सुनिश्चित करें। आवेदन पत्र का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट www.gmcbadaunup.com पर उपलब्ध है। साक्षात्कार प्रत्येक मंगलवार को (पद भरे जाने तक) प्रधानाचार्य कार्यालय में प्रात: 11:00 बजे से सम्पन्न किये जायेंगे। अर्ह अभ्यर्थियों को फोन एवं ई-मेल के द्वारा सूचना दी जायेगी।

**प्रधानाचार्य**
**राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं**



### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-शाहजहाँपुर।

कार्यालय का पता- द्वितीय तल, विकास भवन, शाहजहॉपुर

पत्रांक :- 413 / ग्र0अ0वि0 / निविदा / 2025-26 दिनांक 03.06.25

निविदा सूचना

ई-प्रोक्क्योरमेन्ट नोटिस

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-शाहजहाँपुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए0,बी0,सी0 एवं डी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिये निविदा दे सकता है :-

01- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है :-

| क0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | मा0 सदस्य विधान परिषद, नोडल जनपद-शाहजहॉपुर। | | | | |
| 1 | शाहजहाँपुर | ग्राम सिगरई वि0ख0 भावलखेडा में श्री करूणाकान्त दीक्षित पुत्र श्री सुन्दर लाल दीक्षित के मकान से मेन रोड तक लगभग 150 मी0 सडक निर्माण | 13.34 | 26700.00 | 854.00 | 03 माह |
| 2 | शाहजहाँपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर वि0ख0 कांट में नरवीर सिंह के मकान से ऊधमपाल के घर के सामने होते हुए पं0 रामलडैते के मकान तक 230.00 मी0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 14.55 | 29100.00 | 854.00 | 03 माह |
| 3 | शाहजहाँपुर | ग्राम धन्यौरा वि0ख0 ददरौल में पंचायतघर से स्व0 राजेन्द्र सिंह मास्टर साहब के मकान से होते हुए बलवीर सिंह के घर तक 230.00 मी0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 16.62 | 29300.00 | 854.00 | 03 माह |
| 4 | शाहजहाँपुर | ग्राम धन्यौरा वि0ख0 ददरौल में पंचायतघर से पप्पू वर्मा के मकान से होते हुए जदुवीर सिंह के घर तक 422.00 मी0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 24.999 | 50000.00 | 2354.00 | 04 माह |
| 5 | शाहजहाँपुर | मो0 सुभाषनगर, शाहजहॉपुर में स्मार्ट रोड से रेलवे लाइन की तरफ सोलर चक्की के पास तक 180.00 मी0 इण्टरलाकिंग और नाली निर्माण कार्य | 20.36 | 40800.00 | 2354.00 | 03 माह |
| 6 | शाहजहाँपुर | मो0 सुभाषनगर, शाहजहॉपुर में सोलर चक्की होते हुए श्री अमित शर्मा के मकान तक तथा रमेश के घर तक 262.00 मी0 इण्टरलाकिंग और नाली निर्माण कार्य | 24.99 | 50000.00 | 2354.00 | 04 माह |
| 7 | शाहजहाँपुर | श्रीमती सावित्री देवी धार्मिक संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, तिलहर, शाहजहॉपुर में निर्माण कार्य | 25.00 | 50000.00 | 2354.00 | 04 माह |
| | | विधायक निधि क्षेत्र शाहजहॉपुर | | | | |
| 8 | शाहजहाँपुर | मो0रंगमहला में सीता की मठिया होते हुये महावीर की चक्की के पास से मेन रोड तक 208.00 मी0 सी0सी0 कार्य | 11.99 | 24,000.00 | 854.00 | 03 माह |
| 9 | शाहजहाँपुर | मो0 नवादा इन्देपुरा स्थित हनुमान गढी परिसर में सार्वजनिक स्थान पर बारातघर/उत्सव भवन का निर्माण कार्य। | 14.50 | 29,000.00 | 854.00 | 04 माह |
| 10 | शाहजहाँपुर | ग्राम तिउलक में श्री रामेश्वर सिंह पुत्र जगदीश सिंह के मकान से देवी स्थान पीपल तक 160.00 मी0 सी0सी0 निर्माण कार्य | 11.43 | 22,900.00 | 854.00 | 03 माह |
| 11 | शाहजहाँपुर | मो0 हुसैनपुरा में परशुराम की चक्की से कृपाल आश्रम होते हुये मुन्नालाल के मकान तक 166.00 मी0 सी0सी0 निर्माण कार्य | 18.56 | 37,200.00 | 854.00 | 03 माह |
| 12 | शाहजहाँपुर | ग्राम मऊ बासक में शवदाह गृह का निर्माण कार्य | 13.17 | 26,400.00 | 854.00 | 04 माह |
| 13 | शाहजहाँपुर | ग्राम दौलतपुर में शवदाहगृह का निर्माण कार्य | 13.17 | 26,400.00 | 854.00 | 04 माह |
| 14 | शाहजहाँपुर | ग्राम पंचायत सुन्दर नगर विकास खण्ड भावलखेडा के पंचायत सचिवालय की 170.00 मी0 बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 13.37 | 26,800.00 | 854.00 | 03 माह |
| 15 | शाहजहाँपुर | ग्राम पैना बुजुर्ग वि0ख0 भावलखेडा में शवदाहगृह का निर्माण कार्य | 13.17 | 26,400.00 | 854.00 | 04 माह |
| 16 | शाहजहाँपुर | मो0 फत्तेपुर रेती (गढी गाडीपुरा) पं0 दीनदयाल उपाध्याय भवन, शाहजहॉपुर के ऊपर बारातघर/उत्सव भवन का निर्माण कार्य | 24.97 | 50,000.00 | 2354.00 | 04 माह |
| 17 | शाहजहाँपुर | मो0 सरांय काइंया श्यामाप्रसाद मुखर्जी भवन शाहजहॉपुर के ऊपर बारातघर/उत्सव भवन का निर्माण कार्य | 24.99 | 50,000.00 | 2354.00 | 04 माह |
| 18 | शाहजहाँपुर | ग्राम आदमपुर दक्षिणी वि0ख0 भावलखेडा में एक बारातघर/उत्सव भवन का निर्माण कार्य | 14.50 | 29,000.00 | 854.00 | 04 माह |
| 19 | शाहजहाँपुर | ग्रा0 अटसलिया में शमशान घाट (अन्तेष्ठि स्थल) की 170.00 मी0 बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य | 20.40 | 40,800.00 | 2354.00 | 03 माह |
| 20 | शाहजहाँपुर | ग्राम काजीपुर में दो चबूतरों वाला शमशान घाट (अन्तेष्ठि स्थल) का निर्माण कार्य | 13.17 | 26,400.00 | 854.00 | 04 माह |
| | | सी0आर0एस0 फण्ड | | | | |
| 21 | शाहजहाँपुर | दौलतपुर में रिंग रोड से (सुरेन्द्र पाल) के मकान से ट्यूबवेल तक लगभाग 230.00 मी0 सी0सी0 निर्माण कार्य | 13.52 | 27,100.00 | 854.00 | 03 माह |
| 22 | शाहजहाँपुर | मो0 मक्कू बजरिया के टी0पी0सं0 24 (सार्वजनिक स्थल) पर उत्सव भवन/बारातघर का निर्माण | 25.00 | 50,000.00 | 2354.00 | 04 माह |

02-बेव साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :- 15.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे से।

03-विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समय 15.06.2025 को प्रातः 12.00 बजे से।

04-ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि/समय 15.06.2025 को प्रातः 12.00 बजे से।

05-ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिये अन्तिम तिथि/समय 14.07.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक।

06-ई0-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.07.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे।

07-टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।

08-निविदा की ऑन लाईन वेब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।

09-निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज के अनुसार पृविष्टि/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।अधिक जानकारी के लिये कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें, सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि वह बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भांति पढ लें।

(इं0 सतीश चन्द्र राघवेन्द्रम)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-शाहजहाँपुर

**UP-234666 दिनांक 05.06.2025**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



### कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी

पत्रांक: 1128/जननिर्माण/एम.बी.एल./2025-26 दिनांक: 09.06.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

राज्य सेक्टर के सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्यों हेतु दिनांक 11.06.2025 सायं 05:00 बजे से दिनांक 02.07.2025 सायं 05:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 11.06.2025 सायं 05:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि- 02.07.2025 सायं 05:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि- 03.07.2025 प्रातः 10:00 बजे।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** एवं **www.npplakhimpur.in** पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**संजय कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

**डॉ. इरा श्रीवास्तव**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**



### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
लखीमपुर खीरी

पत्रांक 1747 / 16ए / ई-टेण्डर / 2025-26 दिनांक 30.05.2025

ई-प्रक्योरमेण्ट सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में "मार्ग निर्माण कार्यो" हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खीरी/प्रा0खं0 | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 खीरी के अधीन पड़ने वाले राज्य मार्ग एवं प्रमुख जिला मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 09 माह | "ए" "बी" "सी" "डी" |
| 2 | खीरी/प्रा0खं0 | विकास खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत पड़ने वाले अन्य जिला मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | 944.00 | 09 माह | -तदैव- |
| 3 | खीरी/प्रा0खं0 | विकास खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 856.00 | 09 माह | -तदैव- |
| 4 | खीरी/प्रा0खं0 | विकास खण्ड कुम्भी (गोला) के अन्तर्गत पड़ने वाले अन्य जिला मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.20 | 856.00 | 09 माह | -तदैव- |
| 5 | खीरी/प्रा0खं0 | विकास खण्ड कुम्भी (गोला) के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 25.00 | 1.50 | 944.00 | 09 माह | -तदैव- |
| 6 | खीरी/प्रा0खं0 | विकास खण्ड मोहम्मदी के अन्तर्गत पड़ने वाले अन्य जिला मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 856.00 | 09 माह | -तदैव- |
| 7 | खीरी/प्रा0खं0 | विकास खण्ड मोहम्मदी के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 856.00 | 09 माह | -तदैव- |
| 8 | खीरी/प्रा0खं0 | विकास खण्ड पसगवां के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 856.00 | 09 माह | -तदैव- |
| 9 | खीरी/प्रा0खं0 | विकास खण्ड मितौली के अन्तर्गत पड़ने वाले अन्य जिला मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 5.00 | 0.50 | 767.00 | 09 माह | -तदैव- |
| 10 | खीरी/प्रा0खं0 | विकास खण्ड मितौली के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 856.00 | 09 माह | -तदैव- |
| 11 | खीरी/प्रा0खं0 | विकास खण्ड बेहजम के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 856.00 | 09 माह | -तदैव- |
| 12 | खीरी/प्रा0खं0 | विकास खण्ड बॉकेगंज के अन्तर्गत पड़ने वाले ग्रामीण मार्गो की पैच मरम्मत का कार्य। | 5.00 | 0.50 | 767.00 | 09 माह | -तदैव- |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 17.06.2025 से 24.06.2025 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 24.06.2025 को समय अपराह्न 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 24.06.2025 को अपराह्न 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(तरूणेन्दु त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
लखीमपुर खीरी।

**UP-234582 दिनांक 05.06.2025**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

## एक नजर

### हाईस्कूल व इंटर परीक्षा के टॉपर्स का होगा सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 166 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री एक-एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित करेंगे। इनमें यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉप 10-10 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसी क्रम में सभी 75 जिलों में भी जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। जहां 1508 विद्यार्थियों (758 हाईस्कूल व 750 इंटरमीडिएट) को 21-21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारियों द्वारा दिए जाएंगे।

### होमस्टे नीति में पर्यटकों को मिलेंगी सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग द्वारा लागू उप्र. बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) एवं होमस्टे नीति-2025 में प्रदेश के सभी होमस्टे रूरल होमस्टे इकाइयों के स्वामियों को पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण किये जाने के लिए एक वर्ष माह का समय प्रदान किया जायेगा। इसमें विभिन्न लाभों को उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गई है। यह योजना उप्र. के सम्पूर्ण ग्रामीण परिक्षेत्र में लागू होगी। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि आवेदकों को इस योजना में पंजीकरण कराने के लिए पर्यटन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल up-tourismportal.in पर जाना होगा। शहरी क्षेत्रों में आवासीय इकाइयों में देशी-विदेशी पर्यटकों को किफायती दरों पर आवास एवं नास्ता, भोजन आदि उपलब्ध कराये जाने के लिए पंजीकरण कराना होगा।

# इनोवेटिव खेती से हर मौसम में मिलेंगी सभी सब्जियां

## 24 जिलों में 37 ग्रीन हाउस पैदावार के लिए तैयार, 20 जिलों में 29 निर्माणाधीन, योगी सरकार ने बदली क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के किसान अब इनोवेटिव खेती करेंगे, ताकि वे हर मौसम में सभी प्रकार की सब्जियां आमजन तक पहुंचा सकें। इसके लिए राज्य के 24 जिलों में 37 ग्रीन हाउस पैदावार के लिए तैयार हैं, जबकि 20 जिलों में 29 निर्माणाधीन हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने समय के साथ क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी बदली है। ऐसे में लखनऊ, बहराइच, सुल्तानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी समेत 44 जिलों में 66 पॉली हाउस-ग्रीन हाउस स्थापित कर किसानों को खेती में नवाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस परियोजना के पीछे राज्य सरकार की मंशा किसानों की आय को दोगुना करने की है। ऐसे में अब ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसान ऑफ सीजन में भी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की फसलें उगा सकें। इसके साथ ही



एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत इस पर सब्सिडी भी दी जा रही है।

इस आधुनिक खेती में मौसम की मार से फसलों को सुरक्षा मिलती है। किसान अब सर्दी, गर्मी और बरसात हर मौसम में टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, खीरा, बींस जैसी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की खेती कर सकते हैं। इससे न केवल उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है, बल्कि बाजार मूल्य भी अधिक मिलता है। योजना के अंतर्गत 50 किसानों प्रतिशत तक की सब्सिडी व सरकारी अनुदान दिया जा रहा है।

इससे खेती अब पारंपरिक से हटकर व्यावसायिक रूप ले रही है। योगी सरकार की यह पहल न केवल खेती को आधुनिक बना रही है, बल्कि किसानों की आय को भी स्थायी और सुनिश्चित कर रही है। इस नवाचार से प्रदेश की कृषि व्यवस्था में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### यहां ग्रीन हाउस बनकर तैयार

लखनऊ में 3, बागपत 4, सहारनपुर 3, मेरठ 3, बहराइच 2, शामली 1, एटा 1, बरेली 2, कासगंज 2, कौशांबी 1, हरदोई 2, मिर्जापुर 1, उन्नाव 1, अलीगढ़ 1, शाहजहांपुर 1, सुल्तानपुर 1, कानपुर नगर 1, बाराबंकी 1, मुजफ्फरनगर 1, खीरी 1, सीतापुर 1, अमेठी 1, आगरा 1, गाजीपुर 1 ग्रीन हाउस बनकर तैयार है।

### इन जिलों में हो रहा निर्माण

उन्नाव में 2, पीलीभीत 3, मुरादाबाद 2, हापुड़ 1, लखनऊ 2, चंदौली 2, शाहजहांपुर 1, बरेली 1, श्रावस्ती 1, सहारनपुर 2, मेरठ 1, मुजफ्फरनगर 1, बाराबंकी 2, शामली 2, बुलंदशहर 1, हमीरपुर 1, अलीगढ़ 1, गाजीपुर 1, कानपुर नगर 1, कन्नौज में 1 ग्रीन हाउस का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

### इटावा के मत्स्य निरीक्षक निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये को लेकर इटावा जिले के मत्स्य निरीक्षक हिमांशु यादव को निलंबित कर दिया है। बीते दिनों विभागीय समीक्षा बैठक में हिमांशु यादव अनुपस्थित रहे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव पशुपालन अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में आयोजित मत्स्य और दुग्ध विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में हिमांशु यादव की गैरमौजूदगी को उन्होंने गंभीर अनुशासनहीनता माना और उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया।

## अंबर इंटरप्राइजेज करेगा 6000 करोड़ का निवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. में अम्बर इंटरप्राइजेज 6000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स तथा प्रोडक्शन कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) की इकाई की स्थापना में यह निवेश करेगी। यह जानकारी कंपनी के प्रमोटर जसबीर सिंह ने बुधवार को यहां प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी से मुलाकात के दौरान दी।

औद्योगिक विकास मंत्री ने बताया कि, अम्बर इंटरप्राइजेज के प्रमोटर जसबीर सिंह के साथ प्रदेश में निवेश को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने प्रदेश में 6000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जो प्रदेश में विकास और समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि इससे प्रदेश के विकास के साथ ही युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे।

## प्रबंधन की विफलता निजीकरण का आधार नहीं बन सकती : समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री के वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का लक्ष्य बिजली को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखते हुए ही पूरा किया जा सकता है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली आपूर्ति का रोज नया कीर्तिमान सार्वजनिक क्षेत्र में ही बिजली कर्मी बना रहे हैं। अगर कोई विफलता है तो प्रबंधन की है और प्रबंधन की विफलता निजीकरण का आधार नहीं बन सकती। इस बीच, निजीकरण के विरोध में 196वें दिन प्रदेश भर में बिजली कर्मियों का आंदोलन जारी रहा।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि किसानों, उपभोक्ताओं व बिजली कर्मियों की 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत में 'प्रधानमंत्री के विकसित भारत का लक्ष्य और सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली' महत्वपूर्ण विषय होगा।

निजी क्षेत्र के पास बेहतर तकनीक व प्रबंध कौशल बताये जाने पर संघर्ष समिति ने कहा कि प्रबंध कौशल में कोई कमी है तो वह प्रबंधन की है। प्रबंधन की कमी के आधार पर प्रदेश के बेहद गरीब 42 जिलों पर बिजली का निजीकरण क्यों थोपा जा रहा है।

### उपभोक्ता परिषद ने आयोग में दाखिल की याचिका

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की बिजली आपूर्ति सुधार की योजनाओं की रकम को खर्च कर बिजली कंपनियों को निजी घरानों को बेचा जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से बुधवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में दाखिल याचिका में यह आरोप लगाया गया। परिषद ने आयोग ने निजीकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि बिजली कंपनियों में हर स्तर पर सुधार व कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए धन खर्च किया जा रहा है। इसमें दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 7434 करोड़, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में 13,539 करोड़, पश्चिमांचल निगम में 12,695 करोड़, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 9,481 करोड़ व केस्को में 943 करोड़ के सुधार कार्य चल रहे हैं। इसी बीच, दो बिजली कंपनियों को बेचने का निर्णय ले लिया गया। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि निजीकरण के विरोध में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्र भेजा गया है, जिसमें प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई है।

## स्वामी प्रसाद ने बनाया लोक मोर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कई दलों के साथ मिलकर लोक मोर्चा का गठन किया है। माना जा रहा है कि यह मोर्चा पंचायत चुनाव और डेढ़ साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया गया है।



लोक मोर्चा का गठन करने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने विधानसभा चुनाव फिर से लड़ने का निर्णय लिया है। पूर्व मंत्री के निजी सचिव सज्जाद अली ने बताया कि लोक मोर्चा में सर्वसम्मति से स्वामी प्रसाद मौर्य को विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का चेहरा सर्वसम्मति से घोषित किया गया है। वहीं लोक मोर्चा की आगामी रणनीति के बारे में स्वामी प्रसाद मौर्य गुरुवार को जानकारी साझा करेंगे।

## 23 पीसीएस अफसर होंगे प्रोन्नत, बनेंगे आईएएस

- 22 पीपीएस अफसर भी जल्द बनेंगे आईपीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नई दिल्ली में बुधवार को डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) की बैठक हो जाने के बाद अब उप्र. को शीघ्र ही 23 आईएएस अफसर मिलने वाले हैं। इनमें से सभी पीसीएस अधिकारी प्रोन्नत होकर आईएएस बनेंगे। इसके अलावा 22 पीपीएस अफसर भी आईपीएस के लिए प्रोन्नत होंगे।

इन पीसीएस अधिकारियों में भानु प्रताप यादव, विधान जयसवाल, राजेश कुमार सिंह, बलराम सिंह, रणविजय सिंह, शैलेन्द्र भाटिया, गुलाब चंद्र, जयनाथ यादव, राम सुरेश वर्मा, दयानंद प्रसाद, विनोद कुमार गौड़, आलोक वर्मा, देवी प्रसाद पाल, अंजूलता, आलोक कुमार, सचिन कुमार सिंह, विवेक कुमार श्रीवास्तव, बसन्त अग्रवाल, वन्दिता श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार, राजेश कुमार शामिल हैं। इस सूची में कुछ अन्य अधिकारियों के नाम और शामिल होने की संभावना है।

वहीं उप्र. को आईएएस के अलावा नए आईपीएस भी मिल सकते हैं। दरअसल, 22 पीपीएस (प्रांतीय पुलिस सेवा) अधिकारी शीघ्र ही आईपीएस बनने वाले हैं। गृह विभाग ने 1996, 1997, 1998 बैच के अधिकारियों के प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग को भेज दिया है। स्वीकृति मिलते ही डीपीसी बैठक के बाद अधिकारियों को प्रोन्नति मिलेगी।

# भीषण गर्मी : 1-2 दिन में बारिश की संभावना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। हालांकि अगले 48 घंटों के दौरान पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इसके बाद धीरे-धीरे 3-5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। न्यूनतम तापमान में भी 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। वहीं, 12-13 जून से राज्य के ज्यादातर जिलों में बारिश का दौर शुरू होने का अनुमान है। इस दौरान मेघगर्जन के साथ वज्रपात और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।



लखनऊ में कहर बरपा रही गर्मी से बचने को लेना पड़ रहा दुपट्टे का सहारा। अमृत विचार

दरअसल, केरल में समय से 10 दिन पहले दक्षिण पश्चिम मानसून की दस्तक देने के बाद उप्र. में अगले 5-10 दिनों के अंदर मानसून के पहुंचने का अनुमान है। संभावना है कि 15 से 20 जून के बीच कभी भी मानसून प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। सामान्य रूप से उत्तर प्रदेश में मानसून के 15 -20 जून को आता है, लेकिन इस बार समय से पहले मानसून के दस्तक देने की उम्मीद है। इस बार उप्र. में सामान्य से अच्छी बारिश होने की संभावना है।

## भाजपा विस चुनाव में पैदा करना चाहती है अराजकता : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का चरित्र अलोकतांत्रिक है। इसका आचरण अधिनायकवादी है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता खुद अराजकता पर उतारू है। भाजपा भारतीय संविधान के लिए चुनौती बन गयी है। भाजपा उप्र. विधानसभा चुनाव में अराजकता पैदा करना चाहती है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने यूपी को विकास का विजन दिया है। प्रदेश में एक्सप्रेस-वे बनाए, शहरों में मेट्रो रेल चलाई। अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम और पार्क बनाएं, महिला सुरक्षा के लिए वीमेन पावर लाइन 1090 सेवा शुरू की। बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पावर प्लांट लगाए। आज प्रदेश में बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंच गयी है। बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है लेकिन भाजपा सरकार ने आठ साल के कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया। भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। विपक्षी नेताओं की छवि खराब करने के लिए अभियान चलाती है।

## 11 जिलों में 15 नए एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की होगी स्थापना

- अलीगढ़, एटा, फिरोजाबाद कानपुर देहात, ललितपुर आदि जिलों में होगी स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की उद्यमिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी प्रश्रय देने के लिए एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना हो रही है। प्रदेश के 11 जिलों में 15 नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के कार्य को गति देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

इसके लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने खाका तैयार किया है, जिसके अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में फैले इन एस्टेट्स की कुल 764.31 एकड़ क्षेत्र में स्थापना की जाएगी। यहां 872 प्लॉट्स निवेशकों के लिए अपना उद्यम स्थापित करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

इसी कवायद के तहत 11 जिलों में 15 एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना के लिए भी लैंड बैंक उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया पर कार्य हो रहा है।

इनके अंतर्गत, अलीगढ़ के गभाना में 116 एकड़, एटा के जलेसर में 6.8 एकड़, फिरोजाबाद के टूंडला में 19 एकड़, सिरसागंज में 10 एकड़, कानपुर देहात के अकबरपुर (कुंभी) में 59 तथा दुवारी में 172 एकड़, ललितपुर के बीघाखेत में 9.8 एकड़, पुलवारा में 44 एकड़, झरर में 8.6 एकड़ तथा महोबा में 37 एकड़ क्षेत्र में एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना होगी।

इसी तरह, प्रयागराज के सदर में 8 एकड़, प्रगापगढ़ के रानीगंज में 39.7 एकड़, मीरजापुर के चुनार में 35 एकड़, मऊ के सदर में 84 एकड़ तथा रायबरेली सदर में 58 एकड़ क्षेत्र में एमएमएसई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी।

# दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए वितरित हो रही सुगम्य वर्कशीट्स

- यूनिसेफ के सहयोग से विकसित किया गया है सुगम्य वर्कशीट्स
- दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा में बराबरी का अधिकार दे रही योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार राज्य के लगभग 2.96 लाख विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) विद्यार्थियों को यूनिसेफ के सहयोग से 'सुगम्य वर्कशीट्स' का विकास और वितरण करा रही है। ये वर्कशीट्स न केवल उनकी मूलभूत शैक्षिक दक्षताओं को मजबूत करेंगी, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देंगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे, चाहे वह किसी भी सामाजिक, आर्थिक या शारीरिक परिस्थिति में क्यों न हो। 'सुगम्य वर्कशीट्स' से दिव्यांग बच्चे भी शिक्षा के हर स्तर पर बराबरी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन वर्कशीट्स को कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी और गणित विषयों पर केंद्रित किया गया है। कक्षा एक से पांच के लिए कुल 1300 वर्कशीट्स तैयार किये गये हैं तो कक्षा छह से आठ के लिए 600 वर्कशीट्स। इस तरह इनके लिए कुल 1900 वर्कशीट्स तैयार हैं। इन वर्कशीट्स को पूर्ण दृष्टि दिव्यांग छात्रों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों के दिव्यांग बच्चों के लिए इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि वे रंगीन, आकर्षक और सरल भाषा में हों, ताकि वे रुचिपूर्वक और सहजता से सीख सकें।

**कक्षा में उपयोग की योजना** : बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्कशीट्स की छपाई पूर्ण हो चुकी है और सभी जिलों में उनकी आपूर्ति कर दी गई है। चरणबद्ध तरीके से ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर वितरण किया जा रहा है। पहले सेट के अभ्यास और शिक्षक मूल्यांकन के बाद ही अगला सेट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को बच्चों से वर्कशीट्स पर कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। मूल्यांकन के बाद विद्यार्थियों को वर्कशीट्स घर ले जाने की अनुमति दी गई है, ताकि वे दोबारा अभ्यास कर सकें।

### स्पेशल एजुकेटर्स दूर करेंगे कठिनाइयां

संदीप सिंह ने बताया कि स्पेशल एजुकेटर्स को विद्यालयों में भ्रमण कर न केवल वर्कशीट्स की उपलब्धता करानी है, बल्कि बच्चों को आने वाली कठिनाइयों को समझकर समाधान भी देना है। इतना ही नहीं, उनकी मासिक रिपोर्ट की समीक्षा जिला समन्वयक करेंगे तथा उसी के अनुरूप फीडबैक व मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

## वर्ग पहेली- 459

**बाएं से दाएं**

1. 1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4. 1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5. 1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7. 1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9. 1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

**ऊपर से नीचे**

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3. 1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6. 1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7. 1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | |
| 8 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली -458 का हल


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | म | का | 2 जी | ■ | 3 ठ |
| ज | ■ | ■ | 4 व | सी | म |
| ■ | 5 गा | 6 ट | र | ■ | की |
| ■ | ■ | 7 म | सा | नी | ■ |
| 8 चुं | 9 ब | की | य | ■ | 10 सं |
| ■ | ढ़ | ■ | न | ■ | घा |
| 11 वि | त | त | ■ | 12 सृ | त |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा-14 .27 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मूल 09 .57 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढा।


मेष

आज आपके व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। आपको बोलते समय वचनों पर नियंत्रण रखना चाहिए। छात्र पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। अपनी व्यावसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं।


वृष

आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ा सकते हैं। लेकिन आप चतुराई से अपना काम निकाल लेंगे। छात्रों को पढ़ाई में अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है। असंतुलित खानपान के कारण गैस और पेटदर्द की समस्या हो सकती है।


मिथुन

आज आपके जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों की आवाजाही हो सकती है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। संपत्ति को लेकर रुके हुए प्रोजेक्ट पुन: प्रारम्भ हो सकते हैं। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित करें।


कर्क

आज आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव का अनुभव कर सकते हैं। अपने प्रेमी से मन की बातें अवश्य करें। आज सभी कार्यों को एकाग्र होकर करें। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।


सिंह

आज कारोबार को लेकर आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। जोड़ों और कूल्हों में दर्द को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। गलतफहमी को लेकर प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है।


कन्या

आज सोशल मीडिया पर संभलकर प्रतिक्रिया दें। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सर्वाइकल के दर्द से जूझना पड़ सकता है। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। किसी दोस्त के घर मिलने जा सकते हैं।


तुला

आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको अपनी प्रतिष्ठा की काफी चिंता रहेगी। व्यवसाय में लाभ तो होगा लेकिन तनाव भी बढ़ेगा। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए।


वृश्चिक

आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की प्रशंसा होगी। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ते दिखाई देंगे। धार्मिक कार्यों में आप अधिक रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।


धनु

आज जीवनसाथी की सलाह आपके लिए अत्यधिक लाभप्रद सिद्ध होने वाली है। राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। दिखावे के चक्कर में आपको नुकसान झेलना पड़ सकता है।


मकर

आज व्यवसाय में हुए नुकसान की भरपायी कर सकते हैं। कोई बड़ा कार्य करने से पहले आपको उसकी प्लानिंग अच्छी तरह से कर लेनी चाहिए। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। धन की उधारी करने से बचना चाहिए।


कुंभ

आज आपको अपेक्षा के अनुसार व्यवसाय में परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन संबंधित मामलों को लेकर चिंता हो सकती है। अनजान लोगों को धन उधार देने से बचें।


मीन

आज कार्यक्षेत्र में आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। जॉब में आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा। आज यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको शानदार सफलता मिल सकती है। विदेश में रह रहे अप्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

## सुडोकू -6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | 2 | 9 | | |
| 7 | | 8 | | | 3 | | | |
| | 1 | | 7 | | 4 | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | | 3 | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 2 | 8 | | | | 7 |
| 3 | 2 | | 9 | | 8 | | 6 | |
| | | | 5 | | | 2 | | 1 |
| | | 4 | 1 | | | | 8 | |

### सुडोकू - 5 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 8 | 4 | 7 |

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82515.14 | 25141,40 |
| बढ़त | 123.42 | 37.15 |
| प्रतिशत में | 0.15 | 0.15 |

## एक नजर

### एलआईसी के सीईओ, एमडी पद के लिए नाम की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सरकारी बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने बुधवार को बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी के सीईओ एवं एमडी पद के लिए आर दुरईस्वामी के नाम की अनुशंसा की। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि एलआईसी के इन पदों के लिए चार उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया।

### यूनियन बैंक ने ऋण पर ब्याज दर में 0.50% की कटौती की

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण की ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। आरबीआई के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती के बाद बैंक ने यह कदम उठाया है। यूनियन बैंक ने कहा कि बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) और रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है।


# वित्त वर्ष में 825 अरब डॉलर से अधिक होगा निर्यात

## उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत विजेता के रूप में उभरा

बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विश्व व्यापार गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन भारत ऐसे समय में लगातार विजेता के रूप में उभरा है और देश का वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात निश्चित रूप से 2025-26 में 825 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।

रूस-यूक्रेन संघर्ष, इज़राइल-हमास युद्ध और लाल सागर संकट के कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का समग्र निर्यात 2023-24 में 778 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2024-25 में 825 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गोयल ने कहा कि कुछ बहुपक्षीय निकायों के अनुमान के अनुसार, वैश्विक व्यापार में संकुचन होगा। उन्होंने कहा, दुनिया गंभीर



उद्योग मंत्री पीयूष गोयल स्वीडन में बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

भू-राजनीतिक चुनौतियों से गुजर रही है... इसलिए यह चुनौतीपूर्ण समय है, लेकिन भारत हमेशा चुनौतीपूर्ण समय में विजेता के रूप में उभरा है। हमने 2024-25 में रिकॉर्ड 825 अरब डॉलर का निर्यात किया। इस साल हमें और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गत वित्त वर्ष के आंकड़े पार करने की संभावना संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से इसे पार करने में सक्षम होंगे। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अनुमान के अनुसार, देश के समग्र वस्तु एवं सेवा निर्यात के 2025-26 में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय खरीदारों द्वारा अपने स्रोतों में विविधता लाने की चाहत के कारण यह अच्छी वृद्धि संभव हो सकी है।

यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भी आने वाले महीनों में निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता इस साल एक अक्टूबर से लागू होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि कांग्रेस के समय में किए गए एफटीए अच्छे नहीं थे और इनका असर घरेलू कंपनियों पर पड़ा। मंत्री ने कहा कि उन्होंने आसियान जैसे देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए, जो भारत के प्रतिस्पर्धी हैं। इसके अलावा वे संतुलित नहीं थे। भारत ने उन देशों के लिए और अधिक बाजार खोले.. हालांकि उसके बदले में हमें अच्छे सौदे नहीं मिले।

### राष्ट्रीय ई-कॉमर्स, खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा जारी

बर्न। पीयूष गोयल ने कहा कि प्रस्तावित राष्ट्रीय ई-कॉमर्स और खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा जारी है क्योंकि दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि ई-कॉमर्स क्षेत्र एक उभरता हुआ और तेजी से बदलता हुआ विषय है इसलिए हमने कुछ विचार सामने रखे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इसे और अधिक समसामयिक बनाने के लिए हमें नीति में संशोधन करना होगा जिस पर चर्चा जारी है। खुदरा व्यापार नीति पर भी चर्चा जारी है, क्योंकि ये दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। डीपीआईआईटी ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड से राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति तैयार करने के लिए सुझाव देने को कहा है।

# भारत में प्राकृतिक गैस की खपत 2040 तक दोगुनी से अधिक होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की अध्ययन रिपोर्ट

भारत में प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक करीब 60 प्रतिशत बढ़ेगी और 2040 तक यह दोगुनी से अधिक हो जाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के एक अध्ययन के अनुसार, वाहनों, खाना पकाने और औद्योगिक उद्देश्यों में प्राकृतिक गैस का ईंधन के उपयोग बढ़ना इसकी मुख्य वजह होगी।

अध्ययन में कहा गया कि प्राकृतिक गैस की खपत 2023-24 में 18.7 करोड़ मानक घनमीटर प्रति दिन से बढ़कर 2030 तक 29.7 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान है। इसका इस्तेमाल बिजली उत्पादन, उर्वरक उत्पादन या मोटर वाहन के लिए सीएनजी में परिवर्तित करने और खाना पकाने के लिए पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) के लिए होता है। 'गुड-टू-गो' परिदृश्य में मौजूदा रुझानों और प्रतिबद्धताओं के आधार पर मध्यम वृद्धि और विकास की बात कही गई है। इसी परिदृश्य के तहत 2040 तक प्राकृतिक गैस की खपत बढ़कर 49.6 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। 'गुड-टू-बेस्ट' परिदृश्य के अंतर्गत 2030 तक खपत 36.5 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन और 2040 तक 63 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन तक बढ़ सकती है। 'गुड-टू-गो' परिदृश्य नरम वृद्धि की बात करता है जबकि 'गुड-टू-बेस्ट' में तेज वृद्धि को ध्यान में रखा जाता है। इसमें कहा गया, भारत की ऊर्जा मांग में वृद्धि जारी रहने के आसार हैं। प्राकृतिक गैस अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में सुविधाजनक, स्वच्छ एवं सस्ता (विकल्प) है।

# एआई से गन्ना उत्पादन में 30 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना

संभाजीनगर (महाराष्ट्र), एजेंसी

- महाराष्ट्र राज्य सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड के निदेशक जयप्रकाश ने दी जानकारी

गन्ने की खेती में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से पानी की जरूरत के 50 प्रतिशत तक कम होने और प्रति एकड़ उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। इस क्षेत्र के एक विशेषज्ञ ने बुधवार को यह बात कही।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में पुणे में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार की उपस्थिति में एक बैठक हुई थी, जिसमें गन्ने की खेती में एआई के उपयोग पर चर्चा की गई थी। महाराष्ट्र राज्य सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड के निदेशक जयप्रकाश दांडेगांवकर ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट ने गन्ने की खेती के लिए एआई के इस्तेमाल पर लंबे समय से काम किया है और गन्ने के उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि और पानी के इस्तेमाल (इसकी खेती में) को आधे तक कम करने का आश्वासन दिया है।

# भारत में बढ़ा सामाजिक सुरक्षा दायरा, 64.3 % पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने कहा है कि भारत में सामाजिक सुरक्षा दायरे में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। 2025 में यह कुल आबादी के 64.3 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2015 में यह आंकड़ा 19 प्रतिशत था। आईएलओ के आंकड़ों के अनुसार, भारत वर्तमान में 94 करोड़ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है।

इसके साथ लाभार्थियों की संख्या के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। आईएलओ के अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113वें सत्र में भाग लेने के लिए जिनेवा गये श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बयान में कहा, यह दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार है। यह 'अंत्योदय' यानी



- अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113वें सत्र में श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने दिया बयान
- कहा- यह दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार

अंतिम छोड़ पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब अमेरिकी डॉलर होगा

**नई दिल्ली।** भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार के उसके वर्तमान आकार से तीन गुना होकर 2027 तक 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाने की उम्मीद है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के अनुसार, ऐसा उद्यम प्रौद्योगिकी में बढ़ते निवेश, एक समृद्ध डिजिटल परिवेश और कुशल पेशेवरों के दम पर मुमकिन होगा। बीसीजी ने अपनी रिपोर्ट 'भारत की एआई छलांग: उभरती चुनौतियों पर बीसीजी परिप्रेक्ष्य' में कहा कि भारत में 6,00,000 से अधिक एआई पेशेवरों, 70 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ताओं और पिछले तीन वर्ष में 2,000 से अधिक एआई स्टार्टअप के साथ एक संपन्न एआई परिवेश है।

# सेबी ने पंजीकृत मध्यस्थों के लिए अनिवार्य की नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी ने कहा कि उसने प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में सुधार के लिए निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत मध्यस्थों के लिए नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया है। पंजीकृत मध्यस्थों में शेयर ब्रोकर, मर्चेंट बैंकर, डिपॉजिटरी, निवेश सलाहकार और पोर्टफोलियो प्रबंधक शामिल हैं। ये मध्यस्थ वित्तीय बाजारों में निवेशकों और विभिन्न इकाइयों के बीच कड़ी की तरह काम करते हैं। सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने बताया कि यह यूपीआई भुगतान व्यवस्था एक अक्टूबर, 2025 से सक्रिय हो जाएगी।

# एसबीआई ने ग्राहक अनुभव बेहतर बनाने के लिए 13,455 नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पदों पर 13,455 लोगों को नियुक्त किया है। एसबीआई ने बयान में कहा, इस भर्ती का उद्देश्य 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्त पदों को भरना है।

इसमें कहा गया, चयन प्रक्रिया फरवरी एवं मार्च 2025 में प्रारंभिक परीक्षाओं और अप्रैल, 2025 में मुख्य परीक्षाओं के साथ शुरू हुई। कठोर एवं पारदर्शी मूल्यांकन के बाद 13,455 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चुना गया है। एसबीआई के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि बैंक के विभिन्न पदों पर करीब 18,000 लोगों की भर्ती की गई। इनमें से करीब 13,500 लिपिक, 3,000 परिवीक्षाधीन अधिकारी और स्थानीय स्तर के अधिकारी हैं। बयान के अनुसार 2,36,000 से अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाला एसबीआई सार्थक रोजगार सृजन एवं बैंकिंग पेशेवरों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रीय

# अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## उपराज्यपाल सिन्हा ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आने की अपील की

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि आगामी वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। सिन्हा ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आने की अपील की। सिन्हा ने पवित्र गुफा में प्रथम पूजा कर इस वर्ष की वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। सिन्हा ने कहा, प्रथम पूजा संपन्न हो गई।

मैं श्रद्धालुओं से अनुरोध करता हूं कि वे बड़ी संख्या में यात्रा के लिए आएं। यह यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि श्राइन बोर्ड और प्रशासन ने इस वर्ष तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं में



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा की, जो वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है।

सुधार किया है। सिन्हा ने कहा, जम्मू कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और अन्य सीएपीएफ ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि किसी को कुछ भी सोचने की जरूरत नहीं है, उन्हें आना चाहिए और बाबा का आशीर्वाद लेना चाहिए। उपराज्यपाल ने बाद में 'एक्स' पर कहा, हर हर महादेव! मैंने बाबा बर्फानी को नमन किया और पवित्र गुफा में प्रथम पूजा की, जिसके साथ वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत हुई। बाबा अमरनाथ जी हम सभी पर अपना दिव्य आशीर्वाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन, श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड, सेना, बीआरओ, सीएपीएफ, जम्मू कश्मीर पुलिस और सभी हितधारक पूरी निष्ठा, समर्पण, आपसी सहयोग और स्पष्ट उद्देश्यों के साथ कार्य कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा निर्बाध, सुरक्षित और सुगम रहे। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर की जनता, नागरिक समाज और सभी सेवा प्रदाताओं का अमूल्य योगदान हमेशा से अत्यंत सराहनीय रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस वर्ष सुविधाओं और सेवाओं में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों से यह यात्रा सभी श्रद्धालुओं के लिए यादगार और आध्यात्मिक रूप से अत्यंत संतोषजनक सिद्ध होगी।

### कठुआ में श्रद्धालुओं के लिए 36 निवास केंद्र बनाए

जम्मू। वार्षिक अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में करीब तीन दर्जन निवास केंद्र और छह रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) पंजीकरण काउंटर स्थापित किये जा रहे हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस वर्ष 38 दिनों तक चलने वाली वार्षिक यात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों - अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे छोटे लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग- से शुरू होगी। कठुआ के जिला उपायुक्त राकेश मिन्हास ने बताया, हमारा लक्ष्य लखनपुर को बहु-सुविधा केन्द्र में तब्दील करना है।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ एक नक्सली कमांडर समेत दो नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुकानार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुसगुन्ना गांव के करीब जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान पेदारास एलओएस (लोकल ऑर्गनाइजेशन स्क्वाड) कमांडर बमन के रूप में हुई है। बमन के ऊपर पांच लाख रुपये का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि कुकानार क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को कुकानार थाने के पुलिसकर्मी और सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

# अवसंरचना नेटवर्क जीवन सुगमता को दे रहा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने कहा- 11 साल में बुनियादी ढांचे में हुए बड़े बदलाव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए हैं और भारत का तेजी से विस्तार ले रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को बढ़ावा देने के साथ समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए। बेहतरीन अवसंरचना निर्माण के साथ भारत की विकास यात्रा आगे बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को गति प्रदान कर रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से



एक 'थ्रेड' साझा किया, जिसमें पिछले 11 वर्षों में नए भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया। 'माईजीओवीइंडिया' पर एक पोस्ट में लिखा गया, स्मार्ट सिटी। सुरक्षित सड़कें। सुगम आवागमन- नए भारत के बुनियादी ढांचे का वादा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का बुनियादी ढांचा भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### पर्यटकों को आमंत्रण




श्रीनगर : पहलगाम आतंकी हमले के एक महीने से अधिक समय बाद, घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए श्रीनगर की डल झील में आयोजित शिकारा दौड़ में शिकारा वाले हिस्सा लेते हुए। एजेंसी

## एक नजर

### दिल्ली में बच्चों के झगड़े में व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में बच्चों के बीच हुए झगड़े के बाद 35 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके पड़ोसियों ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सुल्तानपुरी इलाके के झुग्गी निवासी मुन्ना सिंह के रूप में हुई है। जांच से पता चला कि बच्चों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद पड़ोसियों में विवाद बढ़ गया। हाथापाई के दौरान, आरोपियों में से एक ने उस पर चाकू से हमला किया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### योग दिवस को बढ़ावा देने के लिए हस्तियां आगे आईं

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के नजदीक आने के साथ ही फिल्म, संगीत और सार्वजनिक सेवा से जुड़े जाने-पहचाने चेहरे इस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं, जिससे दैनिक जीवन में योग के स्थान को मजबूती मिल रही है। पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने अपने समर्थन संदेश में कहा, योग आत्म-देखभाल और सामाजिक देखभाल का दूसरा नाम है।

# असम में 'हिंदू विरोधी' पोस्ट करने के आरोप में दो और गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में हिंदू विरोधी तत्व होने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद इस तरह के आरोप में अब तक 92 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने सोशल मीडिया पर कथित तौर पर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील पोस्ट करने के आरोप में लखीमपुर से सबिकुल इस्लाम और भगवान कृष्ण एवं रुक्मिणी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में दुलाल बोरा को गिरफ्तार किया है।

# ईडी ने कांग्रेस सांसद व 3 विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया

**बेंगलुरु।** ईडी ने कथित वाल्मीकि घोटाले के संबंध में धन शोधन जांच के तहत बुधवार को कर्नाटक के बेल्लारी से कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम और पार्टी के तीन विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया।


सूत्रों ने बताया कि तुकाराम और तीनों विधायकों के परिसरों पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत तलाशी की जा रही है। इनमें तुकाराम और विधायक नारा भरत रेड्डी (बेल्लारी शहर), जे. एन. गणेश (कांपली) और एन. टी. श्रीनिवास (कुडलिगी) से संबंधित आवास शामिल हैं। यह तलाशी अभियान कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम (केएमवीएसटीडीसी) के खातों से करोड़ों रुपये की धनराशि को फर्जी खातों में भेजने तथा फर्जी संस्थाओं के माध्यम से काले धन को सफेद में बदलकर चुनाव खर्च में इस्तेमाल के आरोपों के संबंध में सबूत जुटाने के उद्देश्य से चलाया गया।

# भगवान जगन्नाथ के स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए पुरी में लाखों लोग उमड़े

पुरी, एजेंसी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लाखों श्रद्धालु बुधवार को 12वीं सदी के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में एक खुले पंडाल में आयोजित भगवान जगन्नाथ के पारंपरिक स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए यहां एकत्र हुए।

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को पारंपरिक पहंडी (शोभायात्रा) के साथ 'स्नान मंडप' (स्नान वेदी) में लाया गया। उन्होंने बताया कि तीनों को (भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को) स्नान मंडप पर स्नान कराया जाता है, जो ग्रांड रोड के सामने स्थित एक ऊंचा स्थान है, जहां भक्तों को स्नान अनुष्ठान देखने का अवसर मिलता है। एक अधिकारी ने बताया, सबसे



पहले श्री सुदर्शन को मंदिर से बाहर लाया गया और सुबह पौने छह बजे स्नान मंडप पर ले जाया गया। इसके बाद भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की मूर्तियों को स्नान मंडप पर ले जाया गया। पहंडी अनुष्ठान सुबह आठ बजकर 55 मिनट पर संपन्न हो गया। पुरी के सांसद संबित पात्रा के साथ मुख्यमंत्री ने उत्तर द्वार से मंदिर में प्रवेश किया और सुबह की प्रार्थना तथा पारंपरिक शोभायात्रा देखी।

# कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह के भाई को पार्टी से निष्कासित किया

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह को छह साल की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया है। लक्ष्मण सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के छोटे भाई हैं।

उन्होंने पिछले दिनों पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में उनके निष्कासन की जानकारी दी गई।

# न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर

हैदराबाद, एजेंसी

- कालेश्वरम परियोजना में अनियमितताओं की जांच तेज

बीआरएस के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव बुधवार को कालेश्वरम परियोजना में कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे न्यायिक आयोग के समक्ष पेश हुए। यह सिंचाई परियोजना पिछली बीआरएस सरकार के दौरान बनाई गई थी।

चंद्रशेखर राव पूर्वाह्न करीब 11 बजे आयोग के कार्यालय पहुंचे और अपना बयान दर्ज कराने के बाद अपराह्न एक बजे वहां से चले गए। एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का नेतृत्व उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश पी सी घोष कर रहे हैं। केसीआर की मौजूदगी के मद्देनजर बीआरएस के कई नेता और कार्यकर्ता यहां बीआरएस भवन के पास स्थित आयोग के कार्यालय के बाहर एकत्र हो गए। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। आयोग ने अपनी जांच शुरू होने के बाद से पिछले एक वर्ष में कई इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों, विशेषकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से पूछताछ की है।

# कुंभ के दौरान भगदड़ में मरने वाली संख्या छिपाई गई: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ के दौरान मारे गए लोगों के आंकड़े छिपाए गए। गांधी ने दावा किया भाजपा का यही मॉडल है कि गरीबों की गिनती नहीं करनी है, ताकि जिम्मेदारी भी नहीं लेनी पड़ेगी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बीबीसी की एक खबर के हवाले से यह टिप्पणी की। इस खबर में दावा किया गया है कि भगदड़ में 82 लोगों की मौत हुई थी, जबकि सरकार ने केवल 37 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है।

## एक नजर

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया

**साउथम्पटन** : वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाये। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाये जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी।

### काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशर के लिए खेलेंगे तिलक

**हैदराबाद** : हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) ने बुधवार को कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशर का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। हैदराबाद के रहने वाले और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 22 वर्षीय तिलक ने भारत के लिए 25 टी20 और चार एकदिवसीय मैच में क्रमश: 749 और 68 रन बनाए हैं। एचसीए ने एक विज्ञप्ति में कहा हैदराबाद क्रिकेट संघ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हैदराबाद के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एन ठाकुर तिलक वर्मा से ब्रिटेन काउंटी चैंपियनशिप लीग में खेलने के लिए हैंपशर काउंटी टीम ने संपर्क किया है।

### अभिजीत ने गरीबयान को हराकर एकल बढ़त हासिल की

**नई दिल्ली** : भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने उलटफेर करते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर ममीकोन गरीबयान को पराजित करके दिल्ली इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त हासिल कर ली। इस जीत से अभिजीत के 6.5 अंक हो गए हैं। पिछले दौर तक शीर्ष पर चल रहे ग्रैंडमास्टर एस एल नारायणन और ग्रैंडमास्टर बोरिस सावचेंको के बीच शीर्ष बोर्ड पर मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। इससे दोनों के छह अंक हो गए। इन तीनों के अलावा कई अन्य खिलाड़ियों ने भी सातवें दौर में अनुकूल परिणाम हासिल करके खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा।

### टी20 मुंबई फाइनल में मुंबई फाल्कंस का सामना मराठा से

**मुंबई** : श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली सोबो मुंबई फाल्कंस का सामना टी20 मुंबई लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को मराठा रॉयल्स मुंबई साउथ सेंट्रल से होगा। अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने पांच में से चार मैच जीते हैं। सेमीफाइनल में इसने नमो बांद्रा ब्लास्टर्स को पांच विकेट से हराया। अय्यर सेमीफाइनल में एक ही रन बना सके लेकिन फाइनल में इस गलती को सुधारना चाहेंगे। कुछ रोज पहले ही आईपीएल फाइनल हारने वाले पंजाब किंग्स के कप्तान अय्यर खिताब जीतने को बेताब होंगे।

# कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर रोका

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप : स्टीव स्मिथ और बो वेबस्टर ने ऑस्ट्रेलिया को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया

**लाइर्स, एजेंसी**

कगिसो रबाडा (पांच विकेट) और मार्को यानसन (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डबल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में बल्लेबाजी कर रही ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रन के स्कोर पर रोक दिया। भोजनकाल के बाद स्टीव स्मिथ और बो वेबस्टर ने ऑस्ट्रेलिया पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिए 79 रनों की साझेदारी हुई। 42वें ओवर में एडन मारक्रम ने स्टीव स्मिथ को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

स्टीव स्मिथ ने 10 चौकों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। इसके बाद एलेक्स कैरी (23) रन बनाकर केशव महाराज को शिकार बने। इसके बाद रबाडा और यानसन ने ऑस्ट्रेलिया पारी को समेटने में देर नहीं लगाई। बो वेब्स्टर ने 11 चौकों की मदद से (72) रनों की पारी खेली। उन्हें रबाडा ने आउट किया। कप्तान पैट कमिंस (एक) और मिचेल स्टार्क (एक) को रबाडा ने बोल्ड आउट किया। नेथन लायन (शून्य) को मार्को यानसन बोल्ड किया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया की टीम को 56.4 ओवर में 212 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। इससे पहले आज यहां लॉर्ड्स के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (शून्य) का विकेट 12रन के स्कोर पर गवां दिया। उन्हें कगिसो रबाडा ने बेडिघम के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कैमरन ग्रीन (चार) को भी रबाड़ा ने आउट किया। जमने का प्रयास कर रहे मार्नस लाबुशेन (17) को 18वें ओवर में मार्को यानसन ने आउटकर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। इसके बाद ट्रैविस हेड (11) भी मार्को यानसन का शिकार बने। यानसन के आउट होते भोजनकाल की घोषणा कर दी गई। दक्षिण अफ्रीका ने भोजनकाल तक ऑस्ट्रेलिया के 23.2 ओवर में 67 रन चार विकेट झटकर मैच में अपना दबदबा बना लिया था।



ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को आउट करने के बाद जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी। ● एजेंसी

# टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में तिलक पहुंचे तीसरे स्थान पर

**दुबई, एजेंसी**

- 804 रेटिंग अंक के साथ एक स्थान के फायदे में रहे तिलक वर्मा
- ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड हैं बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

भारत के तिलक वर्मा बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर बने हुए हैं।

तिलक के 804 रेटिंग अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद हमवतन अभिषेक शर्मा से पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव एक स्थान के नुकसान से छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में चक्रवर्ती (706) और बिश्नोई (674) के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (653) भी शीर्ष 10 में शामिल भारतीय गेंदबाज हैं।

हार्दिक पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज पर इंग्लैंड की 3-0 की जीत के दौरान चार विकेट चटकाए। राशिद के 710 अंक हैं और वह शीर्ष पर चल रहे न्यूजीलैंड के जैकब डफी (723) से सिर्फ 13 अंक पीछे हैं। राशिद के टीम के साथी ब्राइडन कार्स दो मैच में दो विकेट की बदौलत 16 स्थान की छलांग लगाकर 52वें स्थान पर पहुंच गए। अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में 46 गेंद में 84 रन की तूफानी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट 48 स्थान के फायदे से 16वें पायदान पर हैं। श्रृंखला में नाबाद 35 और 34 रन की पारी खेलने वाले हैरी ब्रूक छठ स्थान के फायदे से संयुक्त 38वें स्थान पर हैं।

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप दो बार 40 रन से अधिक की पारियां खेलने के बाद 14 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर हैं। अंतिम मैच में 45 गेंद में नाबार 79 रन की पारी खेलने वाले रोवमैन पावेल शीर्ष 20 बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं।

# पुरुष हॉकी टीम की प्रो लीग में लगातार तीसरी हार

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा उसे खराब डिफेंस के कारण बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार तीसरी हार है।

भारत को इससे पहले यहां ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। अर्जेंटीना ने अपने शानदार खेल से भारतीय रक्षापंक्ति की कमजोरी का खुलकर खुलासा किया। उसकी तरफ से कप्तान मटियास रे (तीसरे मिनट), लुकास मार्टिनेज (17वें मिनट), सैंटियागो तराज़ोना (34वें मिनट) और लुसियो मेंडेज़ (46वें मिनट) ने गोल करके जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें और 33वें मिनट) और अभिषेक (42वें मिनट) ने गोल किए।

नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो हार के बाद भारतीय टीम ने सकारात्मक शुरुआत की और पहले क्वार्टर में गेंद पर अधिकतर समय कब्जा बनाए रखा। लेकिन अर्जेंटीना ने तीसरे मिनट में कप्तान मटियास रे के गोल की मदद से बढ़त बना ली, जो भारतीय डिफेंडर अमित रोहिदास की गलती का नतीजा था। हालांकि, पिछड़ने के बाद भारत ने शेष क्वार्टर में अपना दबदबा बनाए रखा।

# जूनियर महिला टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराया

**एंटवर्प** : भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर यूरोप दौरे पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। लालथांटलुआंगी (35वां मिनट) और गीता यादव (50वां मिनट) ने भारत के लिये गोल किए। पहला हाफ गोलरहित रहा। भारत के लिए पहला गोल लालथांटलुआंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। बेल्जियम के लिए आखिरी क्वार्टर में वान हेलेमोंट (48वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। इसके दो मिनट बाद ही हालांकि गीता ने विजयी फील्ड गोल किया। इसके बाद भारत ने आखिरी दस मिनट बेल्जियम के हमलों का जमकर सामना किया और गोल नहीं होने दिया। पहले मैच में भारत ने बेल्जियम को 3-2 से मात दी थी।

# एलओसी के गठन में बीसीसीआई कर रहा देरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

## महिला वनडे विश्व कप

- मार्च में बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में नहीं हो सका था फैसला
- 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने की हो चुकी घोषणा

महिला वनडे विश्व कप के आयोजन में अब ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आईसीसी की इस प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) का गठन नहीं किया है। मार्च में हुई बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में एलओसी गठन का मुद्दा एजेंडे में था लेकिन उस समय कोई निर्णय नहीं लिया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस महीने के शुरू में 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती कार्यक्रम की घोषणा की थी। आईसीसी की 2027 तक होने वाली सभी प्रतियोगिताओं के लिए बीसीसीआई, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और आईसीसी की सहमति से हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो पाकिस्तान की भागीदारी वाले मैचों के लिए तटस्थ स्थल होगा। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी तीन जून तक आईपीएल के आयोजन में व्यस्त थे और शीर्ष परिषद की जल्द ही बैठक होने की उम्मीद है, जिसके बाद एलओसी का गठन हो सकता है।

बीसीसीआई के एक सूत्र में पीटीआई से कहा एलओसी गठित करने के लिए कोई समय सीमा नहीं है, लेकिन अगर ये चीजें पहले ही कर ली जाती तो बेहतर होता। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में आमतौर पर आयोजन से एक साल पहले एलओसी का गठन कर लिया जाता है। यहां तक कि कार्यक्रम भी पहले से ही घोषित कर दिया जाता है ताकि प्रशंसक योजना बना सकें। उन्होंने कहा जहां तक टूर्नामेंट के आयोजन की बात है तो एलओसी मुख्य निकाय है जो भाग लेने वाली टीमों के लिए व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदार है।

कहने की जरूरत नहीं है कि इसकी भूमिका बहुत बड़ी है। भारत 2016 के बाद पहली बार किसी महिला आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। तब उसने पुरुषों के टूर्नामेंट के साथ महिला टी20 विश्व कप का भी आयोजन किया था।

उल्लेखनीय है कि भारत में खेले गए 2023 पुरुष वनडे विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा को लेकर काफी देरी हुई थी। एकदिवसीय महिला विश्व कप का आयोजन चार स्थानों बेंगलुरु, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और इंदौर में किया जाएगा। भारत ने इससे पहले 2013 में महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी।

# भूटिया ने भारतीय फुटबॉल में आमूलचूल बदलाव की मांग की

**कोलकाता, एजेंसी**



- एशियाई कप क्वालीफायर के मुकाबलों में भारत की खराब स्थिति पर भड़के भूटिया और अन्य पूर्व खिलाड़ी

फुटबॉल के मैदान पर भारत के गिरते प्रदर्शन से नाराज करिश्माई पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने राष्ट्रीय महासंघ पर खेल को नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मौजूदा प्रणाली को 'सड़ी हुई' और 'अहंकार' से भरी बताया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और उसके अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भूटिया का तीखा हमला एएफसी के तीसरे दौर में निचली रैंकिंग वाली हांगकांग के खिलाफ 0-1 की चौंकाने वाली हार के एक दिन बाद आया है।


भूटिया ने पीटीआई से कहा यह देखना बहुत दुखद है कि हम अब एशिया कप के लिए भी क्वालीफाई करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसके लिए हम नियमित रूप से क्वालीफाई करते रहे हैं। उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और जोर्डन जैसे देश विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और हम अब भी एशिया कप के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मंगलवार को मिली हार से भारत की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है जबकि टीम इससे पहले लगातार दो एशियाई कप में खेली थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने चौबे के इस्तीफे और भारतीय फुटबॉल में संरचनात्मक बदलाव की मांग की। उन्होंने मैदान पर लचर प्रदर्शन और मैदान के बाहर की अराजकता को गहरी सड़न के लक्षण बताया। मौजूदा भारतीय मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज इंडियन सुपर लीग की टीम एफसी गोवा के भी कोच हैं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में क्रोएशियाई दिग्गज इगोर स्टिमक की जगह पदभार संभाला था। गुवाहाटी में विश्व कप क्वालीफायर में अफगानिस्तान से हार सहित कई निराशाजनक परिणामों के बाद स्टिमक को बर्खास्त कर दिया गया था।

मंगलवार हुए अहम मैच से पहले भारत ने कोलकाता में करीब तीन सप्ताह तक अभ्यास किया था लेकिन उसे विश्व रैंकिंग में अपने से 26 पायदान नीचे की टीम (भारतः 127, हांगकांगः 153) से हार का सामना करना पड़ा। इस हार से फीफा रैंकिंग में देश के 133वें स्थान पर खिसकने की संभावना है। भूटिया को सितंबर 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष पद के चुनाव में चौबे ने हराया था। उन्होंने मौजूदा नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और मनोलो की नियुक्ति सहित अहम निर्णयों में प्रमुख फुटबॉल समितियों को दरकिनार करने का आरोप लगाया।

भूटिया ने कहाकल्याण चौबे ने भारतीय फुटबॉल को बर्बाद कर दिया है। चौबे को इस्तीफा देकर चले जाना चाहिए। इसे पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। ढाई साल में तीन महासचिव - पूरी संरचना, व्यवस्था को बदलना होगा।

### ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार की जगह जैसा : कोच मनोलो

**हांगकांग** : हांगकांग के खिलाफ 0-1 की हार के बाद भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार के स्थल की तरह है। वह हालांकि 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए टीम के क्वालीफाई करने की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। मंगलवार को भारत ने इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में गोल खाया, जिससे उसे हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम लगातार दूसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। इस हार से भारत की एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को झटका लगा है। टीम के भविष्य से जुड़े सवाल पर मनोलो ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम बहुत खुश नहीं हैं। हम दुखी हैं। ड्रेसिंग रूम का माहौल व्यावहारिक रूप से अंतिम संस्कार के स्थल जैसा है। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि भारत के पास क्वालीफाई करने का मौका है। क्वालीफायर के ग्रुप विजेताओं को ही सऊदी अरब में होने वाले 2027 एएफसी एशियाई कप में जगह मिलेगी इसलिए भारत की आगे की राह आसान नहीं होने वाली। भारत के पास ग्रुप सी में दो मैच में से सिर्फ एक अंक है। मनोलो ने कहा हम अच्छे दौर में नहीं हैं। स्कोर के मामले में, हमारे लिए गोल करना मुश्किल हो रहा है। लेकिन यह सच है कि टीम ने अन्य मुकाबलों की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से खेला। यह सच है। लेकिन दुर्भाग्य से, हम यहां कोई अंक नहीं ले पाए।



# पूरन न्यूयॉर्क टीम के कप्तान बने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा बायें हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने कैरियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नयी ऊंचाइयों तक ले जायेंगे। पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाये थे। तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटोन डिकॉक, कीरान पोलार्ड और राशिद खान जैसे सितारे भी हैं। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाये हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाये हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिये इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।



निकोलस पूरन। ● एजेंसी

# और खिलाड़ी ले सकते हैं पूरन जैसा संन्यास : सैमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी का मानना है कि निकोलस पूरन का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अचा न क संन्यास लेना खिलाड़ियों को अपनी राष्ट्रीय टीमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित रखने की बढ़ती चुनौती को रेखांकित करता है और उन्होंने चेतावनी दी कि और भी खिलाड़ी ऐसा कर सकते हैं।

पूरन ने 29 साल की उम्र में टी20 विश्व कप से ठीक आठ महीने पहले सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। यह आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ना केवल वेस्टइंडीज का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे सफल बल्लेबाज है बल्कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट में बेहद लोकप्रिय खिलाड़ी भी है। सैमी ने कहा कि उन्होंने इस क्रिकेटर और उनके एजेंट के साथ पहले हुई बातचीत के बाद पूरन के बिना योजना बनाना शुरू कर दिया था। सैमी ने कहा, आदर्श रूप से ऐसी प्रतिभा को मैं टीम में रखना पसंद करूंगा।

# आस्ट्रेलिया ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**मेलबर्न** : कोनोर मेटकाफे ने आस्ट्रेलिया के लिए पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में सूत्रधार की भूमिका निभाई। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया।

आस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर लगाया।


सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। आस्ट्रेलिया के लिये सौवां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाये जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6 . 0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई।

# ब्राजील ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**साओ पाउलो, एजेंसी**

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में पदार्पण के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई।

रीयाल मैड्रिड के स्टार रहे विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैम्पियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की। ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा । अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी । ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा । उरूग्वे ने वेनेजुएला को 2 . 0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं। वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिये दोनों में होड़ है चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेआफ खेलने का मौका मिलेगा। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना को ब्यूनस आयर्स में हुए मुकाबले में कोलंबिया ने ड्रॉ पर रोका। लुईस डियाज ने कोलंबिया के लिये 24वें मिनट में पहला गोल किया । जूलियन अल्वारेज ने 81वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। एंजो फर्नांडिस को 70वें मिनट में लाल कार्ड दिखाए जाने से स्टेडियम में जमा 80000 से अधिक दर्शकों को निराशा हुई।



ब्राजील के मार्टिनेली (बीच में) पैराग्वे के खिलाफ गोल करने का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

**युद्धाभ्यास**



उत्तरी अरब सागर में पैसेज अभ्यास के दौरान भारतीय नौसेना का आईएनएस तबर। यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस रिचमंड ने भी इस अभ्यास में भाग लिया। एजेंसी

### इंसानों से भी ज्यादा तेजी से जवाब

# एआई चैटबॉट इतना हाजिरजवाब कैसे

दुनियाभर में ज्यादा से ज्यादा लोग चैटजीपीटी समेत विभिन्न एआई चैटबॉट पर बातचीत करके समय बिता रहे हैं। ऐसे में इनपर मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से बातचीत होना स्वाभाविक हो गया है। इस मामले में कुछ लोगों के अनुभव सकारात्मक रहे हैं, जिनके लिए एआई एक सस्ते थैरेपिस्ट की तरह काम करता है लेकिन एआई थैरेपिस्ट नहीं है। वे होशियार और लोगों को जुड़ाव महसूस कराने वाले तो होते हैं, लेकिन वे मनुष्यों की तरह नहीं सोच पाते। चैटजीपीटी और अन्य जनरेटिव एआई मॉडलों ने इंटरनेट पर मौजूद कंटेंट को पढ़कर-समझकर बातचीत करना सीखा है। जब कोई व्यक्ति एक प्रश्न (जिसे प्रॉम्प्ट कहा जाता है) पूछता है, जैसे- मैं तनावपूर्ण कामकाजी बैठक के दौरान कैसे शांत रह सकता हूं, तो एआई अपने आप शब्दों का चयन करके प्रतिक्रिया तैयार करता है। वह अपने प्रशिक्षण के दौरान इन शब्दों से परिचित होता है। यह सब इतनी तेजी से होता है, साथ ही जवाब इतने प्रासंगिक होते हैं कि ऐसा लगता है जैसे आप किसी व्यक्ति से बात कर रहे हों।



#### ये चाटुकार भी है...

एआई सिस्टम दोस्तों की तरह हैं जो आपकी कही बातों की पुष्टि करते हैं। इसे हां में हां मिलाना भी कह सकते हैं, ऐसे में यह एक समस्या है जिसे चाटुकारिता के रूप में जाना जाता है। एआई सिस्टम बातचीत को उन विषयों की ओर मोड़ते हैं जिन पर आप पहले ही चर्चा कर चुके हैं।

#### भ्रमित भी होता है

एआई की स्मृति में पुरानी जानकारियां भी हो सकती हैं। यही कारण है कि एआई मॉडल भ्रम की स्थिति में आ जाते हैं और विवरण गलत हो जाते हैं।

### ऐसे जुटाता है जानकारियां

**पुराना ज्ञान** एआई भाषा मॉडल विकसित करने के लिए, डेवलपर्स मॉडल को प्रशिक्षण नामक प्रक्रिया के दौरान सूचना हासिल करना सिखाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि यह जानकारी कहां से आती है। मोटे तौर पर कहें तो, ये इंटरनेट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कोई भी जानकारी जुटाते हैं। इसमें अकादमिक पेपर, ई-बुक, रिपोर्ट, समाचार लेख, ब्लॉग, यूट्यूब ट्रांसक्रिप्ट या रेडिट जैसे कंटेंट प्लेटफॉर्म से मिली जानकारियां हो सकती हैं। इस बीच यह सवाल भी उठता है कि क्या ये स्रोत विश्वसनीय होते हैं। इसका जवाब है कि कभी-कभी ये स्रोत विश्वसनीय होते हैं।

**बाहरी स्रोत** एआई डेवलपर्स चैटबॉट को बाहरी उपकरणों या ज्ञान स्रोतों से जोड़ सकते हैं, जैसे कुछ खोजने के लिए गूगल या क्यूरेटेड डेटाबेस। जब आप माइक्रोसॉफ्ट के बिंग कोपायलट से कोई प्रश्न पूछते हैं और उत्तर में क्रमांकित संदर्भ देखते हैं, तो यह बताता है कि एआई ने अपनी मेमोरी में संग्रहीत जानकारी के अतिरिक्त बाहरी उपकरण के जरिए जानकारी प्राप्त की है। इस बीच, कुछ विशेष मानसिक स्वास्थ्य चैटबॉट की थेरेपी गाइड और कंटेंट तक पहुंच होती है, जो बातचीत में मददगार साबित होते हैं।

**पहले से उपलब्ध जानकारी** एआई प्लेटफॉर्म के पास उस जानकारी तक भी पहुंच होती है जो आपने पहले उससे हुई बातचीत के दौरान प्लेटफॉर्म पर साइन अप करते समय दी थी। उदाहरण के लिए, जब आप साथी एआई प्लेटफॉर्म रेप्लिका के लिए पंजीकरण करते हैं, तो यह आपका नाम, उपनाम, आयु, लिंग, आईपी एड्रेस और लोकेशन, आप किस प्रकार का उपकरण उपयोग कर रहे हैं, और बहुत कुछ।

## एक नजर

### महिला की हत्या के दोषी को नाइट्रोजन गैस से मृत्युदंड

**एटमोर (अलबामा)।** अमेरिका के अलबामा में एक महिला को पीट-पीट कर मार डालने के जुर्म में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को मंगलवार शाम नाइट्रोजन गैस के जरिए मृत्युदंड दिया गया। यह अमेरिका में नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा का छठा मामला है। अधिकारियों ने बताया कि ग्रेगरी हंट नामक व्यक्ति को शाम छह बजकर 26 मिनट पर साउथ अलबामा की जेल में मृत घोषित कर दिया गया। ग्रेगरी हंट को कैरेन लेन नामक 32 वर्षीय महिला की हत्या के लिए मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी। कैरेन लेन की दो अगस्त 1988 को हत्या कर दी गई थी। वह वॉकर काउंटी में कॉर्डोवा अपार्टमेंट में एक अन्य महिला के साथ रहती थी।

### ताइवान में आया 5.9 तीव्रता का भूकंप

**ताइपे।** ताइवान में मंगलवार शाम 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केन्द्र हुआलिएन शहर से लगभग 71 किलोमीटर दक्षिण में 31.1 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। द्वीप के अत्यधिक भीड़भाड़ वाले पश्चिमी भाग की तुलना में हुआलिएन की आबादी अपेक्षाकृत कम है। राजधानी ताइपे में इमारतें करीब एक मिनट तक हिलती रहीं। हालांकि, भूकंप में किसी बड़ी क्षति की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

### लाहौर से रूस तक पहली मालगाड़ी सेवा की शुरुआत

**लाहौर।** पाकिस्तान 22 जून को अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण गलियारा (आईएनएसटीसी) के जरिए लाहौर से रूस तक अपनी पहली मालगाड़ी सेवा का उद्घाटन करने जा रहा है, जो क्षेत्रीय संपर्क और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विस्तार के लिए देश की प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेल मंत्री मुहम्मद हनीफ अब्बासी ने बताया कि नयी मालगाड़ी सेवा पाकिस्तान रेलवे को आधुनिक बनाने और विस्तारित रसद संचालन के माध्यम से राजस्व बढ़ाने की एक व्यापक पहल का हिस्सा है।

### नेपाल में आभूषण तस्करी में चार भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में आभूषणों के अवैध व्यापार में चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर काठमांडू के मध्य न्यू रोड पर आरोपियों की 'मुन्ना जेम्स एंड ज्वैलर्स' पर छापा मारा। आरोपियों की पहचान हरिबोर शेख (43), सुरजीत दास (39), तमोल सद्र (40) और 16 वर्षीय एक किशोर के रूप में हुई है। ये सभी कोलकाता हैं और काठमांडू में रह रहे थे। इनके पास से दो करोड़ से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण, हीरे और अन्य कीमती पत्थर बरामद किए गए हैं।

# पूरे अमेरिका में प्रदर्शन की तैयारी लॉस एंजिलिस में लगाया कर्फ्यू

## कैलिफोर्निया के गवर्नर ने ट्रंप पर लगाया लोकतंत्र की जड़ पर चोट का आरोप

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- **आव्रजन छापों के खिलाफ सिएटल, ऑस्टिन, शिकागो और वाशिंगटन डीसी तक प्रदर्शन**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी जीवनशैली के लिए खतरा बताते हुए कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने लॉस एंजिलिस में संघीय सैन्य हस्तक्षेप को देश के लोकतंत्र के मूल में स्थित राजनीतिक और सांस्कृतिक मानदंडों को उलटने के व्यापक प्रयास की शुरुआत बताया। उधर, आव्रजन छापों के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शनों का दायरा अब पूरे अमेरिका में फैल रहा है। इस सप्ताहांत और प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है। इस बीच लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

सिएटल और ऑस्टिन से लेकर शिकागो और वाशिंगटन डीसी तक प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। वे आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ बैनर लिए हुए थे। उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों और संघीय कार्यालयों के बाहर यातायात को बाधित किया। कई प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन कुछ जगह प्रदर्शनकारियों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ झड़पें हुईं, क्योंकि अधिकारियों ने गिरफ्तारियां कीं और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रासायनिक पदार्थों का प्रयोग किया।

कार्यकर्ता आने वाले दिनों में और भी बड़े प्रदर्शनों की योजना बना रहे हैं। शनिवार को देश भर में 'नो किंग्स' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और यह उस दिन किए जाएंगे जब वाशिंगटन में ट्रंप की सैन्य परेड प्रस्तावित है। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि वह विरोध प्रदर्शनों के बावजूद आव्रजन संबंधी छापेमारी और निर्वासन का अपना कार्यक्रम जारी रखेगा। आंतरिक सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, आईसीई कानून को लागू करना जारी रखेगी। इस बीच लॉस एंजिलिस की मेयर कैरेन बास ने मंगलवार को शहर के मुख्य क्षेत्र में तोड़फोड़ और लूटपाट को रोकने के लिए कर्फ्यू लगा दिया जिसके बाद पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया।



लॉस एंजिलिस में एक प्रदर्शनकारी को गिरफ्तार करते कानून प्रवर्तन अधिकारी।

### ट्रंप ने विद्रोह अधिनियम लागू करने का विकल्प खुला रखा

ट्रंप ने विद्रोह अधिनियम लागू करने की संभावना को खुला छोड़ दिया है, जो राष्ट्रपति को विद्रोह या घरेलू हिंसा को दबाने या कुछ स्थितियों में कानून लागू करने के लिए अमेरिका के अंदर सैन्य बलों को तैनात करने का अधिकार देता है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा, अगर कोई विद्रोह होता है तो मैं निश्चित रूप से इस कानून को लागू करूंगा। बाद में राष्ट्रपति ने फोर्ट ब्रैग में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ पर दिए गए भाषण में प्रदर्शनकारियों को जानवर और विदेशी दुश्मन कहा।

ट्रंप की आव्रजन कार्रवाई के खिलाफ जमा हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए घुड़सवार पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इस दौरान 'नेशनल गार्ड' भी तैनात रहे लेकिन वे लोगों को गिरफ्तार करने में शामिल नहीं हुए। कुछ घंटों बाद, बहुत से प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए, हालांकि छिटपुट झड़पें जारी रहीं जो पिछली रातों की तुलना में बहुत कम थीं। बास ने कहा कि उन्होंने स्थानीय आपातकाल की घोषणा कर दी है और कर्फ्यू मंगलवार रात आठ बजे से बुधवार सुबह छह बजे तक लागू रहेगा।

# विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के समक्ष उठाया भारतीय छात्र से बदसलूकी का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **अधिकारियों ने कहा, बिना वैध वीजा के अवैध तरीके से अमेरिका गया था छात्र**

भारत ने नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय युवक को हथकड़ी पहनाए जाने और उसके साथ कथित तौर पर अपराधी जैसा व्यवहार किए जाने की घटना को अमेरिका के समक्ष उठाया है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पता लगाया है कि हरियाणा निवासी युवक ने बिना वैध वीजा के अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था और उसे एक अदालत के आदेश के अनुसार वापस भारत भेजा जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने नयी दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के समक्ष इस मामले को उठाया।

सामने आए एक वीडियो में नेवार्क हवाई अड्डे पर अमेरिकी अधिकारियों द्वारा भारतीय युवक को हाथ पीछे बांधकर जमीन पर पेट के बल लिटाते हुए देखा जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास और न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास मामले की जानकारी जुटाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि नेवार्क में प्रवेश करते समय युवक का व्यवहार यात्रा के लिए अनुकूल नहीं पाए जाने पर उसे रोका गया और एक चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया।

जैसे ही वह यात्रा के लिहाज से दुरुस्त पाया जाता है उसे भारत निर्वासित किया जाएगा। सूत्रों ने पहले कहा था, अभी तक इस घटना या उन परिस्थितियों के बारे में कोई विवरण नहीं मिला है, जिसके तहत उसे रोका गया।

### अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति की जेल की सजा बरकरार

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज की भ्रष्टाचार के जुर्म में छह साल की जेल की सजा बरकरार रखी। इसके साथ ही उन्हें किसी भी सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। पेरोनिज्म विचारधारा की प्रमुख नेता फर्नांडीज पिछले दो दशकों में अर्जेंटीना की राजनीति की सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में रही हैं। अदालत के इस निर्णय के बाद उन पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है। फर्नांडीज ने 2007 में अपने पति नेस्टर किर्चनर के बाद देश की बागडोर संभाली और आठ वर्षों तक राष्ट्रपति रहीं।

### बांग्लादेश में भीड़ ने रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में की तोड़फोड़, जांच शुरू

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश के सिराजगंज जिला स्थित पैतृक घर पर भीड़ ने हमला कर तोड़फोड़ की। इस घटना की जांच के लिए अधिकारियों ने तीन सदस्यीय समिति गठित की है।

मीडिया की खबरों के मुताबिक एक आगंतुक आठ जून को परिवार के साथ सिराजगंज जिले में स्थित कचहरीबाड़ी गया था। कचहरीबाड़ी को रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय के रूप में भी जाना जाता है। वहां मोटरसाइकिल पार्किंग के शुल्क को लेकर प्रवेश द्वार पर एक कर्मचारी से उसका विवाद हो गया। इसके बाद उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया और उससे मारपीट की गई। घटना से उत्तेजित लोगों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। बाद में भीड़ ने कचहरीबाड़ी के सभागार पर हमला करके तोड़फोड़ की और संस्थान के एक निदेशक की पिटाई की।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका ने भारत के लिए मजबूत समर्थन जताया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि पिछले सप्ताह भारतीय सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के लिए अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ से मुलाकात की। विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि लैंडौ ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में भारत को अमेरिका के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक संपर्क प्रयासों के तहत प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका का दौरा किया।

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। ब्रूस ने कहा कि बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में एक पाकिस्तानी संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान विदेश विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की, जिसमें राजनीतिक मामलों की अवर सचिव एलिसन हुकर भी शामिल थीं। हुकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष की समाप्ति के लिए अमेरिका के समर्थन को दोहराया।

#### पाकिस्तान आतंकवाद से मुकाबले में महत्वपूर्ण सहयोगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमान के कमांडर जनरल माइकल उरिल्ला ने वैश्विक आतंकवाद से मुकाबले में पाकिस्तान को एक महत्वपूर्ण सहयोगी करार देते हुए कहा है कि अमेरिकी सरकार को दक्षिण एशिया में भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ रणनीतिक संबंध बरकरार रखने चाहिए। जनरल उरिल्ला ने संसद की सशस्त्र सेना संबंधी समिति के समक्ष अपने बयान में कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद रोधी दुनिया में एक जबरदस्त सहयोगी है। उन्होंने आतंकवादी संगठन आईएसआईएस खुरासान के कई बड़े सरगनाओं के खिलाफ कार्रवाई में पाकिस्तान की मदद का उल्लेख किया। कहा, अमेरिका को दक्षिण एशिया की अपनी नीति में यह नहीं सोचना चाहिए कि एक देश के साथ बेहतर संबंध का मतलब दूसरे देश के संबंध बिगाड़ना है।

### केरल तट पर डूबे लाइबेरियाई जहाज के खिलाफ प्राथमिकी

**कोच्चि।** केरल पुलिस ने पिछले महीने तट के पास डूबे लाइबेरियाई जहाज एमएससी एल्सा 3 के मालिक, मास्टर और चालक दल के खिलाफ लापरवाही से नौवहन करने का बुधवार को मामला दर्ज किया।

पुलिस ने जहाज को लापरवाही से चलाना, सार्वजनिक मार्ग या नौवहन में बाधा या खतरा पैदा करना, जहरीले, ज्वलनशील और विस्फोटकों के संबंध में लापरवाही के आरोप में फोर्ट कोच्चि कोस्टल थाने में प्राथमिकी दर्ज की। इसमें कहा गया है कि मालिकों, मास्टर और चालक दल ने खतरनाक सामग्री ले जा रहे जहाज को लापरवाही से संभाला, जिसके कारण 24 मई को अलपुझा जिले के पास समुद्र में यह डूब गया।

# ट्रंप से विवाद में बैकफुट पर आए एलन मस्क

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **ट्रंप के खिलाफ अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर खेद जताया**

अरबपति एलन मस्क ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ विवाद से पीछे हटते हुए कहा कि उन्हें सोशल मीडिया पर की गई अपनी पोस्ट पर खेद है, जिसके कारण बात बहुत आगे बढ़ गई थी।

मस्क ने बुधवार सुबह पोस्ट किया, मुझे पिछले सप्ताह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपने कुछ पोस्ट पर पछतावा है। राष्ट्रपति के साथ विवाद के कारण मस्क की कंपनियों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चिंताएं जताई गई थीं। एक प्रमुख सरकारी ठेकेदार के रूप में मस्क को प्रतिशोध की कार्रवाई पर व्यावसायिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। ट्रंप पहले ही मस्क के अनुबंधों में कटौती करने की धमकी दे चुके हैं।

मस्क ने इससे पहले एक पोस्ट हटा दी थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि सरकार नाबालिग बच्चों के यौन उत्पीड़न का आरोपी जेफरी एपस्टीन के साथ राष्ट्रपति के संबंधों के बारे में जानकारी छिपा रही है। इस बीच ट्रंप को परेशान करने वाले अन्य पोस्ट में मस्क ने खर्च संबंधी विधेयक को 'घृणित' करार देते हुए उनकी चुनावी जीत का श्रेय लिया। ट्रंप ने एनबीसी की क्रिस्टन वेल्कर से कहा कि वह रिश्ते सुधारने की कोई इच्छा नहीं रखते हैं और चेतावनी दी कि यदि मस्क आगामी चुनावों में डेमोक्रेट्स की मदद करने की कोशिश करते हैं तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

### रूस ने 1,212 यूक्रेनी सैनिकों के शव लौटाए 27 शव प्राप्त किए

**मॉस्को।** रूस ने पूर्वी मोर्चे पर युद्ध के दौरान मारे गए 1,212 यूक्रेनी सैनिकों के शव बुधवार को लौटा दिए और बदले में यूक्रेन से 27 शव प्राप्त किए।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, इस्तांबुल समझौते के अनुसार सैनिकों के शवों को भेजना शुरू हो गया है। दो जून को इस्तांबुल में वार्ता के दौरान रूसी वार्ताकार मेडिंस्की ने बिना शर्त 6,000 शवों को यूक्रेन को सौंपने की पेशकश की थी और मारे गए रूसी सैनिकों के शव को स्वीकार करने के लिए तत्परता जताई थी। रूस और यूक्रेन ने इस्तांबुल में बनी सहमति के अनुसार 25 वर्ष से कम आयु के युद्धबंदियों के दो समूहों की अदला-बदली भी की है।

# शुल्क पर अनुकूल फैसला ट्रंप ने कहा- ये बड़ी जीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **नागरिकता संशोधन अधिनियम के प्रावधानों को दी थी चुनौती**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्यापक शुल्क नीति पर संघीय अपीलीय अदालत द्वारा दिए गए अनुकूल फैसले की सराहना करते हुए इसे देश की एक 'बड़ी' जीत करार दिया।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि मंगलवार रात अदालत के फैसले से सरकार को उसके व्यापक आयात शुल्क को वसूलने की अनुमति मिल गई, जबकि उनके द्वारा हस्ताक्षरित व्यापार नीति को चुनौती देने वाली अपील लंबित है। उन्होंने कहा, इसका अभिप्राय है कि अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए शुल्क का उपयोग कर सकता है। राष्ट्रपति ने लिखा, अमेरिका के लिए बड़ी और अहम जीत।

संघीय अपीलीय अदालत का यह फैसला 28 मई को एक अन्य संघीय अदालत के शुल्क रद्द करने के बाद दिए गए इसी तरह के निर्णय का विस्तार है, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप ने अधिकारों का अतिक्रमण किया है। अपीलीय अदालत ने कहा था कि ट्रंप द्वारा लागू शुल्क को चुनौती देने से असाधारण महत्व के मुद्दे उठते हैं और वह तेजी से सुनवाई के लिए 31 जुलाई को दलीलें सुनेगा। यह मामला 10 प्रतिशत शुल्क से संबंधित है जिसे रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने अप्रैल में लगभग हर दूसरे देश पर यह लगाया था।

### पाकिस्तान छोड़ें अफगान नागरिक और अवैध विदेशी

**पेशावर।** पाकिस्तान ने बुधवार को अफगान नागरिकों और सभी अवैध विदेशियों को स्वेच्छा से देश छोड़ने को कहा और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया में बाधा डालने वालों के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की।

गृह मंत्रालय की ओर से कहा गया, अपने देश लौटने वालों से सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। उनके भोजन और स्वास्थ्य की जरूरतों, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए व्यवस्था की गई है। इस साल की शुरुआत में, गृह मंत्रालय ने सभी अवैध विदेशियों और अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को 31 मार्च से पहले पाकिस्तान छोड़ने के लिए कहा था और चेतावनी दी कि अन्यथा उन्हें एक अप्रैल से निर्वासित किया जाएगा।

**संबोधन** ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वन तक संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर बीआर गवई का वक्तव्य

# स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है भारतीय संविधान : सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला**

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान को 'स्याही से उकेरी गई एक मौन क्रांति' और एक परिवर्तनकारी शक्ति बताया जो न केवल अधिकारों की गारंटी देती है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित लोगों का सक्रिय रूप से उत्थान करती है।

भारत के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन होने वाले दूसरे दलित और पहले बौद्ध न्यायमूर्ति गवई ने मंगलवार को लंदन (ब्रिटेन) स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वयन तकः संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर अपने संबोधन में हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला और इस बात को स्पष्ट करने के लिए अपना स्वयं का उदाहरण दिया। लंदन स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन एक संस्था है जहां लोग विभिन्न विषयों पर परिचर्चा करते हैं।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, कई दशक पहले, भारत के लाखों नागरिकों को 'अछूत' कहा जाता था। उन्हें बताया जाता था कि वे अशुद्ध हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपने लिए नहीं बोल सकते। लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका में सर्वोच्च पद धारक के रूप में खुलकर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान नागरिकों को बताता है कि वे अपने लिए बोल सकते हैं, समाज और सत्ता के हर क्षेत्र में उनका समान स्थान है।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''आज ऑक्सफोर्ड यूनियन में, मैं आपके सामने यह कहने के लिए खड़ा हूंः भारत के सबसे कमजोर नागरिकों के लिए, संविधान केवल एक कानूनी चार्टर या राजनीतिक ढांचा नहीं है। यह एक भावना है, एक जीवन रेखा है, स्याही से उकेरी गई एक मौन क्रांति है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कहा, नगरपालिका के स्कूल से लेकर भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद तक मेरी अपनी यात्रा में, यह एक मार्गदर्शक शक्ति रही है।'' डॉ. बी.आर. आंबेडकर की विरासत का जिक्र करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने जातिगत भेदभाव के अपने अनुभव को न्याय की वैश्विक समझ में बदल दिया।

#### सम्मान बहाली के लिए हस्तक्षेप का साहस करता है संविधान

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि भारत का संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो यह दिखावा नहीं करता कि सभी समान हैं, बल्कि सत्ता को पुन:संतुलित करने और सम्मान बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करने का साहस भी करता है। न्यायमूर्ति गवई ने नगरपालिका के एक स्कूल से लेकर देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक अपनी यात्रा का उल्लेख किया। संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ आंबेडकर की भूमिका पर भी रोशनी डाली। कहा, संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो जाति, गरीबी, बहिष्कार और अन्याय की क्रूर सच्चाइयों से नजर नहीं हटाता। इस बात का दिखावा नहीं करता कि गहरी असमानता से ग्रसित देश में सभी समान हैं। इसके बजाय, यह हस्तक्षेप करने, पटकथा को फिर से लिखने, सत्ता को पुन:संतुलित करने और गरिमा बहाल करने का साहस करता है।